वर्ष- 13 अंक - 122
लखनऊ, शुक्रवार 02 जनवरी, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार




samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com


मंडलायुक्त ने किया राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ 12

बिना मेहनत के सफलता संभव नहीं : आनंदीबेन 03


## -: सर्राफा बाजार :-

गोल्ड 24 कैरेट = 1,35,370/10 ग्राम
22 कैरेट = 1,24,100/10 ग्राम
18 कैरेट = 1,01,570/10 ग्राम
चांदी = 2,39,000/किग्रा



# स्विट्ज़रलैंड बार धमाके में 40 की मौत

- विस्फोट के वक्त बार में 150 से ज्यादा लोग थे मौजूद, 100 से ज्यादा लोग घायल
- पुलिस ने आतंकी हमला मानने से किया इनकार





**जिनेवा, एजेंसी।**

नए साल की खुशियों के बीच स्विट्ज़रलैंड से दर्दनाक खबर आई। एक स्विस बार में हुए जोरदार ब्लास्ट ने जश्न को मातम में बदल दिया। पुलिस ने घटना में 40 लोगों की मौत की पुष्टि की है, जबकि 100 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। हालांकि पुलिस ने इसे आतंकी हमला मानने से फिलहाल इनकार किया है।

नए साल के पहले दिन स्विट्ज़रलैंड में हुए ब्लास्ट पर पुलिस का बयान आया है। पुलिस के मुताबिक, इस ब्लास्ट में 40 लोगों की मौत हुई है और 100 से ज्यादा लोग घायल हैं। दूसरी तरफ किसी हमले या आतंकी धमाके के एंगल को नकारा भी गया है।

स्विट्ज़रलैंड पुलिस के मुताबिक, न्यू ईयर पर स्विस बार में हुई घटना में 40 लोगों की मौत हुई है। 100 से ज्यादा घायल हैं। लेकिन इसकी वजह बता पाना अभी जल्दबाजी होगी। लेकिन इसके पीछे हमले की बात को हम नकारते हैं। जिस बार में ये घटना हुई वह काफी आलीशान है। इसका नाम ले कॉन्स्टेलेशन बार एंड लाउंज है। ये क्रान्स-मोंटाना के शहर में स्थित है। स्विस अधिकारियों ने बताया कि इस घटना को आगजनी माना जा रहा है, न कि आतंकवादी हमला।

विस्फोट के वक्त बार में 150 से ज्यादा लोग मौजूद थे, यह विस्फोट बार के बेसमेंट में हुआ था। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब स्विट्ज़रलैंड असामान्य सूखे के दौर के बीच जंगल की आग से जूझ रहा है।

अधिकारी ने बताया है कि फिलहाल धमाके की वजह की जांच चल रही है। जांचकर्ता फिलहाल इस एंगल पर काम कर रहे हैं कि यह घटना आग लगने की वजह से हुई थी। अधिकारी इस बात पर जोर दे रहे हैं कि इस स्तर पर किसी भी हमले का कोई संकेत नहीं है।

फिलहाल पीड़ितों की पहचान करने और उनके शवों को जल्द उनके परिवारों को सौंपने की कोशिश जारी है। फिलहाल आसपास का इलाका सील है और वहां फोरेंसिक टीम अपना काम कर रही है।

## 'नया उ.प्र.' विकसित भारत की यात्रा में निभा रहा अहम भूमिका : योगी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में 'नया उत्तर प्रदेश' आज 'विकसित भारत' की विकास यात्रा में सहभागी बनकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक संदेश पोस्ट करते हुए कहा है कि प्रदेश में संचालित विकास एवं जन-कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से प्रदेशवासियों के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। गरीब, किसान, युवा और मातृशक्ति सहित समाज के प्रत्येक वर्ग तक योजनाओं का लाभ पारदर्शी, त्वरित और प्रभावी रूप से पहुंचाया जा रहा है। योगी ने कहा कि डबल इंजन सरकार की नीतियों का असर अब जमीनी स्तर पर साफ दिखाई दे रहा है। बुनियादी ढांचे के विकास, कानून-व्यवस्था में सुधार और रोजगार के नए अवसरों के सृजन से प्रदेश की तस्वीर तेजी से बदल रही है। मुख्यमंत्री ने पूर्ण विश्वास व्यक्त किया कि ईसवी सन् 2026 में डबल इंजन सरकार की विकासपरक नीतियों के बल पर उत्तर प्रदेश समृद्धि, सुशासन और सर्वांगीण प्रगति के नए कीर्तिमान स्थापित करेगा और देश की अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मप्र के इंदौर में दूषित पानी पीने से 14वीं मौत, 162 लोग अस्पतालों में भर्ती

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के इंदौर शहर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी पीने से बीमार होने वाले लोगों की संख्या के साथ ही मृतकों का आंकड़ा भी लगातार बढ़ता जा रहा है। गुरुवार को एक मरीज की मौत हो गई। इसके बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है। अब तक ऐसे 2456 मरीजों की पहचान की जा चुकी है, जिनमें से 162 मरीज अस्पताल में भर्ती हैं। इनमें से 26 मरीज जिंदगी और मौत के बीच आईसीयू में संघर्ष कर रहे हैं। आज सुबह मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सात मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये के चेक दिए।

### गांदरबल से दो आतंकी सहयोगी गिरफ्तार

**गांदरबल।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने गुरुवार को मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में देर शाम चलाए गए एक अभियान के दौरान दो आतंकी सहयोगियों को गिरफ्तार किया। इनके पास से 8.40 लाख रुपये, हथियार, गोला-बारूद और अन्य सामग्री बरामद की गई है। गांदरबल पुलिस ने जिले में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए जनता से राष्ट्रविरोधी या आपराधिक गतिविधियों से संबंधित किसी भी जानकारी को साझा करने और सहयोग करने की अपील की है।

### भारत-नेपाल सीमा पर तीन बांग्लादेशी समेत चार संदिग्ध गिरफ्तार

**मोतिहारी।** बिहार में पूर्वी चंपारण जिले के रक्सौल स्थित भारत-नेपाल सीमा पर सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। इनमें तीन बांग्लादेशी नागरिक है। जबकि चौथा युवक इनके सहयोगी भारतीय नागरिक है। जो उन्हें सीमा पार कराने में मदद कर रहा था। एसएसबी के अधिकारियो के अनुसार गुप्त सूचना मिली थी, कि भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में कुछ संदिग्ध लोग मौजूद है, जो सीमा पार करने के फिराक में है। सूचना के आलोक में एसएसबी के जवानों ने संभावित इलाकों की घेराबंदी करते हुए इन चारों संदिग्धों को हिरासत में ले लिया, और पूछताछ शुरू की गई तो यह सामने आया कि पकड़े गए चार में से तीन बांग्लादेशी नागरिक हैं, जबकि एक भारतीय युवक है। सुरक्षा एजेंसी इनसे गहन पूछताछ कर उनके अवैध तरीके सीमा पार करने के उद्देश्य के संदर्भ जानकारी जुटाने में लगी है।

### पहलगाम हमले में फंसाने के नाम पर 28 लाख की ठगी

**वाराणसी।** वाराणसी में बड़ागांव थाना क्षेत्र में साइबर ठगों ने एक व्यक्ति को आतंकी हमले में फंसाने की बात कहकर कई दिनों तक डिजिटल अरेस्ट में रखा और 28 लाख रुपये ठग लिए। विरापट्टी निवासी रामजनम प्रसाद ने साइबर थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई है। छह दिसंबर को पीड़ित के मोबाइल पर कॉल आया और कॉल करने वाले ने खुद को एटीएस लखनऊ का अधिकारी बताया। उसने कहा कि पहलगाम हमले में पीड़ित का नाम जुड़ा हुआ पाया गया है। फिर ठगों ने वॉट्सएप कॉल पर लंबी बातचीत कर पीड़ित को अपने जाल में फंसा लिया। यह सिलसिला धीरे-धीरे कई दिनों तक चलता रहा। 15 दिसंबर और 24 दिसंबर के बीच ठगों ने 28 लाख रुपये की साइबर ठगी को अंजाम दे दिया। साथ ही पीड़ित को चेतावनी दी कि पैसों की बात किसी से न कहें, वरना फोर्स उठा ले जाएगी। बाद में पीड़ित को पता चला कि वर्दी में दिख रहे लोग साइबर ठग थे। पीड़ित इतने डरे-सहमे थे कि उन्होंने पूरा घटनाक्रम परिजनों से भी छिपाया। बातचीत के दौरान कमरा बंद कर लेते थे और परिजनों के पूछने पर टाल देते थे। साइबर क्राइम थाना प्रभारी गोपाल जी कुशवाहा ने बताया कि इस तरह की घटनाओं में पीड़ित इतना डर जाता है कि वह कुछ बताना भी नहीं चाहता। धीरे-धीरे स्थिति सामान्य होने पर बात सामने आती है।

## डीआरडीओ सुदर्शन चक्र प्रणाली के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा : राजनाथ



**एजेंसी, नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित हथियार प्रणालियों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान निर्णायक भूमिका निभाई जो राष्ट्रीय हितों की रक्षा के प्रति संगठन की पेशेवर क्षमता और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। श्री सिंह ने गुरुवार को यहां डीआरडीओ मुख्यालय में 68वें स्थापना दिवस के अवसर पर अपने संबोधन में सशस्त्र बलों को अत्याधुनिक तकनीक और उपकरणों से लैस कर भारत की स्वदेशी क्षमताओं को मजबूत करने के लिए संगठन की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन के दौरान डीआरडीओ के उपकरणों ने निर्बाध रूप से कार्य किया जिससे सैनिकों का मनोबल बढ़ा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि डीआरडीओ सुदर्शन चक्र प्रणाली के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस पहल के तहत डीआरडीओ को अगले एक दशक में देश के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की पूर्ण हवाई सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वायु रक्षा प्रणाली से सुसज्जित करने की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान वायु रक्षा प्रणाली के महत्व को हमने देखा है। मुझे विश्वास है कि डीआरडीओ इस लक्ष्य को शीघ्र प्राप्त करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेगा। श्री सिंह ने निजी क्षेत्र के साथ डीआरडीओ के सहयोग का उल्लेख करते हुए कहा कि उद्योग, शिक्षाजगत और स्टार्ट-अप के साथ बढ़ती सहभागिता से एक समन्वित रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण हुआ है। उन्होंने कहा कि डीआरडीओ ने अपनी प्रणालियों, प्रक्रियाओं और कार्यशैली में निरंतर सुधार किया है। खरीद प्रक्रिया से लेकर परियोजना प्रबंधन तक, उद्योग के साथ जुड़ाव से लेकर स्टार्ट-अप के साथ सहयोग तक, कार्य को सरल, तेज और अधिक विश्वसनीय बनाने के स्पष्ट प्रयास दिखाई देते हैं। रक्षा मंत्री ने डीआरडीओ का आह्वान किया कि वह तेजी से विकसित हो रहे प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढे और बदलते समय के अनुरूप उत्पाद विकसित करे।


## पीएम मोदी ने देशवासियों को दी नव वर्ष 2026 की शुभकामनाएं

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को देशवासियों को ग्रीगेरियन नववर्ष 2026 की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर दो अलग-अलग पोस्ट कर लोगों को नए साल का संदेश दिया और संस्कृत में सुभाषित भी साझा किया।

प्रधानमंत्री ने अपने एक्स पोस्ट में कहा कि साल 2026 सभी के लिए शानदार रहे। यह साल अच्छी सेहत, खुशहाली और हर कोशिश में सफलता लेकर आए। समाज में शांति और खुशी बनी रहे, यही प्रार्थना है।

दूसरे पोस्ट में उन्होंने कहा कि नया साल लोगों के जीवन में नई उम्मीद, नया आत्मविश्वास और आगे बढ़ने की प्रेरणा लेकर आए। इसी संदेश के साथ उन्होंने संस्कृत का यह सुभाषित लिखा- ज्ञानं विरक्तिरैश्वर्यं शौर्यं तेजो बलं स्मृतिः।



स्वातन्त्र्यं कौशलं कान्तिर्धैर्यं मार्दवमेव च॥

प्रधानमंत्री के इस सुभाषित का अर्थ जीवन का असली लक्ष्य ऐसे गुणों से लैस होना है जैसे ज्ञान, बहादुरी, धैर्य, कौशल, ताकत, स्वतंत्र सोच और कोमल स्वभाव। उनका कहना है कि यही गुण इंसान को आगे बढ़ाते हैं और समाज को भी मजबूत बनाते हैं।

## वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर सात प्रतिशत महंगा

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

तेल विपणन कंपनियों ने नये साल पर वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में करीब सात प्रतिशत की भारी-भरकम बढ़ोतरी की है जबकि घरेलू सिलेंडर के दाम में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली में गुरुवार से 19 किलोग्राम वाला वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर 1,691.50 रुपये का हो गया है। यह जून 2025 के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है।

दिसंबर में इसकी कीमत 1580.50 रुपये थी। इस प्रकार इसकी कीमत 111 रुपये (7.02 प्रतिशत) बढ़ी है। इससे पहले दिसंबर में यह 10 रुपये और नवंबर में पांच रुपये सस्ता हुआ था।



- नए साल की शुरुआत मंहगाई के साथ, 111 रुपये महंगा हो गया कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर

वाणिज्यिक गैस सिलेंडर का उपयोग होटल, रेस्त्रां, ढाबों समेत सभी गैर-घरेलू उद्देश्यों के लिए होता है।

देश के अन्य मेट्रो शहरों में भी कीमतों में लगभग इतनी ही बढ़ोतरी की गयी है। कोलकाता और मुंबई में इसके दाम 111 रुपये बढ़े हैं। अब कोलकाता में नयी कीमत 1,795 रुपये और मुंबई में 1,642.50 रुपये हो गयी है। चेन्नई में वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर 110 रुपये महंगा होकर आज से 1,849.50 रुपये का मिलेगा।

वहीं, 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 08 अप्रैल 2025 के बाद से कोई बदलाव नहीं किया गया है। दिल्ली में इसकी कीमत 853 रुपये, कोलकाता में 879 रुपये, मुंबई में 852.50 रुपये और चेन्नई में 868.50 रुपये पर स्थिर है।

तेल विपणन कंपनियां रसोई गैस की कीमतों की हर महीने समीक्षा करती हैं। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में कीमतों में बदलाव और डॉलर की तुलना में रुपये की विनिमय दर के आधार पर आम तौर पर हर महीने की पहली तारीख से नयी कीमतें तय की जाती हैं।

## भारत-पाकिस्तान ने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का किया आदान-प्रदान

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान ने गुरुवार को अपने-अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का आदान-प्रदान किया। विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनों देशों के बीच सूचियों का आदान-प्रदान नई दिल्ली और इस्लामाबाद में कूटनीतिक माध्यमों से किया गया। इस सूची में भारत-पाकिस्तान के बीच परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमले के निषेध संबंधी समझौते के अंतर्गत शामिल प्रतिष्ठानों को शामिल किया जाता है। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद दोनों देशों ने पहली बार परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची साझा की है। दोनों देशों ने 31 दिसंबर 1988 को इस समझौते पर हस्ताक्षर किये थे और यह 27 जनवरी 1991 से लागू है। इसके अंतर्गत यह प्रावधान है कि भारत और पाकिस्तान प्रत्येक कैलेंडर वर्ष की पहली जनवरी को एक-दूसरे को उन परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं की जानकारी देंगे जो इस समझौते के अंतर्गत आती हैं।

# घर के नक्शे के लिए नहीं काटने होंगे दफ्तर के चक्कर, खुद करें पास

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

नए साल के मौके पर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने प्रदेशवासियों को एक बहुत बड़ा तोहफा दिया है। अगर घर या दुकान बनाने का सपना देख रहे हैं, तो विकास प्राधिकरण के दफ्तरों की लंबी कतारों और बाबूगिरी से मुक्ति मिल गई है।

सरकार ने ऐसा नया सॉफ्टवेयर लॉन्च किया है, जिसके जरिए अब भूखंड स्वामी खुद ही मकान और दुकान का नक्शा पास कर सकेंगे।इस नई और आधुनिक व्यवस्था के तहत लोगों को बस ऑनलाइन आवेदन करना होगा और कुछ ही मिनटों के भीतर उनका मानचित्र मैप स्वीकृत होकर उनके हाथ में होगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने नए बिल्डिंग बायलॉज के तहत इस फास्ट ट्रैक सिस्टम को फास्टपास नाम दिया है, जिससे शहर के लोगों को बड़ी राहत मिलने वाली है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के अनुसार फास्टपास प्रणाली का लाभ उन लोगों को मिलेगा जो छोटे आवासीय या व्यावसायिक निर्माण करना चाहते हैं। सिस्टम के अंतर्गत 100 वर्गमीटर तक के आवासीय भूखंड और 30 वर्गमीटर तक के व्यावसायिक भवनों का नक्शा मालिक खुद ही अप्रूव कर सकेंगे। बिचौलिए की जरूरत नहीं पड़ेगी। बस सरकारी पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। यह पूरी व्यवस्था डिजिटल और पारदर्शी बनाई गई है ताकि भ्रष्टाचार की गुंजाइश न रहे। इस सुविधा का लाभ उठाने की प्रक्रिया बेहद सरल है। उपाध्यक्ष ने जानकारी दी कि सबसे पहले आवेदक को पोर्टल पर जाकर अपना नाम और मोबाइल नंबर रजिस्टर करना होगा। रजिस्ट्रेशन सफल होने के बाद एक लॉगिन आईडी और पासवर्ड जनरेट होगा। आईडी की मदद से आवेदक अपने भवन का प्रस्तावित नक्शा वेबसाइट पर अपलोड कर सकेंगे। नक्शे के लिए जो भी सरकारी शुल्क बनता है, उसका भुगतान भी पोर्टल पर ही ऑनलाइन किया जा सकेगा। नक्शा खुद पास करने की सुविधा के साथ कुछ शर्तें भी जुड़ी हैं।

आवेदन करते समय सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा कि संबंधित जमीन का लैंड यूज मास्टर प्लान के हिसाब से ही हो। आवेदक को पोर्टल पर भूखंड की सटीक लोकेशन, आसपास की सड़कों की चौड़ाई, बिल्डिंग की ऊंचाई, कवर्ड एरिया और पार्किंग जैसी जानकारियां सही-सही भरनी होंगी। जैसे ही आप सारा विवरण और नक्शा पोर्टल पर सबमिट करेंगे, सिस्टम तुरंत उसे प्रोसेस करेगा और चंद मिनटों में आपको स्वतः प्रमाणित नक्शा और सर्टिफिकेट प्राप्त हो जाएगा।

## पाकिस्तानी एयर बेस पर बमबारी करने वाले एयर मार्शल नागेश कपूर बने देश के 50वें वायु सेना उप प्रमुख



**एजेंसी, नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी एयर बेस पर बमबारी करने वाले एयर मार्शल नागेश कपूर को वायु सेना का नया उप प्रमुख नियुक्त किया गया है। अभी तक दक्षिण पश्चिमी वायु कमान का नेतृत्व करने वाले इस अधिकारी ने गुरुवार को एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी की जगह पदभार संभाल लिया है। उन्होंने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी और बाद में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।


एयर मार्शल नागेश कपूर ने दक्षिण पश्चिमी वायु कमान उस समय संभाली थी, जब भारतीय वायु सेना ने पिछले साल 6-10 मई के बीच हुए ऑपरेशन में पाकिस्तानी एयर बेस पर कई हमले किए थे, जिससे उन्हें भारी नुकसान हुआ था। एयर मार्शल कपूर को 06 दिसंबर 1986 को वायु सेना की फाइटर स्ट्रीम में कमीशन किया गया था।

## पान मसाले पर उपकर व तंबाकू उत्पादों पर जीएसटी की अधिसूचना जारी, एक फरवरी से लागू

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

सरकार ने स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर अधिनियम, 2025 को आगामी 01 फरवरी से लागू करने और तंबाकू उत्पादों पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की नयी दरें तय करने संबंधी अधिसूचनायें जारी कर दी हैं।

ये अधिसूचनाएं बुधवार देर रात जारी की गयीं। संसद के शीतकालीन सत्र में उपकर से संबंधित विधेयक पारित किया गया था। अधिनियम में सामान बनाने या बनाने के लिए लगाई गई मशीनरी या की जाने वाली प्रक्रिया पर उपकर लगाने का प्रस्ताव है। इस उपकर से होने वाली कमाई केंद्र के समेकित कोष (कंसोलिडेटेड फंड) में जायेगी और सरकार को राष्ट्रीय सुरक्षा तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़े खर्चों को पूरा करने में मदद करेगी। शुरुआत में इसे पान मसाले पर लागू किया गया है हालांकि अगर जरूरी हुआ तो सरकार दूसरे सामानों पर भी उपकर



लगाने के लिए अधिसूचित कर सकती है। वित्त मंत्रालय इससे संबंधित नियम के लिए भी अधिसूचना जारी की है। एक अन्य अधिसूचना के अनुसार, 01 फरवरी से बीड़ी पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाया जायेगा। पान मसाला, गैर-विनिर्मित तंबाकू और उसके अपशिष्ट, तंबाकू या तंबाकू के विकल्प से बनी सिगरेट, चेरूट, सिगारिलो और सिगार, अन्य विनिर्मित तंबाकू और तंबाकू के विकल्प, बिना दहन के उपभोग के लिए बने तंबाकू उत्पाद, और तंबाकू तथा निकोटीन के विकल्प से बने बिना दहन के उपभोग के लिए बने तंबाकू उत्पादों पर 40 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। जीएसटी परिषद की अनुशंसा पर नयी दरों के लिए अधिसूचना जारी की गयी है।

# डिजिटल भुगतान में भारत की बड़ी छलांग

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

देश में ऑनलाइन लेनदेन में दिन-ब-दिन इजाफा हो रहा है। बीते साल 2025 के दिसंबर महीने में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) से होने वाले ट्रांजेक्शन में तेज बढ़ोतरी देखने को मिली है। दिसंबर महीने में यूपीआई ने 27.97 लाख करोड़ रुपये के 21.63 अरब ट्रांजेक्शन का रिकॉर्ड बनाया है।

नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने गुरुवार को जारी आंकड़ों में बताया कि दिसंबर में यूपीआई के जरिए 21.63 अरब ट्रांजेक्शन हुए हैं, जो पिछले साल की तुलना में 29 फीसदी ज्यादा है। वहीं, ट्रांजेक्शन की कुल राशि भी 20 फीसदी बढ़कर 27.97 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई है। आंकड़ों के मुताबिक महीने के हिसाब से यूपीआई





- दिसंबर में यूपीआई ट्रांजेक्शन में 29 फीसदी की तेज बढ़ोतरी

ट्रांजेक्शन की संख्या और रकम में अच्छी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। दिसंबर में रोजाना औसतन 90,217 करोड़ रुपये का ट्रांजेक्शन हुआ है, जबकि नवंबर में यह आंकड़ा 87,721 करोड़ रुपये था। दिसंबर में रोजाना औसतन 698 मिलियन (करीब 69.8 करोड़) यूपीआई ट्रांजेक्शन हुए हैं, जो नवंबर के 682 मिलियन से ज्यादा हैं। नवंबर में यूपीआई ट्रांजेक्शन की संख्या 20.47 अरब रही थी, जो सालाना आधार पर 32 फीसदी की बढ़त हुई थी। उस महीने लेन-देन की कुल राशि 26.32 लाख करोड़ रुपये रही थी, जिसमें 22 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज हुई थी। इसी दौरान इंस्टेंट मनी ट्रांसफर सिस्टम (आईएमपीएस) के जरिए दिसंबर में कुल 6.62 लाख करोड़ रुपये का लेन-देन हुआ। यह पिछले साल की तुलना में 10 फीसदी ज्यादा है और नवंबर के 6.15 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक है। इसके अलावा आईएमपीएस के जरिए दिसंबर में 380 मिलियन ट्रांजेक्शन हुए, जबकि नवंबर में यह संख्या 369 मिलियन थी। वहीं, रोजाना आईएमपीएस से होने वाला ट्रांजेक्शन 21,269 करोड़ रुपये रहा है, जो नवंबर में 20,506 करोड़ रुपये था।

**सहूलियत** — नई कॉस्ट डाटा बुक जारी, उपभोक्ताओं को कई राहत

# यूपी में नए साल में नया बिजली कनेक्शन हुआ सस्ता

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश में अब नया बिजली कनेक्शन लेना पहले से सस्ता हो गया है। इस निर्णय से स्मार्ट प्रीपेड मीटर सिंगल फेस की कीमत 6016 रुपये की जगह 2800 रुपये हो गई है, जबकि थ्री फेस स्मार्ट प्रीपेड की कीमत 11342 की जगह 4100 रुपये कर दी गई है। इसके अलावा इस्टीमेट व्यवस्था समाप्त हो गई है और फिक्स चार्ज के जरिए कनेक्शन मिलेगा। इसके साथ ही 40 मीटर तक कनेक्शन देने की पुरानी व्यवस्था भी पुराने दिनों की बात हो जाएगी।

उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को नए कनेक्शन के मामले में बड़ी राहत देते हुए नई कॉस्ट डाटा बुक जारी की है। गुरुवार को नियामक आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार एवं सदस्य संजय कुमार सिंह ने नई कॉस्ट डाटा बुक जारी की। अब नया बिजली कनेक्शन लेने में आसानी रहेगी। जैसे अब 150 किलोवाट तक के कॉमर्शियल कनेक्शन के लिए अब 300 मीटर की दूरी तक किसी प्रकार का एस्टीमेट नहीं बनेगा। इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कोड रिव्यू पैनल की सब-कमेटी की बैठक में यह निर्णय लिए गए हैं।

स्मार्ट प्रीपेड मीटर की कीमतों में कटौती नई कॉस्ट डाटा बुक में उत्तर प्रदेश विद्युत आयोग के कई प्रस्तावों को अस्वीकार कर दिया गया है।

खासतौर पर स्मार्ट प्रीपेड मीटर की लागत को 8000 रुपये से अधिक रखने के प्रस्ताव को आयोग ने मंजूरी नहीं किया। इतना ही नहीं उत्तर प्रदेश उपभोक्ता परिषद की मांग स्वीकार करते हुए सिंगल फेस स्मार्ट प्रीपेड मीटर 2800 रुपये , थ्री फेस स्मार्ट प्रीपेड मीटर 4100 रुपये तय कर दी, जबकि इससे पहले विद्युत आयोग द्वारा सिंगल फेस मीटर के लिए 6016 रुपये और थ्री फेस मीटर के लिए



11342 रुपये थी।

अतिरिक्त वसूली गई राशि लौटानी होगी9 सितंबर 2025 से नए विद्युत कनेक्शन पर स्मार्ट प्रीपेड मीटर अनिवार्य कर विद्युत आयोग अधिक राशि वसूल रहा था। नई व्यवस्था लागू होने के बाद अब पूरे प्रदेश के उपभोक्ताओं से की गई लगभग 100 करोड़ रुपये से अधिक की अतिरिक्त वसूली विद्युत आयोग को वापस करनी होगी।

कंज्यूमर राइट्स रूल 2020 की धारा 4 (उपधारा 13) के तहत कॉस्ट डाटा बुक को नए स्वरूप में अंतिम रूप दिया गया है। इससे बिजली कनेक्शन से जुड़ा एस्टीमेट सिस्टम खत्म होगा। नई व्यवस्था में प्रोसेसिंग फीस, सिक्योरिटी राशि, मीटरिंग चार्ज सहित सभी शुल्क एकमुश्त तय कर दिए गए हैं। उपभोक्ता को केवल निर्धारित राशि जमा करनी होगी, शेष सभी तकनीकी व्यवस्थाएं विद्युत विभाग स्वयं करेगा। 150 किलोवाट तक, 300 मीटर तक बिना झंझट कनेक्शननई कॉस्ट डाटा बुक के तहत 150 किलोवाट तक के कनेक्शन के लिए ट्रांसफार्मर, पोल या कंडक्टर जैसी तकनीकी व्यवस्थाओं की चिंता उपभोक्ता को नहीं करनी होगी। विभाग को 300 मीटर की दूरी तक सभी आवश्यक व्यवस्थाएं खुद करनी होंगी। कनेक्शन दूरी को तीन श्रेणियों में बांटा गया है। इनमें 0 से 100 मीटर, 101 से 300 मीटर और 301 मीटर से अधिक (अलग से एस्टीमेट) शामिल हैं।

# सड़क सुरक्षा माह-2026 का डीएम ने किया शुभारंभ

**जागरूकता कार्यक्रम 01 जनवरी से 31 जनवरी, 2026 तक जनपद में किया जायेगा संचालित: एआरटीओ प्रशासन**

गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।



कलेक्ट्रेट परिसर, गोण्डा से जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने सड़क सुरक्षा माह-2026 के अंतर्गत सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने हेतु प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। यह जागरूकता अभियान 01 जनवरी, 2026 से 31 जनवरी, 2026 तक जनपद में संचालित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य आमजन को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सड़क सुरक्षा नियमों का पालन अत्यंत आवश्यक है। हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, नशे की हालत में वाहन न चलाना तथा यातायात संकेतों का सम्मान करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। जागरूकता के माध्यम से ही हम सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित कर सकते हैं।

जागरूकता प्रचार वाहन के माध्यम से जनपद के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर सड़क सुरक्षा से संबंधित संदेशों, पोस्टरों, बैनरों तथा ध्वनि प्रचार के जरिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने, पैदल यात्रियों को निर्धारित स्थानों से सड़क पार करने तथा अभिभावकों को नाबालिगों को वाहन न देने के लिए प्रेरित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान एआरटीओ प्रशासन श्री आर.सी. भारतीय ने सड़क सुरक्षा माह की रूपरेखा की जानकारी देते हुए बताया कि इस अवधि में विभिन्न विभागों के समन्वय से विद्यालयों, महाविद्यालयों, सार्वजनिक स्थलों तथा प्रमुख चौराहों पर जागरूकता कार्यक्रम, गोष्ठियां एवं यातायात नियमों की जानकारी देने वाली गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। साथ ही यातायात नियमों के उल्लंघन पर नियमानुसार कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर परिवहन विभाग, पुलिस विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य जनपद में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम कर सुरक्षित, अनुशासित एवं जिम्मेदार यातायात व्यवस्था को बढ़ावा देना है। प्रशासन ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे सड़क सुरक्षा माह के दौरान और उसके बाद भी यातायात नियमों का पालन कर स्वयं एवं दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

# सटरिंग लगाते समय तार छूने से मिस्त्री की मौत



गोंडा,समृद्धि न्यूज़।

नगर कोतवाली क्षेत्र के उकरा ग्राम पंचायत में दूसरी मंजिल पर छत की ढलाई के लिए सटरिंग लगाते समय बृहस्पतिवार की सुबह सटरिंग मिस्त्री 35 वर्षीय इंद्र देव की हाई बोल्टेज तार का छूने से झुलस गया। मरणासन्न हालत में उस को इलाज के लिए मेडिकल कालेज लाया गया।चिकित्सक ने देखने के बाद मृत्यु घोषित कर दिया। इटिया थोक थाना क्षेत्र के लोहारन पुरवा बेलवा बहुत गांव के निवासी सटरिंग मिस्त्री इंद्र देव पुत्र पट्टर नगर कोतवाली क्षेत्र के उकरा ग्राम में बृहस्पतिवार की सुबह छत की ढलाई के लिए दूसरी मंजिल पर सटरिंग लगा रहा था। उस के ऊपर 11हजार बोल्टेज का तार गया हुआ है। उसी तार में अचानक छू गया। जिस से झुलस गया। इलाज के लिए मेडिकल कालेज लाते समय रास्ते में मौत हो गई। शव को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है । मृतक के चचेरा भाई कर्ता राम सोनकर ने बताया कि उसका भाई पेशकर मिश्रा जो सटरिंग लगाने का ठेका लेता है। उसी के अंडर में पांच साल से काम करता था। चार दिनों से उकरा ग्राम में दूसरी मंजिल पर सटरिंग लगा रहा था।तभी अचानक करंट लगने से मौत हो गई। मृतक इंद्रदेव अपने घर का अकेला था। उस के चार बच्चे है। सब से बड़ा पुत्र शंकर पुत्री मांनसी शालू और सब से छोटा पुत्र मोहित है।

**चार बच्चों के सिर से उठा पिता का साया**

मृतक इंद्र देव अपने घर का अकेला था। उस के चार बच्चे शंकर मानसी शालू और मोहित है। मृतक की पत्नी श्री देवी ने बताया कि उस के पति काफी दिनों से सटरिंग का काम करते थे। पांच साल से पेशकर मिश्रा ठेकेदार के अंडर में काम करते थे। मृतक के मृत्यु से उस के बच्चों के सर से पिता का साया उठ गया।

# उपनिरीक्षक को एसपी ने स्टार व बैच लगाकर किया उत्साहवर्धन



बहराइच,समृद्धि न्यूज़।

उत्तर प्रदेश पुलिस लिपिक, लेखा एवं गोपनीय सहायक सेवा नियमावली-2015 में निहित निर्देशों के अन्तर्गत पात्र एवं उपयुक्तों को ज्येष्ठता के आधार पर प्राधिकृत बोर्ड द्वारा पदोन्नति देते हुये जनपद में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रधान लिपिक के पद पर नियुक्त उपनिरीक्षक(लिपिक) पंकज कुमार चौबे को निरीक्षक(लिपिक) के पद पर पदोन्नत किया गया । इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने स्टार व बैच लगाकर उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी गई तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी । इस अवसर पर उन्हें अपर पुलिस अधीक्षक नगर अशोक कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी, क्षेत्राधिकारी नगर नारायण दत्त मिश्रा के साथ-साथ पुलिस कार्यालय में नियुक्त अन्य अधिकारी/कर्मचारी द्वारा शुभकामनाएं दी गईं ।

# नये वर्ष के उत्सव पर मंदिरों में दिखी भारी भीड़



गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।

नए वर्ष का उत्सव लोगो ने अपने अपने हिसाब से मना कर एक दूसरे को बधाई दिया। मंदिरों में भक्तों की भीड़ काफी दिखाई पड़ी। शहर में चारो तरफ जश्न का माहौल दिखाई पड़ा। नए वर्ष की सुबह पर माली के दुकानों पर फूल बुके खरीदने वालो की भीड़ जुटी रही। लोग फूल के बने बुके दे कर एक दूसरे को बधाई देते रहे। रात्रि के 12 बजते ही वर्ष 2026 की अगवाई में युवकों ने पटाके जला कर जश्न मनाया।देर रात्रि तक युवकों की भीड़ रेस्टोरेंट में जमी रही। नए वर्ष केपहले दिन सरकारी कार्यालय में कर्मचारियों ने एक दूसरे को मिल कर बधाई दी। विकास भवन में नए वर्ष पर अधिकारियों के स्वागत के लिए लोगो की भीड़ जुटी रहे। जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला विकास अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को मिलने वाले लोग बुके देकर बधाई दिया। नए वर्ष पर शहर के दुख हरण नाथ मंदिर पर लोगो की भारी भीड़ दिखाई पड़ी।लोगो ने भगवान शिव शंकर के लिंग पर जलाभिषेक कर के सुख समृद्धि की कमाना किया। हनुमान गाड़ी में लोगो ने प्रसाद चढ़ा कर बजरंग बली से पूरे साल सुख समृद्धि की कमाना किया। नए वर्ष पर युवती और युवकों में गजब का माहौल दिखाई पड़ रह था। नव युवकों की भीड़ रेस्टोरेंट और मिठाई की दुकान पर दिखाई पड़ी। दिन भर लोग वाट्सअप मैसेज एक दूसरे को भेजते हुए दिखाई पड़ रहे थे। एक दूसरे के साथ सेल्फी लेने वालो की भी भीड़ खूब दिखाई पड़ी।

# पुलिस ने भटके हुए बालक को सकुशल परिजनों से मिलाया



गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।

दिनांक 31.12.2025 को कस्बा कटरा बाजार में भ्रमण के दौरान मिशन शक्ति टीम को लगभग 12 वर्ष का एक बालक अकेला रोते हुए मिला। पूछताछ करने पर बालक अपना नाम राज और माता - पिता का नाम बताया, परंतु पते की जानकारी नहीं दे सका। मिशन शक्ति टीम द्वारा बालक को थाना लाकर सुरक्षित रखा गया तथा उसकी फोटो विभिन्न सोशल मीडिया माध्यमों से प्रसारित की गई। सूचना मिलने पर बालक के परिजन थाना उपस्थित हुए, जिन्होंने बालक की पहचान की। आवश्यक दस्तावेजों एवं पहचान की पुष्टि उपरांत, दिनांक 01.01.2026 को बालक को उसके माता पिता को नियमानुसार सुपुर्द किया गया। बालक के परिजनों द्वारा पुलिस के इस मानवीय कार्य की भूरी-भूरी प्रशंसा की गई।

# अपात्र विकलांग को दिया आवास, डीएम से की शिकायत

**डीएम से शिकायत कर के जांच कराने की मांग की**

गोंडा,समृद्धि न्यूज़।

परस पुर विकास खंड के दुरगोड़वा गांव के निवासी बृज राज चौबे पुत्र काली प्रसाद चौबे ने जिलाधिकारी से शिकायत किया है कि ब्लॉक के कर्मचारियों की मिलीभगत से 40 विकलांग को आवास दिया गया है जो अपात्र है। उन का नाम सूची में शामिल किया गया है। इसी तरह गांव के 18 लोगों को निराश्रित श्रेणी में शामिल कर के उन को आवास दिया गया है। वह खुद विकलांग है इस के बाद भी उस को आवास नहीं दिया गया। जिलाधिकारी से शिकायत कर के जांच कराने की मांग किया है।

# ई-रिक्शा को ट्रैक्टर-ट्रॉली ने मारी टक्कर,दो की मौत

बहराइच,समृद्धि न्यूज़।



जिले के रामगांव थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह करीब 10 बजे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। इस हादसे में ई-रिक्शा पर सवार दो सगे साढ़ू की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में ले लिया है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार, खैरा धौकल ग्राम निवासी मुन्ना लाल अपने साढ़ू शत्रोहन के साथ अपने बीमार ससुर खेलावन को ई-रिक्शा से इलाज के लिए ईंटहा ले जा रहे थे।

वे सभी एक ही परिवार के सदस्य थे। सुबह लगभग 10 बजे, जब वे रामगांव थाना क्षेत्र में मुसल्लमपुर ग्राम पंचायत के दरहिया पुरवा के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनके ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में मुन्ना लाल की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, शत्रोहन और खेलावन गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर रामगांव पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र महसी पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद शत्रोहन को भी मृत घोषित कर दिया। घायल खेलावन का इलाज जारी है। रामगांव थाना प्रभारी गुरुसेन ने बताया कि सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हुई है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया है और आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# इमरजेंसी सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए दस पीआरवी वाहन आवंटित



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा नागरिकों को त्वरित इमरजेंसी सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से गुरुवार को नववर्ष के अवसर पर पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने विभिन्न पुलिस थानों को आवंटित किए गए 10 आधुनिक पुलिस रिस्पॉन्स वाहन (पीआरवी) को पुलिस लाइन से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह कदम जनपद की सुरक्षा व्यवस्था को नई गति प्रदान करेगा और अपराधों पर अंकुश लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। जीपीएस सिस्टम से लैस यह वाहन जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों थाना कोतवाली नगर, थाना कोतवाली देहात, थाना रिसिया, थाना फखरपुर, थाना कोतवाली नानपारा, थाना खैरीघाट, थाना हरदी, थाना मोतीपुर, थाना जरवल रोड, थाना रामगांव में तैनात किए जा रहे हैं, जो 112 इमरजेंसी हेल्पलाइन पर प्राप्त कॉल्स पर मात्र कुछ मिनटों में घटनास्थल पर पहुंचेंगे। विशेष रूप से ग्रामीण एवं संवेदनशील क्षेत्रों में यह व्यवस्था महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों तथा यात्रियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करेगी। दुर्घटना, चोरी, छेड़छाड़ जैसी घटनाओं में तत्काल सहायता उपलब्ध होगी, जिससे जनता का पुलिस पर विश्वास और मजबूत होगा। पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने बताया कि पीआरवी वाहनों की तैनाती से हमारा लक्ष्य है कि कोई भी इमरजेंसी कॉल अनुत्तरित न रहे।

# इशरत महमूद खान क्रिकेट क्लब ने जीता टूर्नामेंट

**सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए बने मैन ऑफ द टूर्नामेंट सम्राट तिवारी**

बहराइच,समृद्धि न्यूज़।



जिला क्रिकेट एसोसिएशन बहराइच के तत्वावधान में आयोजित राम प्यारे शिव शंकर क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला राम प्यारे शिव शंकर इंटर कॉलेज शिवपुर के मैदान पर खेला गया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक नानपारा राम निवास वर्मा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव इशरत महमूद खान रहे। गुरुवार के दिन इशरत महमूद खान क्रिकेट क्लब और पायनियर क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर इशरत महमूद खान क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया, पहले बल्लेबाजी करने उतरी इशरत महमूद खान क्रिकेट क्लब ने निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट पर 172 रन बनाए जिसमें सलमान अली ने 95 रनों का योगदान दिया वहीं पायनियर क्रिकेट क्लब की ओर से वीरेंद्र ने 2 विकेट लिया वहीं जवाब में उतरी पायनियर क्रिकेट क्लब ने मात्र 17.5 ओवर में 10 विकेट पर 105 रन ही बना और इशरत महमूद खान क्रिकेट क्लब ने 50 रन से जीता दर्ज की, टीम की ओर से शाद अहमद ने सर्वाधिक 44 रन बनाए वहीं इशरत महमूद खान क्रिकेट क्लब की ओर से शुलभ कुमार गौड़ ने 4 विकेट लिए। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सलमान अली को मैन ऑफ द मैच दिया गया निर्णायक की भूमिका में अकील अहमद व आतिफ खान रहे तथा मैच का आंखों देखा हाल आदिल जमीर ने सुनाया।मैदान पर राशिद हुसैन खान,जुबेर फारूकी, गौतम गुजराती, अनीत बाजपेई, चंदन,सुखदेव गुप्ता ,वारिस अली, अनुराग मणि मिश्रा और तमाम क्रिकेट समर्थक मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर, दो घायल, एक गंभीर



बहराइच,समृद्धि न्यूज़।

**पिता के तीजे के लिए पंडित बुलाने जा रहे थे युवक**

जिले के रामगांव इलाके में एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा है।घायलों की पहचान राघवजोत ग्राम निवासी अनुपम और उनके मामा बलराम के रूप में हुई है। अनुपम के पिता रामचंद्र का तीन दिन पहले बीमारी से निधन हो गया था। गुरुवार को उनका तीजा (तीसरे दिन की रस्म) था, जिसके लिए अनुपम अपने मामा बलराम के साथ बाइक से पंडित को बुलाने जा रहे थे। दुर्घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल में बलराम की हालत गंभीर बताई जा रही है। रामगांव थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# कतर्नियाघाट व घाघरा बैराज पर उमड़ा सैलानियों का हुजूम



बहराइच,समृद्धि न्यूज़।

**नए साल पर पहुंचे हजारों पर्यटक, मेले जैसा रहा माहौल**

जनपद के कतर्नियाघाट जंगल क्षेत्र स्थित चौधरी चरण सिंह घाघरा बैराज पर गुरुवार को नए साल का जश्न मनाने हजारों की संख्या में स्थानीय व दूरदराज के पर्यटक पहुंचे। इस वर्ष बैराज पर पिछले कई सालों की तुलना में अधिक भीड़ देखी गई। बैराज के सभी किनारों पर चार पहिया वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। बैराज के रास्तों और नदी के किनारे सैलानियों का हुजूम उमड़ा रहा। सुबह से ही बैराज के तीन अलग-अलग हिस्सों में दुकानें सजी थीं, जिससे पूरे क्षेत्र में मेले जैसा माहौल बन गया। थानाध्यक्ष सुजौली प्रकाश चंद्र शर्मा के नेतृत्व में पुलिस बल और पीएसी के जवान सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहे। हालांकि, कतर्नियाघाट एंट्री गेट से लगभग 500 मीटर दूर तक वाहनों का लंबा जाम भी लगा रहा।कुछ सैलानियों ने जंगल सफारी और बोटिंग का लुत्फ उठाया, जबकि कई स्थानीय व दूरदराज के पर्यटक घड़ियाल सेंटर और नावघाट पर घूमने पहुंचे। उन्होंने नए साल का जश्न मनाते हुए खूब आनंद लिया। नए साल के अवसर पर कतर्नियाघाट का घड़ियाल सेंटर और घाघरा बैराज पर्यटकों व स्थानीय लोगों के लिए आकर्षण का मुख्य केंद्र बने रहे।

# जिलामंत्री ने किया बीएसए से शिष्टाचार मुलाकात



बहराइच,समृद्धि न्यूज़।

**यदि कहीं कोई समस्या आती है तो तुरंत करेंगे निस्तारण: आशीष कुमार सिंह**

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह से जिला मंत्री राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जनपद बहराइच ने नव वर्ष के शुभ अवसर पर शिष्टाचार भेंट किया तथा उन्हें नववर्ष की बधाई व शुभकामनाएं दी। जिला मंत्री राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजेश कुमार मिश्र ने बताया कि नव वर्ष के उपलक्ष में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मुलाकात करके उनको बधाई व शुभकामनाएं दी तथा विभाग से संबंधित अन्य बिंदुओं पर चर्चा पर चर्चा की इसके बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि हम सभी शिक्षकों के साथ हैं,कहीं यदि कोई समस्या आती है तो तुरंत अवगत कारण और उसका तुरंत निस्तारण करेंगे कहीं कोई समस्या नहीं आएगी, शासन के नियमों निर्देशों का पालन करना हम सब का परमदायित्व है। इसके बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने भी उपस्थित सभी शिक्षकों को बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर शिक्षक अश्वनी शुक्ला विजय कुमार सरोज सुनील कुमार आदि शिक्षको ने भी बधाई व शुभकामनाएं दी।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, साथी गंभीर

**रिश्तेदारी से लौटते समय हुआ हादसा, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा**

सादुल्लाहनगर, बलरामपुर समृद्धि न्यूज।

थाना क्षेत्र के सादुल्लाहनगर-मनकापुर मार्ग पर बुधवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने मृतक के चाचा की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, गोण्डा जनपद के थाना कोतवाली मनकापुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उपाध्यायपुर ग्रंट (बलुआ) निवासी धर्मेंद्र कुमार (35) पुत्र रामसूरत बुधवार को अपनी मोटरसाइकिल से रिश्तेदारी से घर लौट रहे थे। उनके साथ गांव का ही जितेंद्र कुमार पुत्र रामशंकर भी सवार था। शाम करीब 7 बजे, जैसे ही दोनों सादुल्लाहनगर-मनकापुर मार्ग पर मढ़ी भट्ठा के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने तेज रफ्तार व लापरवाही से बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गए और दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, लेकिन रास्ते में ही धर्मेंद्र कुमार ने दम तोड़ दिया।

वहीं, घायल जितेंद्र कुमार का उपचार चल रहा है, जिसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के चाचा घनश्याम की तहरीर पर सादुल्लाहनगर पुलिस ने मुकदमा संख्या 0131 दर्ज करते हुए अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि दुर्घटना करने वाले वाहन की तलाश की जा रही है और जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

# मझौव्वा कुरथूवा क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ भव्य शुभारंभ

उतरौला,बलरामपुर समृद्धि न्यूज।

उतरौला क्षेत्र में मझौव्वा कुरथूवा में आयोजित शानदार क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन सपा अल्पसंख्यक सभा जिलाध्यक्ष व प्रधान बहलौल नियाजी द्वारा आयोजित किया गया। क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन सपा प्रदेश सचिव अंसार अहमद खां,विधानसभा प्रभारी एजाज़ मलिक, व नसीमुद्दीन खां ने किया।

टूर्नामेंट में पहले मैच में शानदार बल्लेबाजी करते हुए नियाजी वॉरियर्स ने 8 ओवर के मैच में 109 रन का टारगेट दिया खुदरी 11 ने दूसरे पारी में बल्लेबाज़ी करते हुए 109 रन का पीछा नहीं कर पाई और 7 ही ओवर में ऑल आउट हो गए नियाज़ी वारियर्स पेहर ने पहला मैच जीता मैन ऑफ द मैच बने सकील को नगद पुरस्कार के रूप मे 500 रूपये देकर प्रधान बहलोल नियाजी ने सम्मानित किया। दिन का दूसरा मैच गांधीनगर उतरौला और पिपरा याकूब के बीच खेला गया 8 वोवर के मैच में पिपरा याकूब पहले बल्लेबाजी करते हुए 107 लक्ष्य दिया गांधीनगर उतरौला पांच ओवर में ऑल आउट हो गए पिपरा याकूब के शानदार बॉलिंग बैटिंग करते हुए नदीम को मैन ऑफ द मैच चुना गया नदीम को नदीम नियाज़ी ने 500 का नगद पुरस्कार से सम्मानित किया।

# रैली के साथ हुआ सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ

**डीएम-एसपी ने स्वयं बाइक चलाकर सुरक्षित यातायात का सशक्त दिया संदेश**

बलरामपुर समृद्धि न्यूज।



सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं आमजन को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जनपद में सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ आज एक प्रभावी बाइक जागरूकता रैली के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने स्वयं बाइक चलाकर यातायात नियमों के पालन का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए नागरिकों को जागरूक किया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, एडीएम वित्त एवं राजस्व ज्योति राय, एडीएम न्यायिक शिवनारायण सिंह, एआरटीओ बृजेश यादव उपस्थित रहें। बाइक रैली का शुभारंभ कलेक्ट्रेट परिसर से हुआ, जो वीर विनय चौराहा, भगवतीगंज होते हुए एआरटीओ कार्यालय तक निकाली गई। रैली के दौरान हेलमेट पहनना, लेन अनुशासन, गति सीमा का पालन एवं ट्रैफिक सिग्नलों के अनुपालन जैसे संदेशों को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया। सड़क सुरक्षा माह के शुभारंभ अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा किसी भी सड़क दुर्घटना की स्थिति में तत्काल आपातकालीन सहायता उपलब्ध कराने हेतु एक विशेष एसओपी का शुभारंभ किया गया। इस विशेष एसओपी के अंतर्गत जनपद के सभी प्रमुख चौराहों एवं संवेदनशील स्थानों पर क्यूआर कोड लगाए जाएंगे।

# बिना मेहनत के सफलता संभव नहीं : आनंदीबेन

## नववर्ष आत्ममंथन, सकारात्मक सोच और नए संकल्पों का समय : राज्यपाल



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को नववर्ष 2026 के अवसर पर राजभवन में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राज्यपाल ने सभी को नववर्ष की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि नया वर्ष आत्ममंथन, सकारात्मक सोच और नए संकल्पों का समय है।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अच्छे विचार अपनाने, अच्छा कार्य करने और परिवार के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए। असंतुलित खान-पान और गलत आदतों से दूर रहना आज की बड़ी आवश्यकता है।

राज्यपाल ने कहा कि नववर्ष पर हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि अपने स्तर पर बीमारियों को दूर करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की दिशा में प्रयास करें। बिना मेहनत के सफलता संभव नहीं है, इसलिए लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर परिश्रम आवश्यक है। उन्होंने नकारात्मक सोच छोड़कर सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने अपनी हाल की गुजरात यात्रा के अनुभव साझा करते हुए राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय तथा इसरो स्पेस एप्लीकेशन सेंटर के भ्रमण को प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों में विकसित फोरेंसिक, साइबर सुरक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा और अंतरिक्ष तकनीकें देश को वैज्ञानिक और तकनीकी रूप से सशक्त बना रही हैं। भारत आज उपग्रहों के माध्यम से नवीन तकनीकों से जुड़ चुका है और इस दिशा में निरंतर प्रयास करते रहना होगा।

उन्होने कहा कि इन संस्थानों में विकसित कौशल को उत्तर प्रदेश के बच्चों और युवाओं के लिए अवसरों में बदलना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से राजभवन परिसर स्थित विद्यालय में इसरो-प्रेरित विशेष लैब की स्थापना की जा रही है, जिससे विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी ज्ञान मिलेगा और वे भविष्य के लिए तैयार हो सकेंगे।

इस अवसर पर मुख्य सचिव एस.पी. गोयल ने बताया कि उत्तर प्रदेश के 66 प्रतिशत विश्वविद्यालय नैक से एक्रेडिटेड हैं, जो राज्य के लिए गर्व की बात है। उन्होंने इसके लिए राज्यपाल महोदया के मार्गदर्शन को महत्वपूर्ण बताया।कार्यक्रम में राजभवन के अधिकारी-कर्मचारी एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# ऊर्जा मंत्री की पहल, बिजली बिल राहत योजना के प्रथम चरण की अवधि तीन दिन और बढ़ी

## जनसहभागिता और उत्साह को देखते लिया निर्णय

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा की संवेदनशील एवं जनहितकारी पहल पर बिजली बिल राहत योजना-2025 के प्रथम चरण की अवधि को तीन दिन और बढ़ा दिया गया है। पहले चरण के अंतिम दिन देर रात तक चले राहत शिविरों में उमड़ी भारी भीड़, आमजन की व्यापक भागीदारी और योजना के प्रति गहरी रुचि को देखते हुए मंत्री श्री शर्मा ने यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया। अब यह योजना, जो पहले दिसंबर माह तक सीमित थी, 3 जनवरी तक लागू रहेगी, जिससे अधिक से अधिक पात्र उपभोक्ता इसका लाभ ले सकेंगे।बिजली बिल राहत योजना 2025



का पहला चरण अत्यंत सफल रहा है। मंत्री के कुशल नेतृत्व और सतत निगरानी में प्रदेशभर में आयोजित राहत शिविरों के माध्यम से 31 लाख विद्युत उपभोक्ताओं ने इस योजना का प्रत्यक्ष लाभ उठाया। इस दौरान उपभोक्ताओं को 5363 करोड़ रुपये से अधिक की बिल छूट प्रदान की गई, जो ऐतिहासिक उपलब्धि है। इस योजना के अंतर्गत वर्षों नहीं बल्कि दशकों पुराने बकाया बिजली बिलों पर उपभोक्ताओं को तीन-चौथाई तक की छूट दी गई है। इससे लाखों परिवारों को लंबे समय से चले आ रहे सरकारी बकाये के मानसिक और आर्थिक बोझ से राहत मिली है। योजना ने विशेष रूप से गरीब, मध्यम वर्ग और छोटे उपभोक्ताओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य किया है। श्री शर्मा की जनकल्याणकारी सोच का सशक्त उदाहरण है, जिसमें सरकार और जनता के बीच विश्वास को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया है। शासन का दायित्व केवल राजस्व संग्रह नहीं बल्कि आम नागरिक को राहत देकर उसे सशक्त बनाना भी है। पात्र विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे 03 जनवरी तक नजदीकी बिजली बिल राहत शिविरों में पहुंचकर योजना का लाभ अवश्य उठाएं और अपने ऊपर वर्षों से चले आ रहे सरकारी बकाये के बोझ से स्वयं को मुक्त करें। योजना प्रदेश में सामाजिक एवं आर्थिक राहत का मजबूत आधार बनेगी।

## खबरें एक नजर में

### नगर निगम में संपूर्ण समाधान दिवस आज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** शहरवासियों की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से नगर निगम लखनऊ द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम शुक्रवार को आयोजित किए जाने वाले संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन आज किया जा रहा है। यह कार्यक्रम महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में त्रिलोकनाथ सभागार, नगर निगम मुख्यालय, लालबाग में प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक संपन्न होगा। संपूर्ण समाधान दिवस पर गृहकर एवं जलकर से संबंधित विवाद, सफाई व्यवस्था, सड़कों एवं गलियों की मरम्मत, सीवर लाइन व ड्रेनेज से जुड़ी समस्याएं, मार्ग प्रकाश, कूड़ा उठान,आदि शामिल हैं।सर्वेक्षण के उपरांत कर निर्धारण से संबंधित आपत्तियों पर भी मौके पर सुनवाई की जाएगी। कार्यक्रम स्थल पर नगर निगम के सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे, ताकि शिकायतों का यथासंभव तत्काल निस्तारण किया जा सके। नगर निगम द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे समाधान दिवस में समय से उपस्थित होकर अपनी शिकायत से संबंधित आवश्यक दस्तावेज अवश्य साथ लाएँ, जिससे कार्यवाही शीघ्र एवं सुचारु रूप से संपन्न हो सके।इस अवसर पर नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस प्रशासन और जनता के बीच संवाद एवं विश्वास को मजबूत करने का सशक्त माध्यम है। नगर निगम का निरंतर प्रयास है कि नागरिकों को एक ही मंच पर विभिन्न विभागों की संयुक्त उपस्थिति में उनकी समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी समाधान उपलब्ध कराया जाए।

### नए साल पर सपा दफ्तर में हुई बाटी-चोखा पार्टी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में साल का पहला दिन समाजवादी पार्टी की चोखा-बाटी की पार्टी के नाम रहा। पार्टी कार्यालय पर कार्यक्रम में सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ ही प्रदेश भर से नेता जुटे और सभी ने मिलकर एक दूसरे को नए साल की शुभकमनाएं दीं। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने हाल ही बीजेपी के ब्राह्मण विधायकों पर तंज कसते हुए कहा, हम लोग मिलजुल कर खाते हैं।अभी वो विधायक बैठे-बैठे खा रहे हैं, अगर सरकार एक खिलाफखड़े हो गए तो क्या होगा।अखिलेश यादव ने पार्टी कार्यकर्ताओं को ऐसे आयोजन के लिए बधाई दी। हमारे यहां जो मिलजुल कर रहने की संस्कृति रही है, इसी तरह हम एक दूसरे का सम्मान करते हैं। माना यही जा रहा है कि बीजेपी ब्राह्मण विधायकों के सहभोज के जबाब में सपा का यह राजनीतिक तंज है। नव वर्ष के मौके पर सपा कार्यकर्ताओं द्वारा पार्टी के कार्यालय में बाटी-चोखा का कार्यक्रम था,जिसमें कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं और एक दूसरे के मिलने का बेहतर मंच था। लेकिन अखिलेश यादव ने जिस तरह से बीते दिनों बीजेपी के ब्राह्मण विधायकों के सहभोज कार्यक्रम पर टिप्पणी कर दी, यह कार्यक्रम राजनीति का मंच बन गया।सपा मुख्यालय पर बड़ी संख्या में सपा के सीनियर नेता भी पहुंचे थे। माना जा रहा है कि पार्टी विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी अब तेज अभियान शुरू करेगी। झलक आज बाटी-चोखा के जरिये सहभोज में दिखी।एक उद्देश्य था कि सपा में सब मिलजुल कर खाते हैं, जाति या वर्ग विभेद नहीं है, जो कहीं न कहीं बीजेपी पर सीधा निशाना है।

### मायावती ने गरीब-बहुजन के अच्छे दिनों की जताई उम्मीद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने नववर्ष 2026 के अवसर पर देश-विदेश में रह रहे सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कामना की कि नया साल सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि, सुरक्षा और आत्म-सम्मान के साथ सौहार्दपूर्ण माहौल लेकर आए। नववर्ष संदेश में मायावती ने कहा कि नया साल देश के गरीबों, मजदूरों, किसानों और बहुजन समाज के लिए राहत और खुशहाली का साल बने। उन्होंने कहा कि आम लोगों की दिन-प्रतिदिन की जिंदगी डर, दबाव और जटिल नियम-कानूनों से मुक्त होकर सरल और सहज होनी चाहिए। बहुजन समाज के लिए अपने बेहतर भविष्य के लिए संघर्ष जारी रखना आज भी जरूरी है। उन्होंने देश और उत्तर प्रदेश में बढ़ती गरीबी, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार पर चिंता जताते हुए कहा कि विकास का लाभ संविधान की भावना के अनुरूप सभी जरूरतमंदों तक पहुंचे, न कि केवल कुछ गिने-चुने लोगों तक सीमित रहे। सही विकास वही है, जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन में भी वास्तविक बदलाव दिखाई दे। सुश्री मायावती ने कहा कि कानून का राज केवल सख्ती से नहीं, बल्कि निष्पक्षता और बिना भेदभाव के कार्रवाई से ही संभव है। देश में नफरत, घृणा और हिंसा का माहौल खत्म करना नए साल की बड़ी जरूरत है। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकारों को 'अनेकता में एकता' और 'सर्वधर्म समभाव' के संवैधानिक सिद्धांतों पर चलते हुए सभी नागरिकों के जान-माल और सम्मान की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।

# उप्र के 64 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर स्थापित होंगी डिजिटल एक्स-रे मशीनें

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने राज्य के 64 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) पर डिजिटल एक्स-रे मशीनों की स्थापना के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस निर्णय से ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में रहने वाले लाखों मरीजों को आधुनिक जांच सुविधा अपने ही क्षेत्र में उपलब्ध हो सकेगी।

श्री पाठक ने कहा कि डिजिटल एक्स-रे मशीनों की स्थापना से मरीजों को समय पर और सटीक जांच सुविधा मिलेगी। अब गंभीर बीमारियों की पहचान में होने वाली देरी कम होगी और मरीजों को जिला अस्पतालों या मेडिकल कॉलेजों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार की प्राथमिकता है कि आमजन को उनके घर के पास बेहतर और आधुनिक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं।

योजना के तहत अलीगढ़ के 3, आजमगढ़ के 4, इटावा के 4 और कन्नौज के 2 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर डिजिटल एक्स-रे मशीनें लगाई जाएंगी। इसके अलावा कानपुर नगर में 3, लखनऊ में सर्वाधिक 16 और मऊ में 4 डिजिटल एक्स-रे मशीनों की स्थापना की जाएगी। मुरादाबाद के 2, रायबरेली के 5, सम्भल के 3, सोनभद्र के 2 तथा सुल्तानपुर के 4 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को भी इस योजना में शामिल किया गया है।

इसके साथ ही देवरिया, रामपुर, प्रयागराज, पीलीभीत, मेरठ, महराजगंज, महोबा, कौशाम्बी, हरदोई, बस्ती, बरेली और बलिया जनपदों के एक-एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भी डिजिटल एक्स-रे मशीनें स्थापित की जाएंगी।

श्री पाठक ने कहा कि ÷मरीजों को बेहतर, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं देना हमारी सरकार की प्रतिबद्धता है।


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को लगातार आधुनिक बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि डिजिटल एक्स-रे से रिपोर्ट तुरंत उपलब्ध होगी, इलाज में पारदर्शिता बढ़ेगी और चिकित्सकों को सही निर्णय लेने में सहायता मिलेगी।

# नववर्ष पर लखनऊ में 5.50 लाख श्रद्धालुओं ने किए देव स्थलों के दर्शन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

नववर्ष 2026 के मौके पर गुरुवार को लखनऊ में आस्था का अभूतपूर्व सैलाब उमड़ पड़ा। शहर के प्रमुख मंदिरों, गुरुद्वारों और जैन धार्मिक स्थलों में सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। इससे यह साफ हो गया कि लखनऊ अब केवल प्रशासनिक राजधानी ही नहीं, बल्कि धार्मिक पर्यटन का भी एक बड़ा केंद्र बनकर उभर रहा है। नववर्ष के पहले दिन अलीगंज नया हनुमान मंदिर, हनुमान सेतु, मनकामेश्वर मंदिर, चंद्रिका देवी मंदिर, हनुमंत धाम, आलमबाग हनुमान मंदिर सहित शहर के सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिरों में विशेष आरती, भजन-कीर्तन, शोभायात्रा, हवन-पूजन और भंडारे का आयोजन हुआ, जिससे माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। अलीगंज स्थित नए हनुमान मंदिर के मुख्य पुजारी जगदंबा प्रसाद ने बताया कि नववर्ष पर मंदिर को 501 किलो फूलों से सजाया गया था और पूरे दिन भंडारा चलता रहा। उन्होंने बताया कि सुबह से रात तक करीब 2.50 लाख श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान के दर्शन किए। वहीं मनकामेश्वर मंदिर की महंत दिव्या गिरी ने बताया कि आंग्ल नववर्ष के अवसर पर सुबह सात बजे भव्य शोभायात्रा निकाली गई और पूरे दिन डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ के दर्शन किए। इसी तरह हनुमान सेतु मंदिर के मुख्य पुजारी भगवान सिंह बिष्ट के अनुसार यहां भी नववर्ष पर 1.50 लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे।













# 26 हजार कृषि आजीविका सखियां बदल रहीं खेती के तरीके


**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश में खेती की तस्वीर तेजी से बदलने जा रही है। 26373 कृषि आजीविका सखियां योगी सरकार की योजनाओं को जमीनी हकीकत में बदलने के लिए तैनात की गई हैं। जो अब प्रदेश के गांव-गांव में आधुनिक खेती का मंत्र फैला रही हैं। महिला सशक्तिकरण और कृषि सुधार को एक साथ आगे बढ़ाने वाला यह अभियान प्रदेश को आत्मनिर्भर कृषि मॉडल की ओर ले जा रहा है। प्रदेश के 75 जिलों के 826 विकास खंडों में सक्रिय ये कृषि आजीविका सखियां किसानों को पारंपरिक खेती से निकालकर वैज्ञानिक और टिकाऊ खेती से जोड़ रही हैं।


















## खबरें एक नजर में

### सड़क किनारे पड़े व्यक्ति की जिला अस्पताल में मौत

**तिलहर-शाहजहांपुर ।** एक सप्ताह पूर्व सड़क किनारे पड़े व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया गया था। जिसकी इलाज के दौराम मौत हो गई । पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। बता दें कि एक सप्ताह पूर्व एक व्यक्ति को हाईवे से तहसील को आने वाली सड़क किनारे पड़े व्यक्ति को पुलिस ने एंबुलेंस सीएचसी भिजवाया था। जहां से डॉक्टर ने उसे जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया था। इलाज के दौरान गुरुवार की सुबह उसकी मौत हो गई। कोतवाल राकेश कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान नगर के मोहल्ला बहादुरगंज निवासी रमेश पुत्र रामचंद्र के रूप में हुई है।

### भाकृद का धरना 11 वें दिन रहा जारी

**तिलहर, शाहजहांपुर।** भारतीय कृषक दल का 11वें दिन भी धरना जारी रहा। नव वर्ष को लेकर नव चेतना के लिए किसानों ने बुद्धि शुद्धि यज्ञ किया। गुरुवार को राष्ट्रीय महासचिव प्रमोद यादव जनसेवक ने कहा कि किसानों की ज्वलंत समस्याओं पर अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। किसान अपने हक के लिए अधिकारियों के चक्कर लग रहा है लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही। इसको लेकर 30 जनवरी को तहसील भरो सत्याग्रह किया जाएगा। इस दौरान राजेंद्र यादव, विजय यादव, सतीश कुमार, सुरेश आदि मौजूद रहे।

### रामरतन ने जीती पुरस्कार में बाइक



**जैतीपुर- शाहजहांपुर।** कस्बा स्थित हीरो बाइक एजेंसी पर गुरुवार दोपहर लकी ड्रा महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें खुडरा गांव के रामरतन ने प्रथम पुरस्कार के रूप में एचएफ डीलक्स बाइक जीती। एजेंसी के मालिक सुमित गुप्ता ने एक कार्यक्रम आयोजित कर रामरतन को बाइक की चाबी सौंपी। उपहार में दी गई इस बाइक की एक्स-शोरूम कीमत 57,006 रुपये है। इस कार्यक्रम में परसोना गांव के श्रीपाल वर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, कटरा कस्बे की मोहम्मद सईद की बेटी हिना को तृतीय स्थान मिलने पर मिक्सर जूसर प्रदान किया गया। यह लकी ड्रा कार्यक्रम कस्बे की सचिन ऑटोमोबाइल पर आयोजित किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में धर्मेंद्र गुप्ता, दिनेश गुप्ता, सुमित गुप्ता, डॉ. सौरभ गुप्ता, सादिक खान, कुलदीप सिंह, तैमूर खान, आमिर खान, सचिन गुप्ता, सुभाष सिंह, सुरेश पाल और हेतपाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

### ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से बाइक सवार घायल



**रोजा, शाहजहांपुर।** रोजा जंक्शन थाना क्षेत्र के ग्राम कटिया कम्मू निवासी मोहम्मद फैज पुत्र आसिफ निवासी कटिया कम्मू और मसाज 30 वर्ष पुत्र ना मालूम निवासी कटिया कम्मू बाइक से शाहजहांपुर से अपने गांव जा रहे थे। दोपहर 12 :30 बजे बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने जमुई गांव के पास टेंपो को ओवरटेक करके तीव्र गति से अपने घर कटिया का मुंह जा रहे थे। तभी सामने से आ रहे हैं। ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी। ट्रैक्टर ट्राली पलट गई और ट्रैक्टर का अगला पहिया टूटकर अलग गिर गया। बाइक के पर खर्च उड़ गए। बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गए। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर आ गए और ट्रैक्टर से फंसी बाइक और घायलों को बाहर निकाला। पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही क्राइम इंस्पेक्टर गंगा सिंह यादव के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को जिला अस्पताल भर्ती कराया। क्रेन की सहायता से ट्रैक्टर ट्राली को सड़क से हटाकर रोड खाली कराया। तब तक दोनों और जाम लग गया। ट्रैक्टर चालक को ग्रामीणों ने हिरासत में लेकर पुलिस को सौंप दिया।

### डॉ. प्रदीप शुक्ला ने वितरित किए जरूरतमंदों को कंबल

**खुटार,शाहजहांपुर।** खुटार पूरनपुर रोड तिकुनियां निवासी श्रीनाथ सूर्या हॉस्पिटल के एमडी, भाजपा नेता, वरिष्ठ डॉ प्रदीप शुक्ला ने गुरुवार को अपने फार्म हाउस पर तमाम बुजुर्ग महिलाओं और पुरुषों को कंबल वितरित किए। जिस पर मौजूद बुजुर्गों को कड़ाके की ठंड में कंबल पाकर चेहरे खिल उठे। जिस पर वरिष्ठ डॉ प्रदीप शुक्ला की सराहना की और आशीर्वाद दिया। भाजपा नेता डॉ. प्रदीप शुक्ला ने कहा कि इस समय काफी सर्दी पड़ने लगी है। जिससे बुजुर्गों को गुरुवार को कंबल वितरित किए। इसके अलावा उन्होंने सभी को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई प्रेषित की। इस मौके पर कई गण मान्य लोग मौजूद रहे।

# पुलिस ने 442 वाहनों के काटे चालान, एक बाइक सीज

▸ एसपी सिटी और सीओ सिटी ने भ्रमण कर परखी सुरक्षा व्यवस्था

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



नववर्ष के अवसर पर अपराध नियंत्रण, यातायात अनुशासन एवं कानून-शांति व्यवस्था सुदृढ़ रखने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा नगर क्षेत्र में भ्रमण एवं सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में देवेन्द्र कुमार अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा पंकज पन्त क्षेत्राधिकारी नगर तथा संजय कुमार सिंह क्षेत्राधिकारी यातायात के साथ नववर्ष के अवसर पर जनपद के नगर क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से व्यापक भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया। भ्रमण के दौरान नगर के प्रमुख मार्गों, चौराहों, बाजार क्षेत्रों एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। आमजन में सुरक्षा का भाव उत्पन्न करने, असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण तथा नववर्ष के अवसर पर शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने हेतु संबंधित अधिकारियों एवं पुलिस बल को सतर्कता, अनुशासन एवं सक्रिय गश्त के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग की गई। यातायात नियमों के उल्लंघन पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए कुल 442 वाहनों के चालान किए गए, जिनमें ड्रंक एंड ड्राइव के 4 चालान सम्मिलित हैं। साथ ही यातायात नियमों के गंभीर उल्लंघन पर 1 मोटरसाइकिल को मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत सीज किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि नववर्ष के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, हुड़दंग, नशे में वाहन चलाने अथवा कानून-व्यवस्था भंग करने के प्रयासों पर त्वरित एवं कठोर वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने, दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा नागरिकों की सुरक्षा हेतु निरंतर चेकिंग एवं गश्त जारी रखने के निर्देश दिए गए। जनपद पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई है कि नववर्ष को शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं, यातायात नियमों का पालन करें एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। जनपद पुलिस कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

## अखिल भारत हिंदू महासभा ने डीएम-एसपी को किया सम्मानित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारत हिंदू महासभा द्वारा जिला अध्यक्ष अजय ठाकुर के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के कार्यालय पहुंचकर वर्ष 2025 के दौरान जनहित में किए गए उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्यों के लिए दोनों अधिकारियों को सम्मानित किया।

शिष्टमंडल ने प्रशासनिक एवं पुलिस व्यवस्था द्वारा जिले में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने, अपराध नियंत्रण, जनसुनवाई तथा आमजन की समस्याओं के प्रभावी एवं त्वरित निस्तारण के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की।

इस अवसर पर दोनों अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनके कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। सम्मान समारोह के दौरान जिला अध्यक्ष अजय ठाकुर ने कहा कि प्रशासन और पुलिस के बेहतर आपसी समन्वय से जिले में शांति, सुरक्षा और विश्वास का वातावरण बना है, जिसका सीधा लाभ आम नागरिकों को मिला है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी इसी प्रकार जनहित को प्राथमिकता देते हुए कार्य किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखे और प्रशासन के सहयोगात्मक रवैये की सराहना की। इस अवसर पर अरुण टंडन, राम प्रकाश गुप्ता एवं दीपक ओमर सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## उत्कृष्ट कार्य करने पर रेलवे कर्मचारी हुए सम्मानित

**रोजा-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



मुरादाबाद डिविजन के रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर नार्दन रेलवे मेंस यूनियन कार्यालय में नव वर्ष की पूर्व संध्या पर कर्मचारियों को उत्कृष्ट पुरस्कार वितरित किए गए। प्रत्येक वर्ष की बात इस वर्ष भी नॉर्दन रेलवे मेंस यूनियन के 101 वर्ष पूरे होने पर शाखा प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वर्गीय अमर सिंह मीणा के चित्र पर माल्यार्पण कर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन परिसर में वर्ष भर रेल की सेवा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर लगभग 55 रेल कर्मचारियों को उत्कृष्ट पुरस्कार वितरित किए गए। मुख्य अतिथि मंडल अभियंता भास्कर भट्टाचार्य का स्वागत किया गया। सहायक मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर हर्षित ने रेल कर्मचारियों को पुरस्कार वितरित किया। मंडल अभियंता भास्कर भट्टाचार्य ने अपने शब्दों में कहा रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर 24 दिसंबर को जो घटना घटी वह एक हृदय को झकझोरने वाली घटना थी। मैंने जीवन में ऐसी घटना कभी नहीं देखी उसे घटना ने सभी रास्ते पर बंद करने पर मजबूर कर दिया। शाखा सचिव अमित भागवत मिश्रा ने अपने दो शब्दों में कहा प्रत्येक वर्षो से शाखा प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन होता आया है। उत्कृष्ट प्रोग्राम होने पर रेल कर्मचारियों में उत्साह वर्धन होता है। कार्यक्रम के समापन पर डीजे की धुन पर रेल कर्मचारियों ने नए साल का स्वागत किया और भांगड़ा किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भास्कर भट्टाचार्य सहायक मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर हर्षित, इंस्पेक्टर वीरेंद्र झा, लोको इंस्पेक्टर अनिल कुमार, लोको स्पेक्टर अनिल सिंह, लोको इंस्पेक्टर आरके वर्मा, नरेंद्र त्यागी, अमित भागवत मिश्रा, जेसी शर्मा, चंदन कुमार, राजकुमार, अवधेश कुमार, मोहम्मद शमी, प्रेम शंकर शुक्ला, रामबाबू, रोहित कुमार, उमेश कुमार, बल्लू शर्मा, राजपाल, अनिल सिंह, धीरेंद्र तिवारी, रामवीर रेल पथ निरीक्षक सहित कई अन्य रेल कर्मचारी उपस्थित थे।

## शाह शमसुद्दीन मियां के उर्स पर निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



हजरत सैयद शाह शमसुद्दीन मियां के 191 वें सालाना उर्स शरीफ के मौके पर मानव सेवा के उद्देश्य से निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. गौरव कौशल ने अपनी सेवाएं दीं। कैंप में 295 मरीजों का परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई। नगर के मोहल्ला कच्चा कटरा में आयोजित मेडिकल कैंप में क्षेत्र के भारी संख्या में मरीज पहुंचे। कैंप में सर्दी-जुकाम, खांसी, बुखार, पेट संबंधी रोग, त्वचा रोग, जोड़ों के दर्द, एलर्जी, कमजोरी एवं अन्य सामान्य बीमारियों से पीड़ित लोगों की जांच की गई। डॉ. गौरव कौशल ने मरीजों को उचित परामर्श देते हुए नियमित दवा सेवन , संतुलित आहार और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। सज्जादा नशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां ने बताया कि सालाना उर्स के अवसर पर केवल धार्मिक कार्यक्रम ही नहीं, बल्कि सामाजिक और जनकल्याणकारी गतिविधियों का आयोजन भी किया जाता है। ताकि समाज के जरूरतमंद लोगों को लाभ मिल सके। मेडिकल कैंप के सफल आयोजन में उर्स कमेटी के पदाधिकारियों व स्वयंसेवकों का विशेष सहयोग रहा। जिन्होंने मरीजों के पंजीकरण, जांच व्यवस्था और दवा वितरण में सक्रिय भूमिका निभाई। मेडिकल कैंप के समान पर सज्जादा नशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां ने डॉ. गौरव कौशल का आभार व्यक्त किया।

## नववर्ष के पहले दिन आस्था, उत्साह और जश्न में डूबा जनपद

**शाहजहांपुर।** शहर में नववर्ष का आगाज़ उल्लास, उमंग और आस्था के साथ हुआ। साल के पहले दिन सुबह से ही शहर के प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने भगवान के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की और एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। मंदिर परिसरों में नया साल मुबारक हो और जयकारों की गूंज सुनाई देती रही। नववर्ष के स्वागत में युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। शहर के प्रमुख रेस्टोरेंट, होटल और कैफे दिन भर गुलजार रहे। युवक-युवतियां दोस्तों के साथ मिलकर केक काटते, सेल्फी लेते और डीजे साउंड पर झूमते नजर आए। कई स्थानों पर युवाओं ने आतिशबाजी कर नए साल का जश्न मनाया। वहीं परिवारों ने भी नए साल को खास अंदाज में मनाया। बच्चों और बुजुर्गों ने घरों में एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर और गले लगकर नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। घरों में पूरे दिन मेहमानों का आना-जाना लगा रहा और खुशियों का माहौल बना रहा।

सोशल मीडिया पर भी नववर्ष की धूम देखने को मिली। लोगों ने फेसबुक, व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम के जरिए शुभकामनाओं का आदान-प्रदान किया। सुबह से देर रात तक मोबाइल स्क्रीन पर बधाइयों की बाढ़ सी आ गई। कुल मिलाकर, शहर में नए साल का स्वागत आस्था, उत्साह और खुशियों के साथ किया गया। हर चेहरे पर मुस्कान और हर दिल में नए साल को लेकर नई उम्मीदें नजर आईं।

## वकीलों का न्यायिक कार्य का बहिष्कार छठे दिन भी जारी

▸ अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन, सभी अधिकारियों के कार्यालय बंद मिले

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जलालाबाद तहसील में अधिवक्ताओं ने तहसील प्रशासन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते गुरुवार दोपहर 1 बजे हुए न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया और प्रदर्शन किया। कार्य बहिष्कार का आज छठा दिन था। अधिवक्ताओं ने उप जिलाधिकारी कार्यालय के सामने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

छह दिन से तहसील प्रसार में कार्यवाही शिकार चल रहा है गुरुवार को मौके पर उप जिला अधिकारी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार कार्यालय बंद मिले और कार्यालय पर कोई भी कर्मचारी मौजूद नहीं थे। बार एसोसिएशन जलालाबाद के तत्वावधान में 60 से अधिक अधिवक्ता एकत्रित हुए। उन्होंने न्यायिक कार्यों में देरी, समय से न्याय न मिलने, भ्रष्टाचार और नियमावली के विरुद्ध आदेश किए जाने का आरोप लगाया। इसके बाद उन्होंने प्रशासनिक अधिकारी मोहम्मद सलीम को ज्ञापन दिया।

अधिवक्ताओं का आरोप है कि लेखपालों से लेकर तहसील प्रशासन के सभी अधिकारी-कर्मचारी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। इसके कारण आम जनता को उचित न्याय नहीं मिल पा रहा है, जिससे असंतोष का माहौल है। धरना प्रदर्शन करने वालों में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सूरजपाल वर्मा, अनिल पाठक राकेश श्रीवास्तव, विपिन मैथिल, राकेश दीक्षित नवनीत पाठक, भुवनेश्वर सिंह, अरुण कुमार शर्मा मंत्री, मुनेंद्र पाल कुशवाहा, आनंग पाल सिंह यादव आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## उबरिया मंदिर से खाटू श्याम की निशान यात्रा रवाना

**जलालाबाद,शाहजहांपुर।** जलालाबाद के भक्तों ने जिला पंचायत सदस्य अनिल वर्मा एवं लोधी महासभा के जिला अध्यक्ष मुकेश वर्मा के नेतृत्व में नववर्ष के अवसर पर जलालाबाद से शाहजहांपुर के खाटू श्याम मंदिर बरेली मोड़ तक तक भव्य निशान यात्रा निकाली। यात्रा का उबरिया मंदिर से शुरू हुई जो बरेली मोड़ के खाटू श्याम मंदिर पहुंची भक्तों ने श्याम बाबा के जयकारे लगाते हुए झूम-नाचे और जगह-जगह पुष्प वर्षा का स्वागत करते हुए जलालाबाद से बरेली मोड़ के लिए सुबह 8:00 बजे रवाना हुए। भक्ति का संगमनव वर्ष 2026 पर यह यात्रा भक्तों की गहन श्रद्धा का प्रतीक बनी,



जहां सैकड़ों श्रद्धालु पैदल चलकर मंदिर पहुंचे। खाटू श्याम निशान यात्रा भगवान श्याम को प्रसन्न करने का प्राचीन तरीका है, जो मनोकामनाओं की पूर्ति करती है।समापन और महत्व मंदिर में निशान अर्पित कर यात्रा संपन्न हुई, भक्तों पर बाबा की विशेष कृपा की कामना की गयी. इस यात्रा में भारी संख्या में महिलाएं और पुरुष एवं युवाओं ने भाग लिया।

### ई-बस परिचालकों ने किया प्रदर्शन, वेतन नहीं मिलने का लगाया आरोप

**शाहजहांपुर।** न्यू सिटी ककरा में ई-बस सेवा पूरी तरह ठप हो गई है। वेतन न मिलने और अमानवीय कार्यशैली के विरोध में ई-बस परिचालक हड़ताल पर चले गए। परिचालकों ने धरना-प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की, जिससे बसों का संचालन पूरी तरह बंद हो गया और यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। परिचालकों का आरोप है कि उनसे रोजाना 15 से 16 घंटे तक लगातार ड्यूटी कराई जा रही है, जो सीधे-सीधे श्रम कानूनों का उल्लंघन है। इसके बावजूद पिछले तीन महीनों से वेतन का भुगतान नहीं किया गया, जिससे कर्मचारियों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। हड़ताल कर रहे परिचालकों ने कंपनी प्रबंधन पर धमकी और मानसिक उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि वेतन और ड्यूटी समय को लेकर आवाज उठाने पर उन्हें डराया-धमकाया गया। यहां तक कि बसों का संचालन शुरू न करने पर आपत्तिजनक और डराने वाली भाषा का इस्तेमाल किया गया। धरने पर बैठे परिचालकों ने कहा कि कंपनी द्वारा लगातार मानसिक प्रताड़ना की जा रही है। लंबे समय तक काम कराने के बावजूद न तो समय पर वेतन दिया जा रहा है और न ही कोई बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। परिचालकों की स्पष्ट मांग है कि तत्काल बकाया वेतन का भुगतान, ड्यूटी के तय घंटे और कंपनी की धमकियों व उत्पीड़न पर सख्त कार्रवाई की जाए। मांगें पूरी न होने तक हड़ताल जारी रखने की चेतावनी दी गई है।

## तहसील परिसर में सुन्दरकांड के साथ भंडारे का आयोजन

▸ संगीतमय कार्यक्रम में सम्मिलित हुए तमाम अधिवक्ता

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



तहसील बार एसोसिएशन पुवायां की ओर से तहसील परिसर में नववर्ष पर सुंदरकांड पाठ और भंडारे का आयोजन किया गया। सुंदरकांड के उपरांत आचार्य ललित शुक्ला और राममोहन पांडे ने विधिविधान से

मुख्य यजमान मीना गुप्ता और राकेश चंद्र गुप्ता एडवोकेट द्वारा देव पूजन और हवन सम्पन्न कराया। तदोपरांत भंडारे में सभी श्रद्धालुओं ने हलवा और सब्जी पूड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता और इफको के वाइस चेयरमैन बलवीर सिंह, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष चंद्र शुक्ला, महामंत्री विवेक अवस्थी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आर एल श्रीवास एवं महेश चंद्र राठौर, महेश पटेल, रमेश, बिजेंद्र सिंह, प्रभाकर मिश्रा, अजय पांडेय, अवनीश सिंह, अमित, प्रमोद चंद्र गुप्ता, अनुराग, हरिओम अवस्थी, जय शंकर अवस्थी, विनय मिश्रा, ओपी मिश्रा, कैलाश नारायण अवस्थी सहित तमाम श्रद्धालु और अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## नार्दन रेलवे मेंस ने 200 कर्मचारियों को बांटे कंबल

**रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



नव वर्ष के अवसर पर नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन द्वारा रेलवे स्टेशन पर कुलियों वेंडरों सफाईकर्मियों दैनिक मजदूरों को कम्बल वितरण किया गया। सभी कर्मचारियों के आपसी सहयोग से 200 से अधिक कम्बल वितरित किए गए। नरमू के सहायक मंडल मंत्री नरेंद्र कुमार त्यागी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष नरमू द्वारा रेलवे में दैनिक आय पर काम करने वाले रेल यात्रियों की सेवा करने वाले कुली वेंडर ठेका मजदूर सफाईकर्मियों आदि को कम्बल वितरण कर नववर्ष मनाया जाता है। इस वर्ष भी यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। शाखा सचिव शिव कुमार सक्सेना ने बताया कि इस कार्य में संगठन से जुड़े कर्मचारियों के साथ इंचार्ज भी सहयोग करते है। इस अवसर पर मुख्य रूप से स्टेशन अधीक्षक पी एस तोमर, जीआरपी इंचार्ज अनिल प्रकाश, आरपीएफ इंचार्ज जितेंद्र कुमार, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक त्रिलोकचंद्र, शशांक पांडे, सीएमआई एस के ठाकुर, एसएससी आनंद कुमार सिंह, मधुकर सिंह, टीएनसी बी एस बिष्ट विकास द्विवेदी, सुनील सिंह, सैफ खान, जितेंद्र, जय पाल सिंह, लालाराम, भारतीय युवा चेतना मंच से जुड़े रामरक्षपाल, प्रदीप मिश्रा, नीरज पाठक, गोपाल वर्मा, दिनेश श्रीवास्तव, पुष्पेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का शाखा अध्यक्ष रामोतार शर्मा द्वारा बैज लगाकर स्वागत किया गया।

## खबरें एक नजर में

### तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) व क्षेत्राधिकारी जलालाबाद के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत थाना अल्हागंज पुलिस को 1 जनवरी को अवैध शस्त्रों की बिक्री व निर्माण पर रोक, संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग तथा वांछित अपराधियों की धरपकड़ की जा रही थी। इसी क्रम में पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि रावतपुर मोड़ के पास एक युवक अवैध तमंचे के साथ किसी अपराध को अंजाम देने की फिराक में खड़ा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर घेराबंदी कर कार्रवाई की। रात्रि लगभग 01:49 बजे हरदोई रोड से कुछ दूरी पर घेराबंदी कर पुलिस ने अभियुक्त राजा ठाकुर उर्फ मयंक सिंह पुत्र दिनेश पाल, निवासी ग्राम मिघौल थाना अल्हागंज को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के कब्जे से एक देशी तमंचा 312 बोर व एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर आर्म्स एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

### 58 वर्षीय वृद्ध तमंचे के साथ धरा गया

**शाहजहांपुर।** थाना निगोही पुलिस ने नववर्ष के पहले ही दिन अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए एक 58 वर्षीय वृद्ध अभियुक्त को अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश, पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अभियान के तहत मुखबिर से सूचना मिली थी कि सिद्ध बाबा मंदिर से करीब 20 मीटर दूर ग्राम हमजापुर जाने वाले रास्ते पर एक व्यक्ति अवैध हथियार लेकर आ रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे धर दबोचा। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम रामसेवक पुत्र कन्हैया लाल उर्फ कन्धईलाल, निवासी ग्राम पिपरिया खुशहाली, थाना निगोही बताया, जिसकी उम्र करीब 58 वर्ष है। जामा तलाशी में उसके पास से एक अवैध देशी तमंचा .315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने अभियुक्त को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। जांच में सामने आया कि अभियुक्त का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है और उस पर आर्म्स एक्ट सहित कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस द्वारा अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### तमंचा में एक आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी पुवायां के निकट पर्यवेक्षण में अवैध शस्त्रों के निर्माण, बिक्री व दुरुपयोग पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत थाना सिंधौली पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। 1 जनवरी को प्राप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसके दौरान कटौल नहर पटरी के पास बने माइनर से ग्राम कटौल जाने वाले कच्चे रास्ते से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से एक नाजायज देशी तमंचा 315 बोर एवं एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान शमीम पुत्र सराफत निवासी ग्राम जमदुईया, थाना सिंधौली के रूप में हुई है। अभियुक्त के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अजीत सिंह, हेड कांस्टेबल रामकिशुन वर्मा, कांस्टेबल गौरव चौधरी एवं कांस्टेबल सचिन रावल शामिल रहे।

### मंगल बाजार से बाइक चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** नगर की बाजार से खरीदारी करने आए व्यक्ति की मोटर साइकिल चोरी हो गई। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बिहारीपुर अजमाबाद के शिवरतन ने थाने में तहरीर देकर बताया कि 30 दिसंबर में शाम करीब 5:30 बजे लगभग नगर के पूर्वी तिराहा राष्ट्रीय राजमार्ग के समीप मंगल बाजार में कपड़े खरीदने आए थे। उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल बाजार में खड़ी की थी।करीब 20 मिनट बाद जब वह वापस अपनी मोटरसाइकिल के पास पहुंचे, तो बाइक वहां नहीं मिली। उन्होंने आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन मोटरसाइकिल का कोई पता नहीं चला। पीड़ित की शिकायत के आधार पर, पुलिस ने 31 दिसंबर को अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### पिता व तीन बेटों पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज सहित चार

**तिलहर – शाहजहांपुर।** एक युवक ने घर से बुला लेजाकर उसके साथ मारपीट कर घायल कर देने की एक व्यक्ति व उसके तीन बेटों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है । नगर के मोहल्ला चौहटियां निवासी रहमान पुत्र सलीम ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि मोहल्ले के ही मझले व उनके बेटे असद , अनस व मुन्ना उसके घर आए और उसे बुलाकर बक्शी तिराहे पर बाजार जाने को कह कर ले गए। तिराहे पर पहुंचकर जब उसने घर चलने को कहा तो उन लोगों ने जाने से मना कर दिया। और जबरन उसे पकड़कर अपने घर के पास हिंदू पट्टी टावर के पास ले जाकर लात घूसों से जमकर मारा पीटा । इस दौरान उसकी जेब से डेढ़ हजार रुपए भी गिर गए । आरोप है कि जब उसके भाई आफताब और मां खुर्शीदा ने उसे बचाने की कोशिश की तो उनके साथ भी गंदी–गंदी गालियां देते हुए मारपीट की । हमलावरों ने उसका मोबाइल तोड़ दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए।

### बंटवारे के विवाद में चले लाठी डंडे

तिलहर – शाहजहांपुर। ग्रामीण ने पुलिस कर्मियों के बंटवारे के बाद आरोपियों द्वारा मारपीट और गाली गलौज का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव हटा दलेलपुर निवासी हेतराम पुत्र सरदार ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि गांव की जगह का बंटवारा के लिए उसने बिरसिंहपुर चौकी में एक पत्र दिया था। जिसके बाद पुलिसकर्मी आए और बंटवारा कर बाकरके चले गए। इसके बाद साझेदार पंकज, प्रवीण, पवन कुमार पुत्रगण पातीराम और पंकज के साले अनुराग उसके साथ गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारपीट की। इस दौरान हमलावरों ने उसकी मां विमला देवी के हाथ में डंडा मार दिया जिससे उनका हाथ टूट गया।मारपीट के दौरान जब उसके द्वारा शोर मचाया गया तो गांव के बहुत से लोग मौके पर जमा हो गए जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए।

# डीएम ने अधिकारियों को प्रेरित करने को कार्यक्रम किया आयोजित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में नये वर्ष के अवसर पर तनाव मुक्त रहकर कार्य करने के संबंध में कलेक्ट्रेट के अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार बैठक आयोजित की। डीएम ने सभी को नए वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए बताया कि कैसे सरकारी सेवा के साथ घर परिवार एवं बच्चों के बीच में मैनेजमेंट तथा बैलेंस बनाकर कार्य करना है। उन्होंने कहा कि सभी को अपना दृष्टिकोण तथा जिंदगी जीने का नजरिया बदलना होगा। गत वर्ष से और अच्छा तथा स्मार्ट तरीके से कार्य करके जनपद को और आगे ले जाना है। उन्होंने बताया कि सरकारी सेवा के साथ-साथ घर परिवार, बच्चों तथा स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान देना है। उन्होंने कहा कि मेहनत, लगन और ईमानदारी से कार्य करने वालों का हमेशा पहला स्थान रहता है। लाइफ में कोई भी चीज परमानेंट नहीं होती है परेशानी आती जाती रहती हैं। जीवन बहुत महत्वपूर्ण है सारी समस्याएं सीमट एवं निपट जाएंगी। जिलाधिकारी ने सभी से कहा कि स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें और स्मार्ट तरीके से कार्य करके, लोगों की समस्याओं का समाधान करते हुए जनकल्याणकारी सरकारी योजनाओं का लाभ पात्रों का पहुंचा हैं। सभी लोग को संकल्प लेना है कि इस वर्ष में कुछ न कुछ नया सीखें। उन्होंने कहा कि कुछ न करने से यह समय धीरे-धीरे निकल जाएगा फिर दोबारा वापस नहीं मिलेगा, इसलिए समय का सदुपयोग करें। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी काम की टेंशन ना ले और गलत कार्य न करें अपने सभी काम समय से पूरे करते रहें। अंत में जिलाधिकारी ने सभी को नए वर्ष की बधाई देते हुए कहा कि पूरा साल सभी के परिवार के लिए खुशियां लेकर आए। उन्होंने कहा कि गत वर्ष जैसे अच्छे से कार्य किया है इसलिए बधाई के पात्र हैं उम्मीद है इस वर्ष भी अच्छे से कार्य करेंगे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक राशिद अली, उप जिलाधिकारी न्यायिक सदर प्रियंका चौधरी, उप जिलाधिकारी न्यायिक पुवायां जीत सिंह, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार सहित कलेक्ट्रेट के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## कार की टक्कर से युवक की मौत

**परिजनों का रो रोकर बुरा हाल, शव पीएम को भेजा गया**



**बंडा, शाहजहांपुर।** अपने घर से सिलेंडर भरवाने के लिए अपनी बाइक से निकले युवक की बाइक में एक कार चालक ने टक्कर मार दी जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कार मौके पर पलट गई और कार चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। बंडा के गांव पिपरा झपटी निवासी श्यामलाल का 35 वर्षीय पुत्र पप्पू बृहस्पतिवार सुबह करीब 10 बजे अपने घर से गैस सिलेंडर भरवाने के लिए निकला था तभी गांव देवकली के पास सामने से तेज रफ्तार कार से आ रहे जिला पीलीभीत के थाना पूरनपुर के गांव पडरिया निवासी 30 वर्षीय रिशू ने उसकी बाईक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे पप्पू की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कार चालक रिशू गंभीर रूप से घायल हो गया । घायल अवस्था में उसे बंडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं मृतक पप्पू अपने तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। उसकी मौत पर उसकी मां प्रेमवती, पत्नी ललिता देवी और चारों बच्चों का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं घटना के बाद पुलिस ने पप्पू के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## संजय कुमार विद्या मंदिर में संकुल स्तरीय समता प्रतियोगिता आयोजित

**जलालाबाद की टीम ने प्रथम स्थान किया प्राप्त**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



नववर्ष के शुभारंभ अवसर पर संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में गुरुवार को संकुल स्तरीय समता प्रतियोगिता का आयोजन अनुशासित, गरिमामय और प्रेरणादायक वातावरण में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में संकुल के विभिन्न विद्यालयों के आचार्यों ने सहभागिता की। आयोजन का उद्देश्य आचार्यों में शारीरिक विकास, समानता की भावना तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करना रहा। प्रतियोगिता में संकुल के पांच विद्यालयों संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, शाहजहांपुर; सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, पुवायां; सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, जलालाबाद; सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, तिलहर तथा बिहारीलाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज–के आचार्यों ने प्रतिभाग किया। विभिन्न चरणों में सभी टीमों ने अनुशासन, टीम भावना और ज्ञान का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिससे प्रतियोगिता रोचक व ज्ञानवर्धक बनी रही। निर्णायक मंडल द्वारा निष्पक्ष एवं सूक्ष्म मूल्यांकन के उपरांत घोषित परिणामों में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, जलालाबाद की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, तिलहर की टीम द्वितीय तथा संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, शाहजहांपुर की टीम तृतीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में रविन्द्र (महानगर विद्यार्थी प्रचारक), संदीप अवध, प्रदुल्य गुप्ता (महानगर शारीरिक प्रमुख) एवं डॉ. एस. के. मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सौरभ वार्ष्णेय सहित संकुल के सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य मौजूद रहे। सभी के मार्गदर्शन एवं सहयोग से प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

### पहले वेल्डिंग करने को लेकर चले लाठी-डंडे, चार घायल

**रोजा, शाहजहांपुर।** रोजा जंक्शन थाना क्षेत्र के ग्राम जमुका में संजय की ट्रैक्टर ट्रॉली रिपेयर की दुकान है। बुधवार दोपहर वह संजय की दुकान पर देवरिया गांव के इरफान और इबान जॉन अब ट्रैक्टर–ट्राली ठीक करने आए। संजय की दुकान पर इस समय ग्राम कटिया के उस्मान लाल मोहम्मद ट्रैक्टर–ट्रॉली ठीक करने आए। तभी देवरिया गांव के लोगों ने कहा मेरी ट्राली पहले आई है मेरी ट्राली पहले ठीक करो, तब कटिया कम्मू गांव के लोगों ने कहा मेरी ट्राली पहले ठीक करो। इसी बात पर बहस होने लगे। तब संजय ने कहा आप लोग लडो नहीं जो पहले आया है उसकी ट्रॉली पहले ठीक होगी। इसी बात पर गाली–गलौज होने लगी। लाठी डंडे से मारपीट होने लगी। तभी एक दूसरे लोगों ने हथौड़े से सर फोड़ दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को जिला अस्पताल भर्ती कराया। दोनों और से रिपोर्ट दर्ज कर दोनों और के लोगों को जिला अस्पताल भर्ती कराया। कोतवाली प्रभारी राजीव सिंह ने बताया किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था रिपोर्ट दर्ज कर दोनों का मेडिकल कराया गया।

## सड़क पर पड़े तार से हुआ हादसा, बाइक सवार हुआ घायल

**हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस**

**पीलीभीत, समृद्धि न्यूज़।**



दियोरिया कलां कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुजनी में गुरुवार सुबह 11 बजे के लगभग एक सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान मंजीत पुत्र सुनील, निवासी ग्राम नवदिया बंडा के रूप में हुई है। यह घटना तब हुई जब मंजीत थाना बंडा के ग्राम नवदिया से दियोरिया की ओर जा रहा था। बताया गया है कि बाइक के पिछले पहिए में तार लिपट जाने के कारण बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। इस हादसे में मंजीत को गंभीर चोटें आई हैं। सूचना मिलने पर दियोरिया कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल युवक को बिलसंडा सीएचसी में भर्ती कराया है, जहां उसका इलाज चल रहा है।

### एडीएम प्रशासन प्रभारी गेहूं खरीद अधिकारी नामितः डीएम



**शाहजहांपुर।** रबी विपणन वर्ष 2026–27 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत जिले में किसानों से सीधे गेंहू खरीद के लिए शासनादेश के क्रम में डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, को प्रभारी गेंहू खरीद अधिकारी नामित किया है। डीएम ने बताया कि एडीएम प्रशासन का दूरभाष कार्यालय नंबर 05842–225485, आवास नंबर 05842–225468 एवं सीयूजी मोबाइल नंबर 9454415877 है। जिस पर किसी भी किसान फोन कर अपनी समस्या निस्तारण करा सकता है।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| एडमिन यूनिट / जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य / उ.रे. |
|---|---|
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | 14233-SLR-F2-PYGS-MUR-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.01.2026 at 11:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | 14210-SLR-R1-LKO-PYGS-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.01.2026 at 11:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | 20402-SLR-F2-LKO-BSB-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.01.2026 at 11:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | 14216-SLR-F2-LKO-PYGS-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.01.2026 at 12:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | 14210-SLR-F2- LKO-PYGS-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.01.2026 at 12:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | 24204-SLR-R1-LKO-BSB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.01.2026 at 12:20 hrs. |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | 24204-SLR-F1- LKO-BSB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.01.2026 at 12:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | 20402-SLR-R1- LKO-BSB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.01.2026 at 12:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | 12231-SLR-R1-LKO-CDG-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.01.2026 at 12:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | 14216-SLR-F1-LKO-PYGS-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.01.2026 at 13:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | 14231-SLR-F1- PYGS-BST-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.01.2026 at 13:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | 14233-SLR-R1-PYGS-MUR-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.01.2026 at 13:20 hrs. |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | 24204-SLR-F2-LKO-BSB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.01.2026 at 13:30 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of **www.ireps.gov.in** |

4038/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## नेपाली हाथियों का आतंकः पीलीभीत में 23 बीघा गेहूं की फसल रौंदी, वन विभाग पर लापरवाही का आरोप

**पूरनपुर, पीलीभीत, समृद्धि न्यूज़।**



नेपाल से सटे पीलीभीत जिले की सीमा पर नेपाली जंगली हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। नेपाल के शुक्लाफांटा नेशनल पार्क से आसानी से भारतीय सीमा में घुस आने वाले इन हाथियों ने एक बार फिर किसानों की खड़ी फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। ताजा मामले में हाथियों ने लगभग 23 बीघा भूमि में खड़ी गेहूं की फसल को रौंद डाला, जिससे किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है।गौरतलब है कि यह कोई पहला मामला नहीं है। पहले भी कई बार नेपाली हाथी पीलीभीत टाइगर रिजर्व और आसपास के जंगलों में घुसकर फसलों को नुकसान पहुंचा चुके हैं। जंगल के निकटवर्ती गांवों के किसानों का कहना है कि हाथियों की चहलकदमी से वे रातभर खेतों की रखवाली करने को मजबूर हैं। हाथी रात में जंगल से निकलकर खेतों में घुस जाते हैं और फसलों को पूरी तरह बर्बाद कर देते हैं। प्रभावित किसानों ने बताया कि बार-बार वन विभाग को सूचना देने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिससे विभाग की लापरवाही साफ झलक रही है।किसानों का आरोप है कि वन विभाग नेपाली हाथियों पर अंकुश लगाने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है। इससे किसानों में विभाग और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ गुस्सा बढ़ता जा रहा है। एक किसान ने कहा, हमारी मेहनत की कमाई एक रात में बर्बाद हो जाती है, लेकिन विभाग सिर्फ निगरानी का दावा करता है। इस बीच, फसल नुकसान की भरपाई के लिए राजस्व विभाग की ओर से प्राकृतिक आपदा के तहत क्षति का आकलन कर मुआवजा देने की बात कही जा रही है। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा ले रही है और हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ने के प्रयास कर रही है।

## युवती को दूसरी बार फिर से भगा ले गया युवक

**पीड़ित मां ने पुलिस से कार्रवाई करने की लगाई गुहार**

**पीलीभीत।** एक महिला की पुत्री को एक युवक फुसलाकर फरार कर ले गया। जिसका वाद न्यायालय में विचाराधीन है। लेकिन इसके बाद फिर से युवक युवती को भाग ले गया युवती की मां ने युवक के द्वारा पुत्री को भगाकर ले जाने के मामले में पुलिस को लिखे शिकायती पत्र देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई। पुलिस ने युवती की मां के शिकायती पत्र पर आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले में जांच पड़ता है। थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली महिला ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र का रहने वाला गांव मुजफ्फरनगर का मोहित पुत्र बलराम सिंह उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ लेकर चला गया। जिस मामले में पुलिस से शिकायत की गई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया। जिसका बाद न्यायालय में विचाराधीन है लेकिन इसी बीच 28 दिसंबर की बीती रात्रि को आरोपी युवक युवती को अपनी मीठी-मीठी बातों में फंसा कर फिर से भगा ले गया।

## एसपी ने क्षेत्राधिकारी नगर के साथ हनुमत धाम मंदिर परिसर में किया पैदल गश्त



**शाहजहाँपुर।** पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्राधिकारी नगर के साथ थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत हनुमत धाम मंदिर परिसर पर थाना कोतवाली पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की गई। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय एवं क्षेत्राधिकारी नगर खाटू श्याम मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की गई । पैदल गश्त के दौरान क्षेत्र के प्रमुख मार्गो, बाजारों एवं संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण किया गया। आमजन से संवाद स्थापित कर उन्हें शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा आगामी त्योहारों के दृष्टिगत सतर्क रहने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। गश्त के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग कराई गई तथा संबंधित पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को सतर्कता बरतते हुए प्रभावी एवं संवेदनशील पुलिसिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पैदल गश्त का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में शांति व्यवस्था को सुदृढ़ करना तथा आमजन में सुरक्षा एवं विश्वास का भाव स्थापित करना रहा।

## मिट्टी से भरे डंपर ने साइकिल को मारी टक्कर, बच्चे की गई जान

**पीलीभीत, समृद्धि न्यूज़।**





जहानाबाद कोतवाली क्षेत्र में नए साल के पहले दिन एक सड़क हादसे में 12 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। सोमवार सुबह ब्रह्मदेव स्थल जा रहे ललित कुमार को एक डंपर ने टक्कर मार दी तेज नगर निवासी रामकुमार का पुत्र ललित कुमार (12) सोमवार सुबह अपने दोस्तों के साथ साइकिल से ब्रह्मदेव स्थल पर प्रसाद चढ़ाने जा रहा था। गांव से निकलकर बरेली-सितारगंज नेशनल हाईवे पर पहुंचते ही पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार डंपर ने उसकी साइकिल को टक्कर मार दी। यह डंपर कथित तौर पर हाईवे निर्माण कार्य में लगा था।टक्कर इतनी भीषण थी कि ललित गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गया। दुर्घटना के बाद डंपर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने तुरंत पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। डायल 108 एम्बुलेंस से घायल ललित को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) जहानाबाद ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचते ही किशोर ने दम तोड़ दिया। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जहानाबाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपी चालक की तलाश की जा रही है और तहरीर के आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## सेहत का नया साल

आज हम एक नये साल में प्रवेश कर रहे हैं। नववर्ष पर हम एक दूसरे को शुभकामनाएं देते हैं। मंगलकामनाएं अभिव्यक्त करते हैं। लेकिन नये वर्ष के आगमन के उत्साह में हम इकतीस दिसंबर को देर रात तक नये साल के जश्न में जुटे रहते हैं। इधर देश में प्रयोगधर्मी खानपान व नशीली पार्टियों का फैशन जैसा बन गया है। देर रात तक चलने वाली पार्टियों के बाद नये साल के पहले दिन ही हमारी नींद देर से खुलती है। फिर नये साल का पहला दिन ही सुस्ती और आलस्य के साथ शुरू होता है। कायदे से नये साल की शुरुआत एक ताजगीभरी सुबह के साथ होनी चाहिए। नये संकल्पों के लिए ऊर्जावान सुबह के साथ शुरू हो पहला दिन। निश्चित रूप से हमारा सामान्य जीवन व्यवहार बंधनों में नहीं बांधा जा सकता, लेकिन स्वस्थ जीवन के लिए कुछ नियम जरूरी भी हैं।

दरअसल, नये दौर में हम, खासकर नई पीढ़ी एक अराजक जीवन जीने को अपनी शान समझती है। अमेरिका में हुए कुछ शोधों के बाद पता चला है कि सुबह जल्दी उठना और रात को जल्दी सोना हमारी सेहत की गारंटी होती है। यह पुरानी भारतीय अवधारणा ही है। भारतीय समाज में ब्रह्ममुहूर्त में उठने की प्रतिष्ठित परंपरा रही है। इस समय प्रकृति एकाग्रता–ध्यान हेतु शांत होती है। शरीर के मल स्वतः बाहर निकलने की प्रक्रिया में होते हैं। यह तथ्यपरक है कि हम जितनी जल्दी नित्यकर्म से निवृत्त होते हैं, उतने जल्दी स्वस्थ होते हैं। नया साल न तो कोई जादू है और न ही चमत्कार करने वाला होता है। महज एक नये दिन मानक होता है। नया दिन बदलाव के संकल्प का और उससे जीवन को सुखमय बनाने का। यूं भी जब जनवरी के पहले दिन का आगमन होता है तो शीत का प्रकोप होता है, जिसके चलते जीवन की गति मंथर हो जाती है। संभवतः शीतजनित इस नीरसता व एकरसता को तोड़ने के लिए दुनिया में नववर्ष के उत्सव को बड़े पैमाने पर मनाने की परंपरा शुरू की गई होगी। सही मायनों में उत्सव का उल्लास हमारे तन–मन को स्वस्थ और मंगलमय बनाने के लिए होता है। लेकिन इस दौरान हम खानपान को लेकर अराजक व्यवहार करने लगते हैं। दरअसल, हमारा शरीर बेहद संवेदनशील व हमारी सेहत के प्रति सचेत होता है। शरीर का अपना उन्नत सुरक्षा–तंत्र लगातार हमारे स्वास्थ्य की फिक्र करता है। वह शरीर को सर्दी–गर्मी के अनुरूप अपना ताप नियंत्रित कर हमारे जीवन की रक्षा करता है। वह बार–बार संकेतों से हमें सचेत करता है। हम उसकी आवाज अनसुनी कर देते हैं। एक सीमा तक वह इसे बर्दाश्त करता है, लेकिन फिर असहाय होने की स्थिति में बीमार पड़ जाता है। अक्सर देखते हैं कि नये साल के जश्न, शादी–विवाह व मुफ्त की पार्टियों में हम जरूरत से ज्यादा खा लेते हैं। लेकिन खाने–पीने की अराजकता पेट को लगातार परेशान करती है। उत्सव व पार्टी में हम सामान्य दिनों की तुलना में ज्यादा खा लेते हैं। योग दर्शन बताता है कि पेट को चार भागों में मानकर दो भाग खाने के लिये, एक पानी और एक आकाश तत्व के लिये रखें। आकाश तत्व यानी खाली रखने के लिए, जिससे पाचन की क्रिया सुगम होती है।

हम किसी मशीन में भी कोई पदार्थ ठूंस–ठूंस कर भर दें, तो उसकी गति बाधित होती है। फिर पेट तो कोमलअंगी होता है। जापान के एक द्वीप में सौ से अधिक उम्र के सैकड़ों लोग मौजूद है, जिसने पश्चिमी शोधकर्ताओं को चकित किया। शोध में पता चला कि श्रमशील व प्रसन्न रहने वाले इस द्वीप के लोगों की एक खास आदत है, जब उन्हें लगता है कि खान पर्याप्त हो गया है, तो वे थाली का खाना उसी वक्त छोड़ देते हैं। यही उनकी लंबी उम्र का राज भी है। दरअसल, भूख हमारी शारीरिक जरूरत से अधिक मानसिक होती है। बढ़ती उम्र के साथ हमारे खाने की मात्रा में कमी होनी चाहिए। हम जीने के लिये खाएं, न कि खाने के लिए जीएं। अब चाहे नये साल की पार्टी हो या कोई पर्व–त्योहार, हमें संयमित भोजन का ही उपयोग करना चाहिए। हल्का, सुपाच्य व कम भोजन जहां दवा है, वहीं गरिष्ठ व अधिक भोजन हानिकारक हो सकता है।

# राष्ट्रीय नवोन्मेष और विकसित भारत की संकल्पना

**गिरीश्वर मिश्र**




पिछले एक दशक में भारत की छवि निश्चित रूप से एक सशक्त देश के रूप में निखरी है। नए वर्ष में इस बदलते भारत के भविष्य के बारे में सोचते हुए हमें देश की समृद्ध प्राचीन सभ्यता और आधुनिक राष्ट्र राज्य की संकल्पना दोनों को ध्यान में रखना होगा। लोक की स्मृति में अभी भी नैतिक और न्यायपूर्ण शासन के लिए राम-राज्य की अमिट छवि कायम है। न केवल साल 1950 में लागू भारत के संविधान की मूल प्रति में मौलिक अधिकारों वाले अध्याय के आरंभ में राम का चित्र अंकित किया गया था बल्कि साल 2025 में अक्टूबर तक 22 करोड़ लोग अयोध्या में रामलला के दर्शन कर चुके हैं। साल के अंत तक यह संख्या 50 करोड़ हो सकती है। इसलिए जहाँ वैश्वीकरण के अनुकूल आकांक्षाओं को ध्यान में रखना होगा वहीं नैतिकता, सत्य तथा अहिंसा जैसे मानदंडों की भी चिंता करनी है।

राम-राज्य धर्म का राज्य की संकल्पना है जिसमें समता, समानता और सौहार्द के साथ सबका हर तरह से कल्याण मुख्य लक्ष्य है। देश की प्रगति की कथा को देखें तो उसमें निरंतरता और परिवर्तन दोनों के तत्व मिलते हैं। आज हमें संयत होकर यह विचार करना होगा कि विकसित भारत कैसा होगा? यह प्रश्न इसलिए भी जरूरी हैं कि भारतीय समाज में अनेक प्रकार की बहुलताएँ हैं जिसे लेकर कुछ विचारक देश की मौलिक एकता को प्रश्नांकित करते हैं। वे भूल जाते हैं कि भारतीय दृष्टि में बहुलता अंतर्निहित मौलिक एकता का ही प्रकटन होती है- एकम् सद् विप्राः बहुधा वदंति। उसी एकता को खोजना पहचानने का उद्देश्य होना चाहिए। यही सात्विक ज्ञान है जैसा गीता में कहा गया है- अविभक्तम् विभक्तेषु यः पश्यति स पश्यति यानी बंटे हुओं में वह तत्व जो अनबंटा रहते हुए सब में मौजद रहता है उसे देखना चाहिए।

पूरे प्राणी जगत में निकटता को आधार बना कर विविधताओं का सह अस्तित्व और पारस्परिक संवाद इस भारत की मौलिक सोच रही है। ऐसे में दूसरा या अन्य अनन्य (गहरा दोस्त!) हो जाता है। तब दूसरा या 'पर' हमारे अपने स्व या आत्म का हिस्सा या 'अपर' हो जाता है। हम दूसरे का आदर करते हैं और अपरिचित को अतिथि देवता के रूप में पूजते हैं । यह अकारण नहीं है कि परिवार या कुटुंब का रूपक हमारी सोच में केंद्रीय है। सबको शामिल करते हुए वसुधैव कुटुंबकम् के लक्ष्य को अपनाते हुए ही विविधता में समरसता स्थापित हो सकेगी। देश की एकता, देश को अपनाने के भाव और देशप्रेम के लिए भी यह दृष्टि जरूरी है।

भविष्य पर गौर करते हुए ताजे अनुभवों पर ध्यान देना ठीक होगा।

बीता वर्ष भारत के लिए चुनौतियों भरा था। अमेरिकी नीति ने भारत के निर्यात, रुपये की कीमत, निवेश तथा भुगतान संतुलन आदि को लेकर मुश्किलें खड़ी कर दीं। राष्ट्रपति ट्रम्प की तथाकथित अमेरिकी हितों को आक्रामक ढंग से आगे धकेलने की नीति ने निश्चित ही व्यापारिक दृष्टि से अहित किया। अमेरिका द्वारा पारस्परिक सीमा शुल्क अर्थात् 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का निर्णय लिया गया। इन सबको देखते हुए स्थिति संभालने के लिए भारत ने कई कदम उठाए गए। जीएसटी की दरें कम की गईं और श्रम कानून में बदलाव लाया गया।

यह बड़ी उपलब्धि है कि अंतरराष्ट्रीय अनिश्चितिता की विकट परिस्थितियों में भी भारत की जीडीपी की दर विश्व में अव्वल दर्जे की बनी रही। खुदरा मंहगाई दर भी आठ साल में सबसे कम रही। अच्छी पैदावार, आपूर्ति श्रृंखला में सुधार, कच्चे तेल की कम कीमत ने इस परिस्थिति में मदद की। शेयर बाजार में घरेलू निवेशक हमारी अर्थव्यवस्था की ताकत बने। आयकर रिटर्न के दाखिलों और कर-संग्रह में भी सुधार हुआ। कई देशों के साथ व्यापार समझौते भी किए जा रहे हैं। बिजली, शहरी विकास, खनन, और वित्तीय सेवा के क्षेत्र में नई पहलें की गईं। भारत एक बड़ी वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने की राह पर अग्रसर है और अनुमान है कि साल 2030 तक 7.3 ट्रिलियन डॉलर जीडीपी के साथ वह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगा।

आशा की जाती है कि आर्थिक उन्नति से आम जनों का जीवन स्तर ऊँचा उठेगा। सामाजिक संरचना की दृष्टि से मध्यम वर्ग का आकार बढ़ रहा है जिससे खपत और शहरीकरण में वृद्धि और ग़रीबी में कमी के आसार बन रहे हैं। देश में बुनियादी ढांचा विस्तृत और सुदृढ़ हो रहा है। खासतौर पर डिजिटल प्रौद्योगिकी, कृत्रिम मेधा (एआई), अंतरिक्ष विज्ञान, मेट्रो और बुलेट ट्रेन आदि को लेकर प्रगति दर्ज हो रही है। मेड इन इंडिया के तहत मैन्युफैक्चरिंग, आईटी, स्वास्थ्य सेवा और स्टार्टअप्स में भारी वृद्धि से रोजगार के नए अवसर बढ़ रहे हैं। उत्पादन क्षेत्र में प्रगति की संभावना दिख रही है और स्वदेशी विकास की नीति अपनाई जा रही है। अनुमान है कि 5-जी और रोबोटिक्स के उपयोग का दायरा विस्तृत होता जायेगा। व्यापारिक लेनदेन अधिकाधिक 'कैशलेस' होते जाएँगे। अब ऑनलाइन ख़रीददारी और ओटीटी प्लेटफॉर्म तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। भविष्य में एआई का प्रभुत्व और भी बढ़ेगा। उसी के साथ साइबर अपराध भी बढ़ रहे हैं। ऐसे में साइबर सुरक्षा बड़ा महत्वपूर्ण सरोकार बन रहा है। इन सबके साथ यह भी याद रखना जरूरी है कि देश का भविष्य सिर्फ आर्थिक उन्नति के सूचकों तक सीमित नहीं किया जा सकता। आर्थिक विकास को केवल वृद्धि दर के अर्थ में ही नहीं, बल्कि रोजगार के अधिक अवसर, सामाजिक गतिशीलता और आम जनों के जीवन-स्तर में उन्नति के संदर्भ में भी देखना होगा। जनसंख्या का विशाल आकार और सबके लिए गुणवत्तापूर्ण जीवन सुनिश्चित करना निश्चित रूप से एक बड़ी चुनौती है। इसके लिए हमारी अर्थव्यवस्था को ज्ञान-केंद्रित और सामाजिक रूप से ज्यादा उत्तरदायी भी बनाना होगा। आत्मनिर्भर भारत के लिए अवसर भी है पर हम अपनी सीमाओं को भी नजरअंदाज़ नहीं कर सकते। उदाहरण के लिए युवा भारत को अक्सर एक पूंजी के रूप में घोषित किया जाता है पर इसके लिए कौशल, स्वास्थ्य और शिक्षा में निवेश करना होगा। कौशल विकास की कमी और युवाओं में बेरोज़गारी के चलते समाज में असंतोष पैदा हो रहा है। यद्यपि नई शिक्षा नीति के दस्तावेज में अनेक प्रावधान हैं पर उसकी विसंगतियों को दूर कर उनके कार्यान्वयन के लिए गंभीर प्रयास करने होंगे।

उपेक्षा और साधनों के अभाव में विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था में गिरावट चिंताजनक है। शिक्षा की पहुँच, उसकी गुणवत्ता और प्रासंगिकता को लेकर संशय बना हुआ है। इसी तरह सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा की मुश्किलें भी बढ़ी हैं। मानसिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी सुविधाएँ पर्याप्त नहीं हैं। अभी भी महिला श्रम-भागीदारी निम्न दर पर है। विकास रोजगार-रहित या अल्प-रोजगार वाला हो रहा है, आय और संपत्ति की असमानता भी बढ़ी है और अनौपचारिक क्षेत्र की असुरक्षा बनी हुई है। साथ ही जाति, वर्ग, लिंग और क्षेत्रीय विषमताएँ भी हैं। उनको दूर कर बहिष्कृत जनों का समावेश जरूरी होगा अन्यथा राजनैतिक दलों द्वारा सामाजिक ध्रुवीकरण कर चुनावी लाभ लेने का चक्र चलता रहेगा। हमें बहुलता और राष्ट्रीय एकता को जोड़ना आवश्यक है। देश की सांस्कृतिक विरासत का स्वागत-संवर्धन और वैश्वीकरण के आकर्षण के बीच भी तनाव है जिसका समाधान जरूरी है।

यह भी उल्लेखनीय है कि देश की सीमाओं पर विदेशी आतंक और अस्थिरता लाने वाले देशी तत्वों की ओर से लगातार चुनौती आती रहती है। इस सिलसिले में आपरेशन सिन्दूर ने भारत की श्रेष्ठ स्तर की सामरिक तैयारी और अचूक मारक क्षमता का परिचय दिया। दुर्भाग्यवश कई पड़ोसी देशों की राजनैतिक अस्थिरता और उथल-पुथल को देखते हुए सतत चौकसी और सावधानी की जरूरत बनी हुई है। साथ ही प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से होने वाली अंतरराष्ट्रीय दखल परिस्थिति को और जटिल बना रही है। आज विभिन्न देशों के समीकरण सीमित हितों को लेकर बन बिगड़ रहे हैं। यह मानवीय दुख है कि रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध अब चौथे साल में प्रवेश करेगा। संहार के बाद गाजा पट्टी की स्थिति दयनीय है। ईरान और इजरायल के बीच भी तनातनी जारी है।

आज डिजिटल प्रौद्योगिकी की क्रांति प्रशासन, शिक्षा और सामाजिक संबंधों समेत जीवन के हर हिस्से को नए ढंग से परिभाषित कर रही हैं। चुनौती है यह कि तकनीक को दक्षता का लाभ लेते हुए नैतिकता और मानवीय गरिमा के मूल्यों को कैसे सुरक्षित और संबर्धित किया जाय। डिजिटल रूप से सारे समाज का समावेश, डेटा विषयक नैतिकता और साइबर अपराध भारी चुनौती पेश कर रहे हैं। इसी तरह प्राकृतिक आपदाओं से मिलते संकेत जलवायु-परिवर्तन और तापमान में लगातार वृद्धि जैसे बदलाव पर्यावरणीय संकट की जटिलता को बता रहे हैं। भविष्य के लिए ये गहन चुनौतियाँ होंगी।

गौरतलब है कि भारतीय ज्ञान परम्परा और मूल्य दृष्टि प्रकृति के साथ संतुलन और सह जीवन पर बल देती आई है। वह प्रकृति के अंधाधुंध दोहन के विरुद्ध है। हमें अनिवार्य रूप से उपभोक्तावाद पर लगाम लगाते हुए ऐसी जीवन-शैली अपनानी होगी जो पर्यावरण और सतत विकास के विरुद्ध न हो। भारत का भविष्य उज्ज्वल और संभावनाओं से भरा है, जो एक युवा आबादी, तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, और तकनीकी प्रगति से अनुप्राणित है; हालाँकि, इसे गरीबी, जलवायु परिवर्तन और सामाजिक असमानताओं जैसी चुनौतियों का भी सामना करना पड़ रहा है। इन्हें दूर करने के लिए नवाचार और समावेशी विकास की आवश्यक है। यह भी जरूरी होगा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं में जनता का भरोसा बढ़े और सामाजिक संवाद तथा सहिष्णुता को बढ़ावा मिले। इसके लिए भागीदारी, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व के अभ्यास पर व्यावहारिक स्तर पर बल देना होगा।

**(लेखक, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय, वर्धा के पूर्व कुलपति हैं।)**

विचार

# मोदी व नेता प्रतिपक्ष के बीच टकराव का साल

*विजय विद्रोही*

भले ही कोई जीते लेकिन 2026 टकराव का साल रहने वाला है। यह टक्कर प्रधानमंत्री मोदी और नेता प्रतिपक्ष के बीच देखने को मिलेगी। दरअसल 2024 के लोकसभा चुनावों के नतीजों के साथ ही टकराव का जो दौर शुरू हुआ था, वह अब भारतीय राजनीति में एक सिलसिला बनता जा रहा है। राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक मोर्चे पर मोदी सरकार की अग्निपरीक्षा होनी है, तो राहुल गांधी के लिए अपनी कांग्रेस पार्टी को संभालना चुनौतीपूर्ण साबित होने वाला है। 2026 में राहुल गांधी जन आंदोलन की सियासत करते दिख सकते हैं। इसमें 'जेन जी' की भूमिका से भी इंकार नहीं किया जा सकता।

मोदी इसका तोड़ निकालने के लिए सालाना बजट में आथ्र्थक सुधार को गति प्रदान कर सकते हैं। अमरीका से व्यापारिक समझौते पर सबकी नजरें होंगी। असम, बंगाल, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव होने हैं। भाजपा के नजरिए से देखा जाए तो उसे असम में फिर से जीतना है। केरल और तमिलनाडु में वह न तीन में है और न तेरह में। बंगाल में भाजपा अगर जीती तो चमत्कार होगा और विपक्ष की राजनीति को सदमा लगेगा। लेकिन अगर भाजपा 100 सीट पार करती है तो भी पीठ थपथपाने की अधिकारी होगी। उधर कांग्रेस को हर कीमत पर केरल में तो जीत हासिल करनी ही होगी। केरल के वायनाड से ही प्रियंका गांधी सांसद हैं और केरल की जीत प्रियंका गांधी के खाते में ही जाएगी। असम में कांग्रेस दुविधा में है कि उसे बदरुद्दीन अजमल के साथ जाना चाहिए या नहीं। पिछली बार कांग्रेस को भाजपा से सिर्फ 5 लाख वोट कम मिले थे। वैसे कांग्रेस एक चुनाव हाथ मिलाकर हार चुकी है और एक चुनाव अकेले लड़ कर भी हार चुकी है। कुल मिलाकर देखा जाए तो विधानसभा चुनावों में बहुत भारी उलटफेर होता दिख नहीं रहा है।

राहुल गांधी लेकिन गांव-गांव, पांव-पांव कार्यक्रम में भारत जोड़ो यात्रा का अक्स देख रहे हैं। मनरेगा का नाम बदल कर जी राम जी करने के खिलाफ 5 जनवरी से गांवों में धरने-प्रदर्शन का सिलसिला कांग्रेस शुरू करने जा रही है। राहुल गांधी को लगता है कि ग्रामीण जनता के सहयोग से इसे जन आंदोलन का रूप दिया जा सकता है और दिल्ली के किसान आंदोलन को दोहराया जा सकता है। अगर किसान वर्ग कांग्रेस के साथ जुड़ गया और विपक्ष ने भी अपना पूरा जोर लगाया तो सियासी खेल में नया रोमांच पैदा हो सकता है।

शहरों का युवा और मध्यम वर्ग वैसे ही घटती बचत, बेरोजगारी आदि से परेशान है। यह वर्ग 2024 के लोकसभा चुनावों में अपना गुस्सा सामने ला भी चुका है। राजनीतिक मोर्चे को तो मोदी-अमित शाह की जोड़ी संभाल लेगी, पर आथ्र्थक मोर्चा आंकड़ों के आधार पर फतह नहीं किया जा सकता। जिस देश में विकास दर 8.2 फीसदी हो, उस देश में डालर के मुकाबले रुपया इतना कमजोर क्यों है? उस देश में विदेशी पूंजी निवेश ठहर सा क्यों गया है? उस देश में जी.एस.टी. कलैक्शन स्थिर क्यों होता जा रहा है। उस देश में नौकरियों के मौके बढ़ क्यों नहीं रहे? उस देश में पूंजीपति बैंक में 5 से 6 लाख करोड़ रुपए क्यों रखे हुए हैं, नया उद्योग क्यों नहीं खोल रहे? इन सवालों के जवाब देश चाहता है लेकिन चुप्पी है। क्या यह बताया जाएगा कि ट्रम्प के साथ व्यापार की डील कहां अटकी हुई है और कब तक हस्ताक्षर होने की उम्मीद है?



इन सवालों के जवाब मिल जाएं तो कार्पोरेट जगत भी तय कर पाएगा कि उसे कितना पैसा लगाना है, कहां लगाना है। चीन से आयात खतरनाक स्तर तक बढ़ता जा रहा है। भारतीय उद्योगपति पूछ रहे हैं कि आखिर कौन सा उद्योग खोलें जो चीन में नहीं हो। श्रम कानून, बीमा को पूरी तरह से खोलना, परमाणु ऊर्जा में निजी क्षेत्र की अनुमति आथ्र्थक सुधारों की तरफ गंभीर इशारा कर रहे हैं लेकिन भारतीय उद्योग जगत का आत्मविश्वास अभी डगमगाया हुआ है।

आर्थिक मोर्चा कहीं न कहीं देश के सामाजिक धार्मिक ताने-बाने से, कानून व्यवस्था से जुड़ा हुआ है। इस बार क्रिसमस के मौके पर देश के आधा दर्जन राज्यों में करीब 2 दर्जन घटनाएं हुई हैं जो नहीं होनी चाहिए थीं। दुनिया के 200 देशों में से करीब 120 देश ईसाई धर्म को मानते हैं। इनमें से बड़ी संख्या में अमीर लोकतांत्रिक देश हैं। अगर माहौल ऐसा विषैला रहेगा तो कौन पूंजी लगाने आएगा? कौन कूटनीतिक मोर्चे पर भारत के साथ खड़ा नजर आएगा? मुस्लिम बहुल दुनिया में 50 देश हैं जिनकी नाराजगी भारी पड़ सकती है। अगर हर नीति-रणनीति चुनाव को मद्देनजर रख कर बनेगी तो बुनियादी मुद्दों का क्या होगा? कांग्रेस कमजोर है, विपक्ष बिखरा है, संघ बैकफुट पर है, एन.डी.ए. के साथी दल अपने-अपने राज्यों में उलझे हुए हैं, संगठन और सरकार में कोई चुनौती देने वाला नहीं है, लोकप्रियता बरकरार है। यानी सब कुछ मोदी के पक्ष में है। इस मजबूत नींव पर भविष्य की इमारत खड़ी करने का सुनहरा मौका है। हुड़दंगियों पर काबू करना बाएं हाथ का खेल है। संगठन में बदलाव और सरकार में फेरबदल क्या पहला कदम होगा? उसके बाद नए सिरे से मोदी सरकार जनता के बीच दिखेगी, जिसमें नौजवान चेहरे होंगे, नई योजनाएं होंगी और नया कोई नारा होगा। प्रियंका गांधी और मोदी साथ-साथ चाय पी चुके हैं। नए साल में चाय की चुस्कियों का दौर चलता है या चाय के प्याले में तूफान उठता है, देखना दिलचस्प रहेगा।

साहित्य



## अमूल्य हैं स्त्री धन...!

**संजय एम तराणेकर**

स्त्री को चल संपत्ति के रूप में जाने लगा है आँका,
विवाह आर्थिक सौदेबाजी का माध्यम बना ख़ाका।
ससुराल पक्ष ने केवल सुख–सुविधा को ही तलाशा,
एक रंगीन टीवी, मोटरसाइकिल नगद मूल्य आशा।

उपहारों और सामाजिक अपेक्षाओं की लेते हैं आड़,
विधिक परिभाषाओं से फिसल रहीं बनें तिल–ताड़।
यह मात्र आपराधिक घटनाएँ नहीं, हिंसा का द्योतक,
भारतीय समाज की पितृसत्तात्मक संरचना घातक।

विवाह को उपभोक्तावाद ने नैतिक दिशाहीन में ढेला,
स्त्री देह, श्रम व उत्तराधिकार पे न हो वर्चस्व का मेला।
विवाह में स्त्री की समानता के भाव को चिन्हित करें,
स्त्री धन अमूल्य हैं–माँ, बहन, बेटी सम्मान ध्यान धरों।



## राशिफल

**मेषः**– व्यावसाय में लाभ की संभावना है ऐसा गणेशजी कहते हैं। नौकरी व व्यापार में सहकर्मियों से सहयोग नहीं मिलेगा। लंबी यात्रा का आयोजन हो सकता है। अस्वस्थ रहेंगे।

**वृषभः**– मन को स्थिर रखने की सलाह गणेशजी देते हैं, क्योंकि अर्निणय की मनोदशा से अवसर गवां सकते हैं। प्रवास का आयोजन टाल दें। नए कार्य प्रारंभ न करें।

**मिथुनः**– लक्ष्मीजी की कृपा से दिन लाभदायी होगा। उत्तम भोजन, सुंदर वस्त्र व अपनों के साथ से दिन आनंददायी होगा। धन अधिक व्यय न करें।

**कर्कः**– गणेशजी कहते हैं कि आप में उत्साह व स्फूर्ति की कमी होगी। परिजनों के साथ विवाद न करें। अस्वस्थ महसूस करेंगे। नौकरी में चिंता रहेगी। धन व कीर्ति की हानि न हो ध्यान रखें।

**सिंहः**– आज का दिन लाभदायी है। मित्रों से लाभ और पर्यटन की संभावना है। हाथ आया अवसर जा सकता है, इसलिए निर्णय टाल दें। व्यापार एवं आर्थिक लाभ के योग हैं।

**कन्याः**– आज दिन शुभ है। नए कार्य संपन्न होंगे। व्यापारी व नौकरीपेशा लोगों के लिए समय अच्छा है। व्यापार में लाभ व नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। पिता से लाभ होगा।

**तुलाः**– आज का दिन शुभ और फलदायी होगा। महत्त्वपूर्ण निर्णय न लेने की सलाह है। यात्रा के योग हैं। लेखनकार्य के लिए अच्छा दिन है। महिला के साथ विवाद में न उतरें।

**वृश्चिकः**– आज शांति व सावधानीपूर्वक रूप से रहने की गणेशजी की सलाह है। नए कार्यों में असफलता के योग हैं। क्रोध पर संयम रखें। सरकार विरोधी प्रवृत्तियों से दूर रहें।

**धनुः**– आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। सहवास का आनंद मिलेगा। प्रवास, पर्यटन होगा। लेखनकार्य के दिन अनुकूल है। साझेदारी से लाभ होगा।

**मकरः**– व्यापार में विकास के लिए आज का दिन लाभकारी रहेगा। धन के लेनदेन में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा।

**कुंभः**– आप की वाणी व विचारों में शीघ्र परिवर्तन होगा। बौद्धिक चर्चा में शामिल होंगे। आकस्मिक खर्च की आशंका है। पाचन न होने जैसी बीमारियों से परेशान होंगे।

**मीनः**– कोई भी महत्त्वपूर्ण निर्णय न लें। संबंधियों से मनमुटाव हो सकता है। वाणी पर संयम रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मानहानि एवं धनहानि से बचें।

# गिग वर्कर्स की हड़ताल

नए साल की पूर्व संध्या पर देश में एक ऐसा वाकया हुआ, जिसकी कल्पना सुविधाभोगी संपन्न तबके ने नहीं की थी। 31 दिसंबर को देश भर के डिलीवरी करने वाले गिग वर्कर्स हड़ताल पर उतर आए। इसका मतलब यह हुआ कि स्विगी, जोमैटो, जेप्टो, ब्लिंकिट, अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसी कंपनियों से जुड़े हजारों डिलीवरी पार्टनर्स ने बुधवार को ऐप बंद करके काम रोका, जबकि यह दिन उनके लिए काम के लिहाज से सबसे व्यस्ततम दिनों में से एक होता है। कुछ साल पहले तक पड़ोस के परचून की दुकान वाला घर पहुंच सेवा दिया करता था। हालांकि उसमें कोई समयसीमा नहीं होती थी, फिर भी बुर्जुगों, अकेले रहने वालों या अन्य तरह से जरूरतमंदों के लिए यह बड़ी सुविधा होती थी। इसी चलन को मोबाइल ऐप्स पर आधारित कर एक नए किस्म का व्यवसाय खड़ा कर दिया गया।

घर बैठे 10 मिनट में सारी चीजें मिलने लगीं, मानो कोई चिराग का जिन्न हो, जो आदेश देते ही उसे पूरा कर दे। पलक झपकते ही इच्छा पूरी होने वाली बात मुहावरे तक सीमित नहीं रही, उसे गिग वर्कर्स ने सच कर दिखाया। हालांकि इसमें उनके लिए जो खतरे बढ़े, उसे पहचानते हुए भी दूर करने की पहल नहीं की गई। इसलिए अब उन्हें हड़ताल पर उतरना पड़ा है।यह हड़ताल तेलंगाना गिग एंड प्लेटफॉर्म वर्कर्स यूनियन यानी टीजीपीडब्ल्यूयू और इंडियन फेडरेशन ऑफ ऐप-बेस्ड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स यानी आईएफएटी के बैनर तले की गई। आईएफएटी ने केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया को लिखे एक खत में 10 मिनट की असुरक्षित डिलीवरी व्यवस्था पर रोक लगाने, सही मजदूरी देने, हाल ही में लागू नए श्रम कानूनों के तहत कंपनियों को नियमों में लाने और यूनियन बनाने तथा मोल-भाव करने के अधिकार को मान्यता देने की मांग की है। टीजीपीडब्ल्यूयू के नेता शेख सलाउद्दीन का कहना है कि प्लेटफॉर्म कंपनियां 10 मिनट डिलीवरी का विकल्प पूरी तरह हटा दें, क्योंकि इससे कर्मचारियों पर बहुत दबाव पड़ता है और दुर्घटनाएं बढ़ती हैं। इसके साथ ही, पुरानी भुगतान व्यवस्था बहाल की जाए, जिसमें त्योहारों जैसे दशहरा, दीवाली और बकरीद पर अच्छा वेतन और भत्ता मिलता था। गौरतलब है कि इस साल की शुरुआत में सरकार ने सोशल सिक्योरिटी कोड को लागू किया, जिससे गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स को पहली बार एक औपचारिक सुरक्षा व्यवस्था के दायरे में लाया गया। इससे इन कर्मचारियों का एक राष्ट्रीय डेटाबेस पर रजिस्ट्रेशन हो सकेगा और वे स्वास्थ्य, विकलांगता, दुर्घटना बीमा और बुढ़ापे की सहायता जैसी योजनाओं का फायदा उठा सकेंगे। इसका मकसद लाखों कर्मचारियों को उनकी गैर-परंपरागत नौकरी के बावजूद बुनियादी सुरक्षा देना है। सोशल सिक्योरिटी कोड, 2020 के तहत, पहली बार गिग वर्कर्स, प्लेटफॉर्म वर्कर्स और एग्रीगेटर्स कंपनियों की परिभाषा दी गई है।

इस कोड में गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स के लिए एक सोशल सिक्योरिटी फंड बनाने की योजना है, जिसमें केंद्र और राज्य सरकारें, कंपनियों की सामाजिक जिम्मेदारी की राशि, जुर्माने आदि से पैसा आएगा।ये सारे प्रावधान सुनने में अच्छे लगते हैं, लेकिन जमीन पर ये कितने उतरे हैं, इसकी हकीकत साल के आखिरी दिन हुई हड़ताल ने जाहिर कर दी। प्रधानमंत्री मोदी दावा करते हैं कि वे श्रम का सम्मान करते हैं, लेकिन ये हड़ताल कुछ और ही कहानी बयां करती है। असल में ये मोदी सरकार की नाकामी का एक और सबूत है। सरकार युवाओं को रोजगार के नाम पर पकौड़ा तलने और रील बनाने की सलाह देती है। जो लोग ये नहीं कर पा रहे, वो अब गिग वर्कर बनने पर मजबूर हैं। नीति आयोग की 2022 की रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2020 में भारत में लगभग 77 लाख गिग वर्कर्स थे, जिनकी संख्या 2030 तक बढ़कर 2.35 करोड़ होने का अनुमान है। गिग अर्थव्यवस्था में युवाओं (16 से 23 वर्ष आयु वर्ग) की भागीदारी 2019 से 2022 के बीच आठ गुना बढ़ी है।

ये आंकड़े बता रहे हैं कि स्थायी रोजगार न मिलने की वजह से युवा वर्ग डिलीवरी का काम करने पर मजबूर है। उसकी मजबूरी का फायदा कंपनियां उठा रही हैं। शेख सलाउद्दीन कहते हैं, डिलीवरी करने वाले वर्कर्स की फीस को दिन ब दिन कम किया जा रहा है। प्रति ऑर्डर पहले 80 रुपये फिर 60 रुपये और अब 10 रुपये 20 रुपये, 15 रुपये तक दे रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि हम बातचीत के लिए तैयार हैं, लेकिन कंपनियां हमें धमकी दे रही हैं।

वेयरहाउस के पास बाउंसर तैनात किए जा रहे हैं और कर्मचारियों के आईडी ब्लॉक किए जा रहे हैं। अब सवाल ये है कि क्या इन कंपनियों को सरकार का बिलकुल खौफ नहीं है, जो वो डिलीवरी करने वाले कर्मियों के वेतन मनमाने तरीके से कम कर रही है, और उन्हें मजबूर कर रही है कि वो काम करें। क्या श्रम मंत्रालय भी इस इंतजार में था कि गिग वर्कर्स अपनी मांगों को सामने रखने के लिए हड़ताल करें, तब उन्हें सुना जाएगा। इस काम में जुड़े 70-80 लाख लोग अगर अपनी आजीविका और अपनी जिंदगी की सुरक्षा को लेकर परेशान हैं, तो सरकार को इस बारे में पता क्यों नहीं चला। ऐसा नहीं है कि पहली बार ये हड़ताल हुई है। पिछले हफ्ते यानी 25 दिसंबर को भी ऐसी ही हड़ताल हुई थी, जिसमें पूरे देश से करीब 40 हजार कर्मचारी शामिल हुए थे, और 31 तारीख की हड़ताल में 1.5 लाख से ज्यादा कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। उनकी मांगे थीं कि एल्गोरिदम से कंट्रोल होने वाली सिस्टम में पारदर्शिता लाई जाए। सही इंसेंटिव दिए जाएं। शिकायत निवारण की अच्छी व्यवस्था हो। हेल्थ इंश्योरेंस, एक्सीडेंट कवर और पेंशन जैसी सोशल सिक्योरिटी मिले। महिलाओं के लिए सुरक्षित कामकाज, मेटर्निटी लीव और इमरजेंसी लीव हो। प्रति किलोमीटर कम से कम 20 रुपये की न्यूनतम दर हो और मनमाने तरीके से आईडी ब्लॉक करना बंद हो। कर्मचारियों ने अपील की है कि, इस मामले श्सरकार को तुरंत दखल देना चाहिए। सरकार प्लेटफॉर्म कंपनियों को रेगुलेट करें, मजदूरों के उत्पीड़न को रोकें और सही मजदूरी, सुरक्षा और सोशल प्रोटेक्शन पक्का करे। गिग इकॉनमी मजदूरों के टूटे हुए शरीर और खामोश आवाजों पर नहीं बनाई जा सकती। गिग वर्कर्स ने पूरी स्पष्टता के साथ अपनी मांगें सामने रखीं हैं, अब देखना होगा कि सरकार इस पर कोई कार्रवाई करती है या इस पर लीपापोती करती है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### राजमिस्त्री ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या करने का किया प्रयास

**चरखारी/महोबा।** कस्बा के मोहल्ला छोटा रमना निवासी राजमिस्त्री मुन्ना पुत्र बाबूलाल उम्र 50 वर्ष ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश कर डाली। परिजनों ने जब उसे फॉसी से लटकता देखा तो हड़कम्प मच गया। आनन–फानन में परिजनों द्वारा उसे फॉसी के फन्दे से उतारकर इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राप्त विवरण के अनुसार काम से लौटे राजमिस्त्री मुन्ना ने घर के अन्दर फांसी लगा ली। कुछ देर बाद पत्नी रामकली ने उसे फॉसी से लटकता देखा तो वह चीख पड़ी। पत्नी की आवाज सुनकर बच्चे मौके पर पहुंचे और तत्काल दरवाजा तोड़कर रस्सी काटते हुए उन्हें नीचे उतारा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों द्वारा उसे गंभीर अवस्था में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरखारी में भर्ती कराया गया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत में सुधार न होने पर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल राजमिस्त्री का जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

### हर्षोल्लास से मनाया गया नए वर्ष का जश्न

**कुलपहाड़/महोबा।** नगर में नए वर्ष का समारोह अनोखे अंदाज में मनाया गया। अर्ध रात्रि में बस स्टैंड पर नगर पंचायत अध्यक्ष, समाजसेवियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने रोड लाइट का उद्घाटन कर जश्न मनाया एवं एक दूसरे को 2026 की बधाइयां दी और मिठाई खिलाकर हैप्पी न्यू ईयर बोला। नगर पंचायत कुलपहाड़ द्वारा बस्ती से निकले राष्ट्रीय राजमार्ग की डिवाइडर पर 65 खंभों की स्ट्रीट लाइट लगाई गई है, जिसमें दोनों ओर लाइटिंग एवं खंभों में तिरंगा लाइट लगाई गई। इसके अलावा वैभवशाली कुलपहाड़ लिखे रंगो साइन बोर्ड भी लगाए गए। जिसका उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष वैभव अरजरिया, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ कमलेश सक्सेना, उप जिलाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी रविकांत गौंड द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। सुगिरा निकास से लेकर लाड़पुर निकास तक समूचे बस्ती में कुलपहाड़ नगर की सड़क जगमगा गई है। इसको देखकर लोगों द्वारा बेहद खुशी जाहिर की जा रही है।

### पनवाड़ी बस स्टैंड तिगेला पर डबल डेकर बसों से रोज़ाना जाम, अतिक्रमण बना बड़ी समस्या

**पनवाड़ी (महोबा)।** पनवाड़ी कस्बे के बस स्टैंड तिगेला क्षेत्र में हर दिन जाम लगना आम समस्या बन चुकी है। मुख्य मार्ग पर दुकानों का फुटपाथ तक फैला अतिक्रमण, सड़क किनारे खड़े वाहन और दिल्ली–इंदौर मार्ग पर चलने वाली डबल डेकर बसों के बस स्टैंड पर रुकने से स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। जाम के कारण आवागमन घंटों बाधित रहता है और स्थानीय लोग, स्कूली बच्चे तथा मरीजों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। स्थानीय लोगों व समाजसेवियों के अनुसार बस स्टैंड पर कई दुकानदार सड़क तक कब्जा कर अपनी दुकानें बढ़ाए हुए हैं, जिससे रास्ता संकरा हो गया है। डग्गामार वाहन आड़े–तिरछे खड़े हो जाने से स्थिति और बिगड़ जाती है। सड़क पर जगह न होने के कारण जब डबल डेकर बसें खड़ी होती हैं, तो पूरा मार्ग ठप हो जाता है। मीडिया कर्मियों और समाजसेवियों ने इस समस्या को कई बार थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र प्रताप सिंह के संज्ञान में भी लाया था। थाना प्रभारी ने दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने के अल्टीमेटम दिया था, लेकिन दुकानदारों पर इसका खास असर नहीं दिखा। सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट के आदेशों के बावजूद मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण हटाने में लापरवाही बरती जा रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सीईओ कुलपहाड़ और थाना प्रभारी द्वारा हाल ही में पटरी दुकानदारों व डग्गामार वाहनों को बस स्टैंड के बाहर खड़ा करने के निर्देश दिए गए थे, मगर जमीन पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब तक कड़ा एक्शन नहीं लिया जाएगा, तब तक बस स्टैंड तिगेला की यह समस्या ज्यों की त्यों बनी रहेगी। थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि शीघ्र ही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी, ताकि बस स्टैंड क्षेत्र में लगने वाले रोज़ाना के जाम से जनता को राहत मिल सके। स्थानीय व्यापारियों व वाहन चालकों से भी सहयोग की अपील की गई है।

### सपा ने गरीब व असहाय लोगों को वितरिए किए कंबल



**मौदहा हमीरपुर।** समाजवादी पार्टी द्वारा गरीब व असहाय लोगों को इस हाड़ कपाऊं ठंड में कंबल वितरित कर उन्हें राहत प्रदान की। नगर के हुसैनगंज मोहल्ले में गुरुवार को समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष जावेद पहलवान ने वर्तमान समय में चल रही शीत लहर को लेकर नगर के गरीब व असहाय लोगों को कंबल वितरित किया। कंबल मिलने पर गरीब वअसहाय लोगों ने उन्हें दुआएं दी। इस मौके पर शहर पेश इमाम कारी करामात उल्ला, कारी सनाउल्लाह, मौलाना अताउररहमान, कांग्रेस पार्टी के विवेक चंद्र, नगर अध्यक्ष अहमद हसन, सफकतउल्ला राजू के अलावा समीर अहमद, जाहिद मसूद, मन्नू भैया, जावेद कुंबले व अनीस अहमद राजू मास्टर सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### युवक की बीमारी के चलते जिला अस्पताल में मौत


**कुराra, हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के बेरी गांव निवासी युवक की बीमारी के चलते जिला अस्पताल में मौत हो गई। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराया है। क्षेत्र के बेरी गांव निवासी युवक अखिलेश 25 वर्ष पुत्रबृजलाल बीमारी से पीड़ित था। जिसको परिजन जिला अस्पताल लेकर गए थे। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा।

### अज्ञात कारणों के चलते युवक ने फांसी लगाई

**कुरारा, हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के बेरी गांव में अज्ञात कारण के चलते युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर गए। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। क्षेत्र के बेरी गांव निवासी युवक अखिलेश 25 वर्ष पुत्र बृजलाल ने अपने घर में फांसी लगा ली। इसकी जानकारी परिजनों को हुई तो उसे लेकर जिला अस्पताल गए। वहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस को सूचना मिलने पर शव का पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम को भेजा है।

### सागौन के पौधे रोपित कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश





**भरुआ, सुमेरपुर।** नववर्ष के उपलक्ष्य में यूआईएल की सहयोगी कंपनी बीम प्रोडक्ट एंड सर्विस प्राइवेट लिमिटेड ने सागौन की 51 पौधों का रोपण करके पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया बहुराष्ट्रीय कंपनी यूआईएल की सहयोगी कंपनी बीम प्रोडक्ट एंड सर्विस प्राइवेट लिमिटेड ने 51 सागौन के पौधों का रोपण करके नववर्ष का स्वागत किया। कंपनी ने पौधरोपण करके पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर प्रोजेक्ट मैनेजर राधेश्याम तिवारी, कंपनी मैनेजर एलबी सिंह, विकास कुमार, अंकित उपाध्याय, जयप्रकाश, सुखलाल आदि कर्मी मौजूद रहे।

### आटो और बाइक की सीधी टक्कर, दो गंभीर

**मौदहा, हमीरपुर।** क्षेत्र के सिलौली के निकट बाइक और आटो में सीधी टक्कर हो गई जिसमे बाईक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हे इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया गुरुवार सुबह मौदहा बिंवार सम्पर्क मार्ग पर कोहरे का कहर देखने को मिला जहां सिलौली के निकट आटो और बाईक की सीधी टक्कर हो गई जिसमे बाईक सवार बिंवार निवासी विनोद (28)पुत्र लल्लू और विपिन कुशवाहा (30)पुत्र कल्लू गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि, बाईक के परखच्चे उड़ गए। दोनों घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां से दोनों युवकों की हालत गंभीर होने के चलते प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। वहीं आटो चालक आटो छोड़कर मौके से फरार हो गया। फिलहाल दोनों घायलों की स्थिति नाजुक बताई जा रही है।

### राष्ट्रीय ग्राम स्वरोजगार पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने को दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



**कुरारा, हमीरपुर।** स्थानीय विकास खंड सभागार में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज योजनांतर्गत पंचायतों को आत्म निर्भर बनाने हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज योजना के अंतर्गत ग्राम प्रधान व पंचायत सहायकों को स्वयं के आय श्रोत हेतु विभागीय पोर्टल एप्लिकेशन पर दो दिवसीय प्रशिक्षण तकनीकी प्रथम दिवस संपन्न हुआ। डीपीआरसी महोबा की सीनियर मैनेजर प्राची गुप्ता ने प्रशिक्षण की उपयोगिता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सहायक फैकल्टी इरफान खान द्वारा ऑनलाइन प्रमाण पत्र बनाने व फीडबैक भरने की जानकारी दी प्रशिक्षक रामावतार व श्याम कुमार ने पोर्टल से संबंधित समस्त पहलुओं पर जानकारी दी गई। सहायक विकास अधिकारी धर्मेंद्र पाल ने प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर ग्राम प्रधान व पंचायत सहायक मौजूद रहे।

## सड़क सुरक्षा माह

# डीएम ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना





**महोबा, समृद्धि न्यूज।** शासन द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह एक से 31 जनवरी तक मनाये जाने का निर्देश दिया गया है, उक्त निर्देश के अनुपालन में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज द्वारा आम जनमानस में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया तथा उपस्थित जनों को यातायात नियमों का अनुपालन करने के लिये प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम के अवसर पर कार्यक्रम के नोडल अधिकारी दयाशंकर, एआरटीओ प्रशासन एवं प्रवर्तन, क्षेत्राधिकारी यातायात तेजसिंह, प्रेमचन्द्र यादव जिला विद्यालय निरीक्षक, राहुल मिश्रा बेसिक शिक्षा अधिकारी, अवधेश कुमार अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद महोबा,अनिल कुमार अधिशाषी अभियन्ता लोनिवि,सुनील कुमार सिंह उप यातायात निरीक्षक, राजेन्द्र कुमार सोनी (अध्यक्ष बस ऑपरेटर यूनियन) अल्ताफ हुसैन अध्यक्ष ट्रक ऑपरेटर यूनियन महोबा, रामजी गुप्ता व्यापार मण्डल अध्यक्ष, शिवकुमार गोस्वामी (भूतपूर्व प्रधानाचार्य/समाज सेवी),प्रवर्तन शाखा के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### एसपी ने पीआरवी वाहनों को दिखाई हरी झंडी

**महोबा।** उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय,आपातकालीन सेवा डायल–112 की ओर से जनपद महोबा को प्राप्त 4 नये पीआरवी वाहनों को पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस लाइन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जनपद को प्राप्त नये चार–पहिया वाहन (स्कार्पियो) कानून–व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं आपातकालीन पुलिस सेवा को और प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। नये वाहनों के शामिल होने से डायल–112 सेवा का रिस्पांस टाइम घटेगा तथा पीड़ितों को तत्काल पुलिस सहायता मिल सकेगी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पीआरवी वाहनों में नियुक्त पुलिस कर्मियों से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें आपातकालीन सेवा डायल–112 की महत्ता से अवगत कराया गया तथा प्रत्येक प्राप्त सूचना पर त्वरित रिस्पांस देते हुए तत्काल प्रभावी कार्यवाही करने हेतु ब्रीफ किया गया। बताते चलें कि मुख्यालय 112 से जनपद महोबा को कुल 18 पीआरवी वाहन प्राप्त हुये थे जिनमें से 14 वाहनों को पूर्व में जनपद के थानों पर रवाना किया जा चुका है। इस तरह वर्तमान में जनपद महोबा में कुल 32 पीआरवी वाहन आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण जनपद के समस्त थाना क्षेत्र में संचालित है। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक/नोडल 112 वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी कार्यालय तेज प्रकाश सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर अरुण कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी कार्यालय–112 गौरव उपाध्याय, प्रभारी 112 विषयदेव बुन्देला, पीआरओ पुलिस अधीक्षक राहुल मिश्रा, प्रभारी परिवहन शाखा भानु प्रताप सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जुआं खेल रहे तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के आदेशानुसार एवं अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के निर्देशन में जनपद में अवैध जुआ एवं सट्टा की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में जनपद की थाना कुलपहाड़ पुलिस द्वारा बुधवार देर शाम अवैध जुआ के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई है। क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकान्त गौंड के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़ विनोद कुमार सिंह द्वारा गठित पुलिस टीम उपनिरीक्षक सुरेश पटेल मय हमराह उपनिरीक्षक मोहम्मद शोएब,कांस्टेबल धीरज कनौजिया व कांस्टेबल विवेक कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थानाक्षेत्र अन्तर्गत सार्वजनिक स्थान बाघ विराजन मन्दिर पहाड़ के नीचे विधुत पोल की रोशनी मे हार–जीत की बाजी लगाकर जुआं खेलते हुए अभियुक्तगण घनश्याम पुत्र महादेव यादव उम्र 26 वर्ष,धर्मेन्द्र सैनी पुत्र राजू उम्र 25 वर्ष,अरविन्द अनुरागी पुत्र मुन्नालाल उम्र 29 वर्ष समस्त निवासीगण मोहल्ला टौरियापुरा कस्बा कुलपहाड को गिरफ्तार किया है। इस दौरान अभियुक्तगणों के कब्जे से मालफड़ 1760 रुपये व 52 अदद तास के पत्ते जामातलाशी 670 रुपये (कुल 2430 रुपये) की बरामदगी की गयी है। बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगणों के विरुद्ध थाना कुलपहाड़ पर धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही सम्पादित की गई है।

### सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रभारी निरीक्षक ने की बैठक

**पनवाड़ी, महोबा।** कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में शनिवार शाम थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। जिसमें उन्होंने स्थानीय व्यापारियों, क्षेत्रीय प्रधानों और समाजसेवियों से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विचार विमर्श किया। बताया गया कि सर्दी के मौसम में चोरी जैसी आपराधिक वारदातों में बढ़ोतरी देखी जाती है। बीते दिनों निकटवर्ती गांव जखा में बदमाशों द्वारा एक ही रात्रि में तीन घरों में चोरी को अंजाम दिया गया था। प्रभारी निरीक्षक ने अपराधियों के जल्द पकड़े जाने का आश्वासन दिया। कहा कि ऐसी वारदातों पर अंकुश के लिए पुलिस के साथ साथ ग्राम सुरक्षा समितियों को सजग रहने की आवश्यकता है। समिति से जुड़े सदस्यों को आस पास के आपराधिक तत्वों के बारे में बेहतर जानकारी होती है। बैठक में वरिष्ठ नेता रामकुमार राजपूत, देवगनपुरा प्रधान संतोष राजपूत, गुगौरा प्रधान मनोज राजपूत, सिलालपुरा से अरविंद आदि मौजूद रहे।

# ग्रापए संस्थापक की जयंती पर कलमकारों का सम्मान





**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक स्वर्गीय बालेश्वर लाल की जयंती समारोह रघुनाथ धाम मेला मैदान जैतपुर में आयोजित किया गया। इस पर सदस्यता अभियान में सहभागिता की भूमिका निभाने वाले पांच ग्रामीण पत्रकारों को संगठन के द्वारा सम्मानित किया गया इस दौरान पत्रकारों ने बालेश्वर जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए संगठन के प्रति निष्ठा पूर्वक कार्य करने पर जोर दिया गया। विकासखंड जैतपुर रघुनाथ धाम मेला मैदान में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक स्व बालेश्वर लाल जी की जयंती समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की सदस्य के लिए भागीदारी निभाने वाले पांच ग्रामीण पत्रकार इलयास अहमद कुलपहाड़, चांद बाबू पनवाड़ी, इफतखार अली महोबा, विनायक लश्कार चरखारी, हरि सिंह जैतपुर को संगठन के पदाधिकारियों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया और जनपद की तीनों तहसीलों एवं जनपद महोबा की नई कार्यकारिणी के गठन की आधिकारिक घोषणा भी की गई। नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष देवेंद्र अरजरिया द्वारा कार्यकारिणी की आधिकारिक घोषणा की। पत्रकारों ने जिलाध्यक्ष का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष मोहम्मद यूनुस खान ,विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष जमाल अहमद कादरी, इखलाक अहमद , बी डी बंसल, जिला अध्यक्ष देवेंद्र नजरिया, हरि सिंह वर्मा ,अनिल सेन आदि पत्रकारों ने श्री बालेश्वर लाल जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर अशोक अग्रवाल, शहंशाह अहमद, मुजीब खान, हरि सिंह राजपूत, चांद बाबू मंसूरी ,देवेंद्र अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, इलियास अहमद, रामगोपाल अग्रवाल, अजय अग्रवाल, रामराज सोनी, इफ्तिखार अहमद, तौसीफ खान, धर्मेंद्र कुमार, हनुमान शुक्ला,फैजान अली, महेंद्र सोनी, किशुन सोनी, सुरेंद्र निराला, अभिषेक कुमार, तीरथ सिंह, अरबाज हाशमी, अनिल तिवारी दिलीप निगम राकेश पटेरिया, राजू पटेरिया,रामबाबू वर्मा आदि सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण पत्रकार मौजूद रहे।

## मॉडल स्कूल में आयोजित करियर मेले में बोले विषय विशेषज्ञ

# लक्ष्य निर्धारण एवं सुनियोजित कार्य योजना से होगी करियर चयन में सुविधा

**पनवाड़ी, महोबा, समृद्धि न्यूज़।** उत्तरप्रदेश समग्र शिक्षा अभियान माध्यमिक के अंतर्गत चल रहे करियर गाइडेंस कार्यक्रम के अंतर्गत पं दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज कनकुआ में करियर मेले का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से आये विषय विशेषज्ञों ने छात्र छात्राओं को बेहतर करियर बनाने के टिप्स प्रदान किए। मेले का शुभारंभ अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन कर किया गया तत्पश्चात हाईस्कूल की छात्रा एकता और नीतू द्वारा सरस्वती वंदना और इण्टर की छात्राओं कविता, प्रिंसी, चांदनी और नीतू द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। संस्था के प्रधानाचार्य भानु प्रताप(पीईएस) ने कार्यक्रम की रूपरेखा रखते हुए अतिथियों का स्वागत किया। मेले में बतौर मुख्य अतिथि बुंदेलखंड के प्रख्यात समाजसेवी और पत्रकार संतोष गंगेले कर्मयोगी मंचासीन रहे अन्य अतिथियों में करियर गाइडेंस कार्यक्रम की जनपदीय नोडल और प्रधानाचार्या आशी सिंह, डॉ एससी त्रिपाठी पूर्व प्रोफेसर रीवा और सागर विश्वविद्यालय, आयुष चिकित्साधिकारी डॉ प्रीति सिंह, युवा पत्रकार और शिक्षाविद कृष्ण कुमार अरजरिया, प्रगतिशील कृषक करन सिंह राजपूत और बृजेश त्रिपाठी ने छात्र छात्राओं को करियर चयन से सम्बंधित महत्वपूर्ण टिप्स प्रदान करते हुए लक्ष्य निर्धारित कर रूचि के अनुसार कैरियर चयन करने की बात कही। मुख्य अतिथि श्री गंगेले ने अपने उद्बोधन में छात्र छात्राओं को अनुशासित रहकर अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसकी प्राप्ति के लिए समयबद्ध कार्ययोजना बनाकर तैयारी करने की बात कही इस दौरान उन्होंने विभिन्न प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से छात्र छात्राओं को चरित्र निर्माण की सीख भी दी। कार्यक्रम का संचालन उषा देवी सरोज एवं नोडल प्रीती कन्नौजिया ने किया।इस दौरान प्रवक्ता शिखा राणा, पूनम यादव, रानी हिर्देश, दीपेंद्र सिंह, शिवम अग्रवाल, यतेन्द्र चतुर्वेदी, रामावतार समेत छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

### मेधावियों और अतिथियों का हुआ सम्मान

मेले में उपस्थित करियर गाइडेंस के जनपदीय नोडल सतीश मिश्रा ने बताया कि इस दौरान अतिथियों द्वारा यूपी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले संस्था के मेधावी छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। हाईस्कूल के टॉपर सत्यम एवं इण्टर विज्ञान वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा दिव्यांशी चतुर्वेदी और मानविकी वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त वर्षा अहिरवार को अतिथियों द्वारा सम्मानित कर उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रदान की गई। इसके अलावा इण्टर विज्ञान वर्ग में आरती देवी और शिवांगी भास्कर, मानविकी वर्ग में आशीष कुशवाहा और मोनू तथा हाई स्कूल में पुष्पेन्द्र और रागनी को क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया। इसके अलावा संस्था द्वारा कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया।

# पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट

- पुलिस ने दोनों पक्षों से एक-एक को हिरासत में लिया



**भरुआ, सुमेरपुर।** गुरुवार को पशु बाजार के समीप पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। एक पक्ष के आधा दर्जन युवकों ने दूसरे पक्ष के एक युवक को हाईवे में दौड़ा दौड़ाकर डंडों से पीटा। पुलिस ने दोनों पक्षो के एक-एक युवक को हिरासत में लिया है। अभी तक किसी पक्ष ने पुलिस को तहरीर नहीं दी है। गुरुवार को करीब 12:00 बजे पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में पशु बाजार के समीप जमकर डंडे चले। एक पक्ष के आधा दर्जन युवकों ने हाईवे में दौड़ाकर जमकर पीटा। युवक ने भागकर जान बचाई। किसी ने मारपीट की इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया वायरल कर दिया। कस्बा इंचार्ज संजय राय ने बताया कि 2 वर्ष पूर्व नवरात्र पर्व पर दो पक्षों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इसी विवाद चलते गुरुवार को मारपीट हुई है।

# ग्रापए राठ तहसील अध्यक्ष रामसिंह राजपूत तीसरी बार मनोनीत

- केक काटकर धूमधाम से मनायी गयी संस्थापक स्व. बालेश्वर लाल की जयंती



**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन (ग्रापए) की राठ इकाई द्वारा संगठन के संस्थापक स्व.बाबू बालेश्वर लाल की जयंती कस्बा स्थित सत्कार वाटिका में श्रद्धा से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत केक काटकर की गई। जिसमें संस्थापक के पत्रकारिता एवं संगठन निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। जिला अध्यक्ष मनोज कुमार त्रिपाठी के निर्देश पर जिला महासचिव जयशंकर त्रिपाठी द्वारा राठ तहसील एवं ब्लॉक की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई।इसमें तीसरी बार रामसिंह राजपूत को राठ तहसील अध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं तहसील वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर देवेन्द्र राजपूत तथा तहसील महामंत्री पद की जिम्मेदारी भूपेंद्र कोष्टा को सौंपी गई। ब्लॉक स्तर पर दिलीप कुमार को ब्लॉक अध्यक्ष, नेहा वर्मा को ब्लॉक उपाध्यक्ष एवं सुनील कुमार को ब्लॉक महामंत्री बनाया गया। इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी में संरक्षक मंडल की जिम्मेदारी माधव द्विवेदी, हरिमोहन चंसौरिया एवं भईया को दी गई। उपाध्यक्ष शीतू सेंगर, महामंत्री संजय महान, मंत्री दीपक कुमार, कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र गुप्ता, संगठन मंत्री इरफान अली, प्रचार मंत्री नीतेश चंसौरिया, संप्रेषण मंत्री समीम मिर्जा बनाए गए। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में आनंद सक्सेना, कैलाश सोनी, भूपेंद्र सिंह, रोहित चौबे, जितेंद्र कुमार, रईस खां, वसीम बेग, यूनिस अली सहित अन्य पदाधिकारियों को दायित्व सौंपे गए। कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों की समस्याओं एवं मांगों को शासन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के उद्देश्य से राठ विधायक मनीषा अनुरागी का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। उन्हें अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया समारोह में नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

# धूमधाम के साथ मनी ग्रापए संस्थापक की जयंती

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल की जयंती कस्बे के प्रकाश लाज में संगठन के पदाधिकारियों सदस्यों ने श्रद्धा के साथ मनाकर उनके बताए हुए मार्गों पर चलने का संकल्प लिया कस्बे के सदर तहसील कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में ग्रापए संस्थापक स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई।

साथ ही बाबूजी के द्वारा स्थापित संगठन को मजबूत बनाने तथा उनके बताये मार्गों पर चलने का संकल्प लिया गया जयंती समारोह में मंडल उपाध्यक्ष मुनीर खान, जिला महासचिव नंदकिशोर यादव, संतोष चक्रवर्ती, तहसील अध्यक्ष जितेंद्र सिंह यादव, राम लखन, अजय प्रजापति, हिमांशु गुप्ता, हरीशराज चक्रवर्ती, दीपक यादव, सुनील प्रजापति आदि पत्रकार मौजूद रहे।



### ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक संपन्न

**कुरारा, हमीरपुर।** कस्बा कुरारा में ग्रामीण पत्रकार एसोशिएशन की बैठक संपन्न हुई।जिसमें संस्थापक का जन्म दिन श्रद्धा के साथ मनाया गया। ग्रामीण पत्रकार एसोशिएशन के संस्थापक स्व बाबू बालेश्वर लाल के जन्म दिन पर कुरारा इकाई द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। तथा उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। तथा ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकारों के लिए उनके द्वारा नई दिशा दी गई। उनके द्वारा किए गए योगदान को याद किया गया। आज संगठन प्रदेश से निकल कर पूरे देश में विस्तार कर रहा है इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सुरेश सिंह, महामंत्री दीपक अवस्थी, तहसील उपाध्यक्ष कामेंद्र सिंह, तहसील महामंत्री अखिलेश सिंह गौर, बृजेश श्रीवास्तव, अमित दीक्षित, श्रीबाबू शिवहरे, दिनेश द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# खन्डेय गांव में कलाकारों ने दिवारी नृत्य का किया प्रदर्शन

**मौदहा(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।** जिले का एक मात्र पर्यटक गांव खण्डेह जो अपने प्राचीन मंदिरों व सागौन के जंगलों लिए जाना जाता है द्य खण्डेह महोत्सव में पहले दिन बुधवार को जंगल के समीप स्थित महाराज बीरादेव के मंदिर प्रांगण में हवन पूजन के साथ ग्रामीण क्षेत्रों के सिरस्सी, खन्ना, करहिया, छिमौली, रीवन,टिकरी सिजवाही, गुरदाहा से आए दिवारी नृत्य कलाकारों ने आ कर अपनी अपनी कला का प्रदर्शन किया द्यआयोजक लालू दुबे ने बताया ग्राम खण्डेह अपनी पुरानी सभ्यताओं के लिए जाना जाता है द्य



यहां पर पांच सौ वर्ष पुराने रामजनकी मंदिर शिवालय मंदिर व चार सौ बीघे से अधिक क्षेत्रफल में फैले सागौन के जंगल अपने आप में देखते बनते हैं यहां पर खण्डेह में पहले दिन दिवारी नृत्य तथा दूसरे दिन विराट इनामी दंगल का आयोजन किया गया है।

# डीएम-एसपी ने सड़क सुरक्षा माह का किया शुभारम्भ

- 01 से 31 जनवरी तक चलेगा सड़क सुरक्षा अभियान
- डीएम-एसपी ने राहवीर (गुड सेमेटेरियन) योजना के तहत 7 लोगों को किया सम्मानित



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ.यशवीर सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा माह का शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा माह चलाने का उद्देश्य सड़क हादसों में कमी लाना और यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करना है। यह अभियान 01 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक चलेगा, इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में जानकारी दी जायेगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस अभियान के अन्तर्गत हेलमेट और सीटबेल्ट पहनने के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाई जायेगी, सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं को बताकर लोगों को जागरूक किया जायेगा, जिससे सड़क हादसों में कमी लायी जा सके। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी गयी तथा यातायात के नियमों का पालन करने हेतु प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। प्रचार वाहन द्वारा पूरे माह जनपद में सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जायेगा। इसी दौरान कार्यक्रम में राहवीर (गुड सेमेटेरियन) योजना के तहत जनपद के 07 लोगों को 5000 रूपये की पुरस्कार धनराशि देकर सम्मानित किया गया, जिसमें राकेश जयसवाल नि. शंकर नगर मुराई बाग रायबरेली, अभिषेक कुमार चौधरी सी.एच.सी. डलमऊ ऑफिस रायबरली, मो. सलमान खान सलोन रायबरेली, मो. सईद उसरैना रायबरेली, मनोज सिंह ए.आर.टी.ओ. ऑफिस रायबरेली, श्रीनिवास शुक्ला नारायण नगर गौरा बाजार रायबरेली एवं अखिलेश प्रताप सिंह शिवाजी नगर रायबरेली को पुरस्कार धनराशि देकर सम्मानित किया गया।

## प्रांतीय परिषद सदस्य बीजेपी डॉ एमडी पासी की मां का निधन

**महराजगंज,रायबरेली।** भाजपा नेता की मां का हुआ निधन जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने आवास पर पहुंचकर बंधाया ढ़ाढस। प्रांतीय परिषद सदस्य व पूर्व बछरावां विधानसभा प्रत्याशी बीजेपी महराजगंज ब्लाक के मोन गांव निवासी डॉक्टर मातादीन पासी की मां का80 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। 1 जनवरी 2026 की सुबह 9:00 बजे शौच के लिए गई रामदुलारी को अचानक सीने में दर्द होने लगा और आनन फानन ही उनकी मौत हो गई। इस मौके पर महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष भाजपा सुधा अवस्थी जिला उपाध्यक्ष भाजपा जन्मेजय सिंह दिलीप सिंह चंद्रभान सिंह चंद्रभान सिंह राठौर आकाश अवस्थी दिनेश कुमार शारदा शरण पांडे जाकिर हुसैन सुरेंद्र सिंह नंदकुमार पांडे भागवानदीन शिव कैलाश सोनी राजेश कुमार रामधनी राम प्रकाश राकेश कुमार संतोष कुमार मौर्य सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# पूर्व बीडीओ व मौजूदा कांग्रेसी नेता ने नववर्ष पर गरीबों को बांटे कंबल

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



विकासखंड क्षेत्र के ताजुद्दीनपुर ग्राम पंचायत के आनंदूपुर गांव निवासी पूर्व खंड विकास अधिकारी एवं मौजूदा प्रदेश कांग्रेस किसान कमेटी उपाध्यक्ष रामकुमार सिंह ने नववर्ष के प्रथम दिन अपनी ग्राम पंचायत के असहाय एवं गरीब लोगों को कंबल प्रदान किया। रामकुमार सिंह ने बताया कि नववर्ष के प्रथम दिन कंबल का वितरण किया गया है आने वाले दिनों मे पूरी ग्राम पंचायत में कंबल वितरण किया जाएगा आज 100 कंबल बांटे गए हैं आने वाली मकर संक्रांति को भी कंबल वितरण कार्यक्रम है ठंडी में प्रत्येक गरीब को कंबल दिया जाएगा ठंड से किसी को परेशानी नहीं होने दी जाएगी गरीबों की मदद से बड़ा कोई भी पुण्य नहीं है । कंबल पाने वालों ने बताया कि हमारे लिए रामकुमार सिंह मसीहा से कम नहीं है क्योंकि गरीब की कोई सुनने वाला नहीं है और ये कार्य हमारे गांव के ही पूर्व खंड विकास अधिकारी रहे रामकुमार सिंह द्वारा किया जा रहा है जो बहुत ही काबिले तारीफ है। इस मौके पर विनोद सिंह जयकरन सिंह प्रवीण सिंह पूर्व प्रधान राकेश सिंह अंजनी सिंह विपुल जयभद्र सिंह नर बहादुर सिंह सोभनाथ सिंह करण सिंह जगन्नाथ कुली रामदीन जगूं यादव कल्लू नाई पुत्तू पासी खेलावन पासी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# जिला बदर अपराधी हुआ गिरफ्तार



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक रायबरेली डॉक्टर यशवीर सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अंतर्गत 1 जनवरी दिन गुरुवार को थाना बछरावां पुलिस टीम द्वारा जिला बदर अभियुक्त शिवलाल पुत्र माता प्रसाद निवासी ग्राम लकड़िया खेड़ा मजरे मुबारकपुर सॉंपो थाना बछरावां जनपद रायबरेली को थाना क्षेत्र के जीएसजी पब्लिक इंटर कॉलेज के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है। जिसके विरुद्ध थाना स्थानीय पर मुकदमा अपराध संख्या 01/2026 धारा 10 उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

अभियुक्त का पूर्व में भी अपराधिक इतिहास रहा है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने में प्रभारी निरीक्षक राजीव सिंह, उपनिरीक्षक हरिमोहन सिंह, आरक्षी शिवचरण पाल, आरक्षी सुजीत कुमार की महती भूमिका रही।

## चोरी का प्रयास असफल पकड़ लिया गया बदमाश

**जैदपुर बाराबंकी।** सफदरगंज थाना क्षेत्र के उधौली गांव में बुधवार की देर रात करीब 10:30 बजे चोरी का एक बड़ा प्रयास विफल हो गया।ग्रामीणो की सतर्कता से एक बदमाश को मौके पर ही पकड़ लिया गया,जबकि उसके अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार होने में सफल रहे। जानकारी के अनुसार करीब एक दर्जन अज्ञात युवक चोरी की नीयत से अमिश नंबरदार के घर के पीछे की ओर से दाखिल हुए। इनमे से एक बदमाश दीवार के सहारे चढ़कर छत पर छिप गया। इसी दौरान घर के सदस्यो की नजर उस बदमाश पर पड़ गई, जिससे हड़कंप मच गया। शोर सुनते ही अन्य बदमाश मौके से भाग निकले। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए छत पर छिपे बदमाश को दबोच लिया। सूचना मिलने पर सफदरगंज पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और पकड़े गए बदमाश को हिरासत में ले लिया।पुलिस ने पकड़े गए आरोपी की पहचान अयोध्या जिले के पटरंगा थाना क्षेत्र के हुसैनगंज निवासी लवकुश के रूप में की है।

# नवनिर्मित संयुक्त प्रशासनिक भवन का हुआ उद्घाटन




**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल बगहा के परिसर में नूतन वर्ष के स्वागत के साथ ही नव निर्मित एडमिन ब्लॉक (संयुक्त प्रशासनिक भवन) का उद्घाटन एन एस जीआई के प्रबंध निदेशक डॉ शशिकांत शर्मा के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ। विगत तीन वर्षों से निर्माणाधीन यह भवन अत्याधुनिक विचार शैली के मूर्त रूप को प्रतिबिंबित करता हुआ उच्च तकनीक पर आधारित स्थापत्य का उदाहरण है। पूर्ण वातानुकूलित विशाल व समृद्ध पुस्तकालय,कम्प्यूटर हॉल,एक्टिविटी हॉल और लैंग्वेज लैब इसे अति विशिष्ट बनाते हैं।जिन्हें वर्तमान वैश्विक शिक्षण की आवश्यकता भी कहा जा सकता है।उद्घाटन की शुरुआत ज्ञान विज्ञान की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती के पूजन-अर्चना के साथ हुई।

इस मौके पर क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों के अतिरिक्त अभिभावक पहुंचे और नये सत्र में प्रवेश हेतु अपने पाल्यों का पंजीकरण भी कराया। संस्थान के प्रबंध निदेशक ने अपने अभिभाषण में विद्यालय को अधुनातन शिक्षा की आकांक्षा के अनुरूप उत्कृष्ट स्तर देने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। प्रधानाचार्या कामाक्षा सिंह द्वारा समस्त आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया और सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों,शिक्षकों व कर्मचारियों के लिए नववर्ष की मंगलकामना की गई।

# जीवन को सही दिशा दिखाता है श्री रामचरितमानस : सुनील सिंह

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



नव वर्ष के पावन अवसर पर अवसानेश्वर मंदिर परिसर में पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह के नेतृत्व में रामचरितमानस का भव्य एवं पावन पाठ श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के अनेक श्रद्धालु, गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं संत-महात्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में धार्मिक चेतना, संस्कार और आपसी सौहार्द को बढ़ावा देना रहा। रामचरितमानस पाठ के दौरान संपूर्ण वातावरण जय श्रीराम के उद्घोष से भक्तिमय हो उठा। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया है। विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात मानस पाठ प्रारंभ हुआ, जिसमें भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा, त्याग और सेवा भाव का सुंदर वर्णन किया गया। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुनील सिंह ने कहा कि रामचरितमानस केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला मार्गदर्शक है। इससे हमें सत्य, प्रेम, करुणा और कर्तव्य का बोध होता है।

# राज्यमंत्री ने परियोजनाओं का शिलान्यास कर बांटे कम्बल



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत टिकैतनगर में गुरुवार को उत्तर प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद व नागरिक आपूर्ति राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर 1311 पात्र लोगों को कंबल भी वितरित किए गए। कुल 6 करोड़ 95 लाख रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और आधारशिला रखी गई।यह कार्यक्रम नगर पंचायत टिकैतनगर के कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया था। राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार लगातार गरीबों के लिए योजनाएं चला रही है, जिससे उन्हें लाभ मिल रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री के संकल्प को दोहराया कि प्रदेश में कोई भी गरीब भूखा या बेघर नहीं रहेगा मंत्री ने बताया कि सरकार प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजनाओं के माध्यम से गरीबों को मकान उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार नगर पंचायतों और गांवों को भी विकास से तेजी के साथ जोड़ रही है। उन्होंने इन परियोजनाओं को मुख्यमंत्री की प्रेरणा का परिणाम बताया। इस अवसर पर मंत्री सतीश शर्मा ने नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश प्रसाद गुप्ता की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने टिकैतनगर में विकास कार्यों को आगे बढ़ाया है।

अध्यक्ष जगदीश प्रसाद गुप्ता ने खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग के बिना ये विकास कार्य संभव नहीं थे। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा, जिला उपाध्यक्ष दिलीप मिश्रा सहित कई भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और नेता मौजूद रहे।

# विधायक ने किया शुक्ला इंटरप्राइजेज का शुभारंभ



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

विकासखंड हैदरगढ़ के कमेला चौराहे पर भाजपा के मंडल महामंत्री विनय शुक्ला के नवीन प्रतिष्ठान शुक्ला इंटरप्राइजेज एवं रवि प्रकाश तिवारी के नवीन प्रतिष्ठान दृष्टि डिजिटल लाइब्रेरी का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत ने कहा कि डिजिटल युग में शिक्षा का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। उन्होंने जोर दिया कि गांवों में डिजिटल लाइब्रेरी जैसी सुविधाओं से ग्रामीण छात्र-छात्राएं प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी कर सकेंगे और अपने भविष्य को नई दिशा दे पाएंगे। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने कहा कि यह एक सुंदर पहल है लाइब्रेरी खुलने से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों को कहीं भटकना नहीं पड़ेगा।

# मजलूमों की मदद करने से खुश होते हैं अल्लाहः उस्मान सिद्दीकी

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



गरीबो व मजलूमो की मदद करने से अल्लाह खुश होता है और दिल को सुकून मिलता है। थाना सफदरगंज क्षेत्र के बनका हाउस मे कम्बल वितरण के दौरान वरिष्ठ समाजसेवी उस्मान सिद्दीकी उर्फ़ मुन्ना ने कहा। उन्होंने आगे कहा की भीषण ठंड और गलन पड़ने से लोग अपने घरों मे रहने को मजबूर हो रहे है और ठंड की मार सबसे ज्यादा गरीबो पर पड़ रही है। कम्बल वितरण मे समाजसेवी उस्मान सिद्दीकी धर्मपत्नी शबाना परवीन सिद्दीकी ने कार्यक्रम मे आये हिन्दू मुस्लिम गरीब महिलाओ को गर्म शाल और बच्चो को गर्म कपडे दिए और बुजुर्गो को कम्बल दिया। कम्बल पाकर गरीबो के चेहरे पर खुशियाँ देखी गई और दुआ दी। श्रीमति सिद्दीकी ने कम्बल वितरण के दौरान लोगो को सम्बोधित करते हुवे कहा की इस तरह के कार्यक्रम आगे भी होना चाहिये इससे गरीबो की परेशानी से निजात मिल सके। बताते चले की समाजसेवी उस्मान सिद्दीकी द्वारा इस तरह के कार्यक्रम हर साल किया जाता है। कोरोना काल मे भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया कई घरों मे राशन जैसी जरुरत सामान पहुंचना का काम किया है। कार्यालय के मुख्यतिथि केसरवा सादात के प्रधानपति फ़िरोज़ ज़ैदी ने लोगो को कम्बल वितरण किया। उन्होंने कहा की नेक काम करने से ऊपर वाला खुश होता है और गरीबो के आँखों से निकलने वाले आँसू पोंछने का काम भी करता है। इमरान अंसारी उर्फ़ सोनू ने समाजसेवी उस्मान सिद्दीकी ने सभी धर्मों के लोगो को कम्बल वितरण किया है।

## समस्त विकास खण्डों में बनेंगे मिनी शापिंग काम्पलेक्सः डीएम

**सीतापुर।** जिलाधिकारी राजागणपति आर की पहल पर जनपद के समस्त विकास खण्डों में कुल 38 (प्रत्येक विकास खण्ड में 02) मिनी शापिंग काम्पलेक्स बनवाये जायेंगे। इन शापिंग काम्पलेक्स का निर्माण ग्राम निधि, क्षेत्रनिधि एवं पीपीपी माडल के आधार पर कराया जायेगा। जिलाधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि इसके लिये भूमि का चिन्हांकन करते हुये कार्ययोजना बनायी जाये, जिसके क्रम में 27 मिनी शापिंग काम्पलेक्स के निर्माण हेतु भूमि का चिन्हीकरण किया जा चुका है तथा कार्य स्वीकृत कराया जाना प्रक्रियाधीन है। शेष स्थलों पर भूमि चिन्हीकरण के उपरान्त कार्य कराये जायेंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि इन मिनी शापिंग काम्पलेक्स के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकेंगे। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों की जनता को बेहतर सुविधाएं भी मुहैय्या होंगी।

# जमीनी विवाद में अधेड़ महिला की पीट-पीटकर हत्या

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



कोतवाली क्षेत्र मुसाफिरखाना के पूरे मोहम्मद नेवाज गांव में जमीनी विवाद को लेकर एक महिला की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान 56 वर्षीय शिवपता पत्नी स्वर्गीय छोटेलाल के रूप में हुई है। परिजनों का आरोप है कि गांव के ग्राम प्रधान के पति मोहम्मद तौकीर, उनके रिश्तेदार बल्लन, तथा हर्षवर्धन कोरी, जयवर्धन कोरी पुत्र गोवर्धन कोरी सहित अन्य लोगों ने मिलकर महिला पर हमला किया। बताया जाता है कि मृतका और आरोपियों के बीच पिछले लगभग पाँच वर्षों से भूमि का विवाद चल रहा था। परिजनों के अनुसार, बुधवार दोपहर शिवपता और ग्राम प्रधान के बीच कहासुनी हुई थी। आरोप है कि इसी रंजिश के चलते शाम के समय महिला को रास्ते में घेरकर बेरहमी से पीटा गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजनों ने तत्काल एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुसाफिरखाना पहुँचाया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल गौरीगंज रेफर किया गया। उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है।

# 12 ग्र.पं में विधायक ने वितरित किए कम्बल

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



कड़ाके की ठंड और लगातार जारी शीतलहर के बीच बनीकोडर की ग्राम पंचायत कुर्मियान बठौली सहित कुल 12 ग्राम पंचायतों में विधायक रामचन्द्र यादव द्वारा जरूरतमंद, गरीब, असहाय एवं वृद्ध परिवारों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से 200 से अधिक कंबलों का वितरण किया गया। इस मानवीय पहल से ठंड से सबसे अधिक प्रभावित वर्ग को बड़ी राहत मिली है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए यह कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। भीषण ठंड में खुले आसमान के नीचे जीवन यापन करने वाले, मजदूर वर्ग, बुजुर्गों और निर्धन परिवारों के लिए यह सहायता संजीवनी साबित हुई। कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों की लंबी कतारें देखने को मिलीं, जहां व्यवस्था बनाकर सभी को कंबल वितरित किए गए। कंबल वितरण कार्यक्रम में प्रशासनिक एवं राजस्व विभाग की सक्रिय सहभागिता रही। प्रमुख रूप से नायब तहसीलदार सुधाकर पाण्डेय, कानूनगो नानक शरण, क्षेत्रीय लेखपालगण, ग्राम प्रधानगण तथा अन्य विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे, जिन्होंने वितरण व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाए रखा। कार्यक्रम में सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र से भी कई प्रमुख लोग शामिल हुए। इनमें कुलदीप मौर्य (जिला मंत्री, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा, अयोध्या), देविदीन यादव (पूर्व प्रधान), महेश यादव, वासुदेव वर्मा (प्रधान), विजय यादव (प्रधान), ओमप्रकाश दुबे सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# डंफर-पिकअप की टक्कर में एक की मौत, एक घायल

- पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र कमरौली में बीती रात एक सड़क हादसे में 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि उसका एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर मलावा के गढ़ा मोड़ के पास उस समय हुआ, जब तेज रफ्तार अनियंत्रित डंफर ने पिकअप वाहन को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिसमें पिकअप सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही कमरौली पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। इलाज के दौरान सुधांशु साहू पुत्र मनोज साहू, निवासी उतेलवा जनपद अमेठी की मौत हो गई, जबकि दूसरे युवक की हालत गंभीर बनी हुई है और उसका उपचार जारी है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं हादसे के बाद डंपर चालक मौके से फरार बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# उपजिलाधिकारी ने समाचार पत्र विक्रेताओं को वितरित किए गरम कपड़े

**बिसवां/सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



भीषण ठंड के बीच जब लोग रजाई-कंबल में सिमटे रहते हैं, ऐसे समय में समाचार पत्र विक्रेता बिना सर्दी की परवाह किए घर-घर अखबार पहुंचाने का कार्य करते हैं। उनका सम्मान किया जाना आवश्यक है। यह बातें स्थानीय तहसील सभागार में समाचार पत्र विक्रेताओं को कंबल व जैकेट वितरण कार्यक्रम के दौरान उप जिलाधिकारी शिखा शुक्ला एवं तहसीलदार उमाशंकर त्रिपाठी ने कहीं। उन्होंने आगे कहा कि समाचार पत्र विक्रेता समाज को सूचना से जोड़ने की महत्वपूर्ण कड़ी हैं और विपरीत परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। प्रशासन द्वारा यह छोटा सा प्रयास उनके योगदान के प्रति सम्मान का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान सभी समाचार पत्रविक्रेताओं को सर्दी से बचाव के लिए कंबल व जैकेट प्रदान किए गए।इस अवसर पर सुरेश यादव अजय कुमार दुर्गा प्रसाद राजकुमार यादव त्रिभुवन गुप्ता सोहनलाल संदीप गुप्ता सहित भारी संख्या में समाचार पत्र विक्रेता उपस्थित रहे।



## जननायक कर्पूरी ठाकुर जयंती मनाने के लिए हुई तैयारी बैठक

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती आगामी 24 जनवरी को समारोह पूर्वक मनाने के लिए राष्ट्रीय नाई महासभा जनपद शाखा अमेठी की गौरीगंज में एक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विवेक शर्मा ने व संचालन सजन शर्मा ने की। इस अवसर पर महासभा के प्रांतीय उपाध्यक्ष घनश्याम शर्मा तेजी का पुरवा समेत राजकुमार शर्मा, दिनेश शर्मा, संतोष कुमार, लक्ष्मी शर्मा, प्रदीप कुमार उर्फ पवन शर्मा मोनू विजय राकेश नंदकुमार रमाकांत रोहित रामलाल केपी सविता आदि मौजूद रहे। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में राजमणि शर्मा प्रांतीय अध्यक्ष को बुलाने का निर्णय किया गया है। जिला कमेटी से एक हजार प्रति व्यक्ति और ब्लाक कमेटी के हर व्यक्ति से पांच सौ रुपये चंदा या सहयोग शुल्क निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम स्थल विगत वर्ष की भांति नगरपालिका द्वारा बनाये गये जननायक कर्पूरी ठाकुर पार्क मिश्रौली में निर्धारित किया गया है।

# औषधि निरीक्षक कमलेश मिश्रा को शासन ने किया निलंबित

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



कोडीन कफ सिरप से जुड़े प्रकरण में शासन ने सख्त रुख अपनाते हुए ड्रग इंस्पेक्टर कमलेश मिश्र को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा आयुक्त की रिपोर्ट के आधार पर की गई है। मिली जानकारी के अनुसार, बीते 22 दिसंबर को कोडीन कफ सिरप से संबंधित एक मामले में ड्रग इंस्पेक्टर कमलेश मिश्र ने अनधिकृत रूप से मीडिया के समक्ष बयान दिया था। शासनादेश के अनुसार, कोडीन कफ सिरप जैसे संवेदनशील मामलों में केवल अधिकृत अधिकारी को ही मीडिया से बात करने का अधिकार है। कमलेश मिश्र द्वारा दिए गए बयान की समीक्षा शासन स्तर पर की गई, जिसमें यह पाया गया कि उनका बयान शासन की मंशा व नीति के विपरीत था। शासन ने इसे गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि के दौरान ड्रग इंस्पेक्टर को मुख्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। बताया जाता है पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच के लिए सहायक आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, लखनऊ को जांच अधिकारी नामित किया गया है। उल्लेखनीय है कि ड्रग इंस्पेक्टर कमलेश मिश्र इससे पूर्व भी विवादों में रहे हैं। लगभग चार माह पूर्व मुंशीगंज कोतवाली प्रभारी शिवकांत त्रिपाठी एवं अन्य पुलिस कर्मियों के साथ उनकी हाथापाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें उन पर नशे की हालत में होने के आरोप लगे थे। उस मामले की जांच रिपोर्ट भी शासन को भेजी जा चुकी है, जो फिलहाल विचाराधीन बताई जा रही है।

# तटबंध बनवाये जाने को लेकर ग्रामीणों ने भरी हुंकार

- बैठक में जनप्रतिनिधियों के सिर फोड़ा ठीकरा
- आंदोलन तेज करने के लिए आम जन मानस को किया जायेगा शामिल


बैठक में मौजूद समिति के सदस्य


मौजूद ग्रामीण

**फर्रुखाबाद/नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए तटबंध बनवाये जाने के संदर्भ में भरखा चौराहे पर तटबंध बनाओ समिति की बैठक सेवानिवृत्त एडीओ पंचायत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक संयोजक ग्राम प्रधान हर्ष वर्धन ने कहा कि तटबंध गंगा पार क्षेत्र की प्रथम जरुरत है। इस मांग को सरकार हर हाल में पूरा करें। नरेन्द्र सिंह सोमवंशी अध्यक्ष भाकियू उत्तर प्रदेश ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जब तक शासन तक आवाज नहीं पहुंचेगी तब तक इस दिशा में सकारात्मक परिणाम आने वाला नहीं है। इं0 अवनीश शाक्य ने कहा कि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को इस समस्या को हल कराने के लिए अपने स्तर से सरकार में दमदारी से अपना पक्ष रखकर कराये। पूर्व जिला पंचायत सदस्य राहुल कुशवाहा ने कहा कि मैं तटबंध बनवाने के लिए पूरी तरह तन, मन, धन से प्रतिबद्ध हूं। पारुल शाक्य ने कहा कि जब तक हम सड़कों पर नहीं उतरेंगे, लखनऊ तक इस आवाज को नहीं पहुंचायेंगे तब तक हमें सफलता मिलने वाली नहीं है। संदीप चौहान, वीरेन्द्र सिंह चौहान आदि ने भी तटबंध से संबंध में अपने-अपने सुझाव रखे। लक्ष्मण सिंह एडवोकेट ने भी बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आंदोलन और संघर्ष में जब तक आम आदमी को शामिल नहीं किया जायेगा, तब तक प्रशासन कुंभकर्ण की नींद से जागने वाला नहीं है। आदित्य मिश्रा ने भी अपने सुझाव रखा। सुनील दीक्षित, जदुवीर सिंह, रामकृष्ण अग्निहोत्री, अशोक शुक्ला, बृजेश मिश्रा, अनुज यादव, रामनिवास वर्मा, कुलदीप शर्मा, कल्लू कठेरिया, सुरेश शर्मा, राधाकृष्ण शाक्य, रुकमंगल सिंह यादव, रामसनेही राजपूत, अंगद मिश्रा आदि ने अपने-अपने विचार रखे। बैठक में मुख्य रुप से भरखा, सरह, सुंदरपुर पट्टी, दारापुर, जिठौली, भुसेरा आदि गांव के लोग मौजूद रहे।

# पुरस्कृत किए गए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के मेधावी

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



श्री सागर सिंह एजुकेशनल सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता वर्ष 2025-26 के मेधावी विजेताओं को नववर्ष पर साइकिल देकर पुरस्कृत किया गया।

इस प्रतियोगिता में श्री देवी सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज नगला अनूप, मदर टेरेसा पब्लिक स्कूल, श्री गजेंद्र सिंह मीरा देवी इंटर कॉलेज बहोरिकपुर व एसएसएसवी हायर सेकेंडरी स्कूल बहोरिक पुर के 320 से अधिक छात्र छात्राओं ने सहभागिता की।

जिसमे प्रथम स्थान पर रहे विजेताओं में मदर टेरेसा पब्लिक स्कूल से छात्रा प्रिया व छात्र क्रिश व श्री देवी सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज नगला अनूप के छात्र नितिन कुमार को ट्रस्ट द्वारा साइकिल प्रदान की गई। साथ ही समस्त प्रतिभागियों को शिक्षण सामग्री की किट भी प्रदान की गई। इससे पहले अध्यक्षता कर रहे मुख्य अतिथि डॉ जबर सिंह पाल, विशिष्ट अतिथि पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी जेपी पाल, अश्वनी कुमार बोस, ट्रस्टी गजेंद्र सिंह यादव, निदेशक डॉ संगम यादव, डॉ मीरा देवी, डॉ निधि यादव व हर्ष यादव ने दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर डीके बाबू, सुधीर पाठक, रजनी सक्सेना, सूर्यप्रकाश चतुर्वेदी, विवेक यादव, रघुवीर सिंह, बृजेश कुमार, ऋषभ प्रताप सिंह, राजकुमार, अनूप कुमार, शिखा, मनोज कुमार, अवनीश कुमार, सुवीन शुक्ला, सुधीश कुमार व सरमन सिंह वर्मा, श्याम मोहन दुबे, किरण यादव, रजनी राठौर, सोनम, सोनी, सरिता, रत्ना, कीर्ति, मनीषा, काजल, प्रवेश कुमार, आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## नव वर्ष में दिव्यांगों को स्वेटर पहनाकर खिलाया खाना

**कालपी,जालौन।** नव वर्ष 2026 के प्रारम्भ पर समाजसेवी संस्था न्यू लोक कल्याण समिति अध्यक्ष सुरेश चंद्र वर्मा एवं एसडीम मनोज कुमार सिंह की मौजूदगी में नेत्रहीनों, दिव्यांगों के साथ नये साल का जमकर जश्न मनाया। समाजसेवियों ने सभी लोगों को मुबारकबाद दी तथा उनको कम्बल और बच्चों को स्वेटर वितरण किया। साथ ही साल के अवसर पर नेत्रहीन एवं दिव्यांग लोगों को खाना खिला खिलाया। नगर के मोहल्ला राम चबूतरा में आयोजित कार्यक्रम में न्यू लोक कल्याण समिति अध्यक्ष सुरेश चंद्र वर्मा एवं एसडीम मनोज कुमार सिंह ने नेत्रहीनों तथा दिव्यांग लोगों के साथ नया साल पर उनको मुबारकबाद देकर गिफ्ट दिया। मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने संस्था के सदस्यों का जमकर उत्साह वर्धन किया। विशिष्ट अतिथि के तौर पर पूर्व पालिकाध्यक्ष कमर अहमद, अरुण मेहरोत्रा के अलावा न्यू लोक कल्याण समिति के उपाध्यक्ष आशुतोष, मंत्री प्रदीप गांधी, शिव बालक सिंह, आदि संस्था के सदस्य मौजूद रहे।

# नववर्ष पर हनुमान मंदिर परिसर में चाय वितरण

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**




मोहल्ला इंदिरा नगर के नुक्कड़ पर स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के बाहर आरबी पब्लिक स्कूल के तत्वावधान में स्टाल लगाकर नववर्ष पर राहगीरों को गर्म चाय पिलाई गई। इस सराहनीय पहल से सर्दी के बीच जनता को गर्माहट मिली और नववर्ष का स्वागत उत्साहपूर्वक हुआ।

नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने इस कार्य की सराहना करते हुए सभी को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा नया वर्ष हमें नई ऊर्जा, समृद्धि और एकजुटता का संदेश देता है। ऐसी सामाजिक पहले समाज को मजबूत बनाती हैं। आइए, हम सब मिलकर छिबरामऊ को और बेहतर शहर बनाने का संकल्प लें। सबकी भलाई के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। इस दौरान सभासद हिमांक त्रिपाठी, रफीक खान, संजीव शुक्ला, अनमोल राठौर, सचिन दुबे, अभिषेक पांडेय, रमेश शर्मा, रामऔतार शर्मा, नाजिम खान, रिंकू पांडेय, रामू शर्मा, दीपू गौतम व प्रदीप वर्मा आदि ने सहयोग किया। इससे पूर्व आरबी पब्लिक स्कूल में विद्यालय की प्रबंधक कुसमा देवी ने केक काटकर नववर्ष मनाया। कार्यक्रम में जुलेखा खान, माधवी सिंह, सुनीता पाल, अनूप कश्यप, सुमति यादव, सपना पाल, भावना मिश्रा, सुषमा पाल, निवेदिता सविता व सायमा आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# ईओ सुनील सिंह का ड्रीम प्रोजेक्ट है "स्वच्छ और सुंदर छिबरामऊ"

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी (ईओ) सुनील कुमार सिंह ने स्वच्छ और सुंदर छिबरामऊ को अपना ड्रीम प्रोजेक्ट घोषित किया है। पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे, सभासदों और कर्मचारियों के साथ मिलकर वे इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूर्ण संकल्पबद्ध हैं। नगर पालिका कार्यालय में आयोजित भव्य कार्यक्रम में नववर्ष का स्वागत करने के साथ ही ईओ सिंह का 46वां जन्मोत्सव भी धूमधाम से मनाया गया। पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे, जेई रविराज कौशल सहित सभी सभासदों और कर्मचारियों ने बुके, माल्यार्पण और उपहार भेंटकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। 16 जनवरी 2023 को नगर पालिका का कार्यभार संभालने के बाद ईओ सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में शहर की छवि पूरी तरह बदल चुकी है। हर कोई उनकी प्रशंसा में मुक्तकंठ से बोल रहा है। उनके मार्गदर्शन में नगर पालिका गेट, सीवर कुआं और पश्चिमी बाईपास पर अत्याधुनिक डीलक्स शौचालयों का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि तिरंगा पार्क के निकट चौथा डीलक्स शौचालय निर्माणाधीन है। कान्हा गौशाला और बहवलपुर में स्टेडियम का निर्माण, गंगेश्वर नाथ तालाब का सुंदरीकरण जैसी प्रमुख योजनाएं शहर को नई ऊंचाइयों पर ले जा रही हैं। जल्द ही मोहल्ला कोलियान स्थित लश्करी तालाब का भी सौंदर्यीकरण होगा। सबसे आकर्षक परिवर्तन सौरिख तिराहे पर विकसित तिरंगा पार्क है, जो अब युवाओं के लिए शानदार सेल्फी पॉइंट बन चुका है। मुख्य बाजार में डिवाइडर, एलईडी लाइट्स और तिरंगी झालरों से सजे पोल रात्रि में गौरव की अनुभूति कराते हैं। ईओ सिंह कहते हैं यह विकास यात्रा निरंतर जारी रहेगी। अगले कुछ महीनों में कई नई परियोजनाएं अमल में आएंगी, जो नगर को और अधिक स्वच्छ व सुंदर बनाएंगी। इन प्रयासों से न केवल शहर की साफ-सफाई सुधरी है, बल्कि निवासियों की जीवन गुणवत्ता में भी वृद्धि हुई है। छिबरामऊ अब एक आदर्श नगर के रूप में उभर रहा है, जो अन्य क्षेत्रों के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगा।

# हमारा असली नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा है : रामानंद वर्मा

- 1 जनवरी को अंग्रेजी नववर्ष को अपना वास्तविक नया साल नहीं मानते बे चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (गुड़ी पढ़वा) को मनाते



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एवं ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज एसोसिएशन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री रामानंद वर्मा ने कहा एक जनवरी को अंग्रेजी नववर्ष के रूप में धूमधाम से मनाया जाता है, जबकि हमारा पारंपरिक नववर्ष चैत्र माह की शुक्ल प्रतिपदा को होता है।

उन्होंने कहा भारत में सभी धर्मों का आदर व सम्मान होता है। इसके तहत हम सभी जन अंग्रेजी नववर्ष की शुभकामनाएं व बधाई देते हैं लेकिन अपना नववर्ष आज के परिवेश में हम भूलते जा रहे है यह हम सभी के लिए चिंतनीय प्रश्न है अपना नववर्ष चैत्र माह की शुक्ल प्रतिप्रदा को होता है। लेकिन आज के समय अधिकतम लोग बच्चे, नोजवान, बुजर्ग जिस लगन, व तन्मयता से अंग्रेजी नववर्ष को ही अपना नया वर्ष माननें लगे हैं यह कष्टकारी व चिंता का विषय है।आज की नई पीढ़ी को यह ज्ञात ही नहीं है कि हमारा भी नया वर्ष है सबसे गम्भीर व चिंताजनक बात यह है कि नई पीढ़ी को कुछ लोगों को छोड़कर यह बताने बाला नहीं है कि बेटा यह भारत देश का नया वर्ष नहीं है। मेरे अनुसार सरकार को प्रत्येक सरकारी विभाग व सभी स्कूलों में अपना नया वर्ष कार्यक्रम बड़ी ज़ोरशोर से मनाना अनिवार्य कर दिया जाए तभी अपनी इस संस्कृति को बचाया जा सकता है। अपनी पारम्परिक संस्कृति को मानने वाले 1 जनवरी को अंग्रेजी नववर्ष को अपना वास्तविक नया साल नहीं मानते बे चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (गुड़ी पढ़वा) को मनाते हैं । प्रकृति के अनुसार भी यह सही व पारम्परिक है। राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की ये पंक्तियां भी हमें बताती हैं.. ये नववर्ष हमें स्वीकार नहीं, है अपना ये त्योहार नहीं, है अपनी ये तो रीत नहीं,...

## देश की धरोहर हैं वरिष्ठ नागरिक: विनोद दूबे



**छिबरामऊ, कन्नौज।** पुराना सौरिख बस स्टॉप स्थित कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में अखिल भारतीय जन आंदोलन फ्रंट के प्रदेश महासचिव विनोद दूबे ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक हमारे देश की धरोहर हैं। इनका सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठजनों के अनुभव और ज्ञान से समाज को दिशा मिलती है। युवा पीढ़ी को उनके मार्गदर्शन से ही राष्ट्र निर्माण संभव है। हमें उनकी सेवा में तत्पर रहना चाहिए, ताकि वे सम्मानजनक जीवन जी सकें। इस अवसर पर माल्यार्पण करके वरिष्ठ नागरिक समिति के सचिव बालिस्टर सिंह को जन्मदिन की बधाई दी गई। समिति के अध्यक्ष भारत सिंह ने सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नया वर्ष सबके लिए समृद्धि, स्वास्थ्य और खुशियां लाए। समिति वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगी। हमें सामूहिक रूप से उनकी देखभाल सुनिश्चित करनी चाहिए। कार्यक्रम में भारत सिंह प्रजापति, अजय दुबे, सुरेश सिंह तोमर, देवकीनंदन दुबे मुन्ना, आसाराम यादव, राजीव अग्निहोत्री, प्रिया श्रीवास्तव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पीछे छूटा ग्रीटिंग कार्ड का जमाना इंटरनेट मीडिया ने ले ली जगह

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

नव वर्ष 2026 के आगमन के साथ ही शुभकामनाओं का तरीका पूरी तरह बदल चुका है। अब लोगों की उंगलियां मोबाइल स्क्रीन पर दौड़ती हैं और व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम व एक्स जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पलों में ही सैकड़ों बधाई संदेश पहुंच जाते हैं। डिजिटल युग में यह सहूलियत भले ही आसान हो गई हो, लेकिन इसी के साथ पारंपरिक ग्रीटिंग कार्ड का चलन लगभग समाप्त हो गया है। कुछ वर्ष पहले तक नव वर्ष से कई दिन पहले ही बाजारों में रौनक दिखाई देने लगती थी। स्टेशनरी और गिफ्ट की दुकानों पर रंग-बिरंगे ग्रीटिंग कार्ड सजे होते थे। लोग अपने मित्रों, रिश्तेदारों और परिचितों के लिए कार्ड चुनते, उस पर अपने हाथों से शुभकामनाएं लिखते और डाक या स्वयं जाकर उन्हें देते थे। इन कार्डों में भावनाओं का अपनापन और उत्साह साफ झलकता था। समय के साथ तकनीक ने इस परंपरा को पीछे छोड़ दिया। अब लोग चंद सेकेंड में एक ही संदेश दर्जनों लोगों को भेज देते हैं। एनिमेटेड वीडियो, फोटो और स्टेटस के जरिए शुभकामनाओं का आदान- प्रदान न सिर्फ आसान बल्कि सस्ता भी हो गया है। इसका सीधा असर ग्रीटिंग कार्ड के कारोबार पर पड़ा है। व्यापारियों का कहना है कि पहले नव वर्ष और त्योहारों पर ग्रीटिंग कार्ड की अच्छी बिक्री होती थी, लेकिन अब यह कारोबार नाममात्र रह गया है। दुकानों में कार्ड तो सजते हैं, लेकिन खरीदार बेहद कम नजर आते हैं। कुल मिलाकर, बदलती जीवनशैली और डिजिटल दौर ने ग्रीटिंग कार्ड के जमाने को लगभग खत्म कर दिया है। हालांकि कुछ लोग आज भी इन्हें यादों और भावनाओं से जोड़कर देखते हैं, लेकिन अधिकांश के लिए इंटरनेट मीडिया ही शुभकामनाएं देने का सबसे आसान और तेज माध्यम बन चुका है।

## खबरें एक नजर में

### नव वर्ष की रात बिजली का धमाका, शहर अंधेरे में डूबा



**छिबरामऊ, कन्नौज।** नव वर्ष का जश्न धमाके से बदल गया। 1 जनवरी की रात 12:30 बजे 220 केवी स्टेशन पर 33 केवी सब स्टेशन का केबल बॉक्स फटने से पूरा शहर अंधेरे में डूब गया। घंटों चली बिजली कटौती से लोग बेहाल हो गए। जानकारी मिलते ही एसडीओ रविंद्र कुमार और जेई करन जायसवाल की अगुवाई में टीम ने कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के बीच मरम्मत शुरू की। इसमें अतीक अहमद गुड्डू, शिवम, शेरा, कल्लू, पप्पू, बबलू, रवि व प्रदीप पांडेय शामिल थे। सुबह 10 बजे के बाद चार फीडरों पर आपूर्ति बहाल हुई, लेकिन ओवरलोडिंग से एक-एक कर शटडाउन होते रहे। नलकूप बंद होने से सुबह पानी का संकट गहराया, जबकि घरेलू इनवर्टर भी फेल हो गए। पूरे दिन बिजली की आंख-मिचौली चली, जिससे निवासियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी।

### एसडीएम ने गेंदौली में ग्रामीणों की सुनी समस्याएं



**कोंच,जालौन।** गुरुवार को उप जिलाधिकारी ज्योति सिंह ने ग्राम गेंदौली का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान एसडीएम ने ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं गंभीरता से सुनीं। ग्रामीणों ने गांव में लंबे समय से नाला सफाई न होने, नालियों पर अतिक्रमण, जल निकासी की समस्या तथा नाली और मार्ग निर्माण से जुड़ी कई शिकायतें एसडीएम के समक्ष रखीं। ग्रामीणों ने बताया कि नालियों की नियमित सफाई न होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर बहता रहता है, जिससे आवागमन में दिक्कत के साथ-साथ संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बना रहता है। वहीं कुछ स्थानों पर नालियों और सार्वजनिक रास्तों पर किए गए अतिक्रमण से समस्या और अधिक गंभीर हो गई है। ग्रामीणों ने मार्ग निर्माण में हो रही देरी की भी शिकायत की, जिससे बरसात के दिनों में गांव के कई हिस्सों में कीचड़ और जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। एसडीएम ज्योति सिंह ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने मौके पर ही शिकायत निस्तारण की प्रक्रिया के तहत संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। इस क्रम में अधिशासी अभियंता (सिंचाई), जिला पंचायत राज अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) कोंच को पत्राचार कर समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश जारी किए गए।

### भाकियू ने एसडीएम को सौंपा सात सूत्रीय ज्ञापन

**कालपी,जालौन।** गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत प्रगतिशील कृषक सत्येन्द्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें किसानों ने विभिन्न समस्याओं को उठा कर एसडीएम को 7 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपकर समस्याओं का निदान करने की मांग की। मासिक पंचायत के उपरांत किसानों का प्रतिनिधिमंडल तहसील कालपी में पहुंचा। किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष अजय पाल सिंह राजू मलथुआ के नेतृत्व में किसानों के प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन को सौंपते हुए अवगत कराया है कि कालपी तहसील क्षेत्र कई इलाकों में अन्ना पशुओं से फ़सलों को नुकसान पहुंच रहा है। असमय बारिश तथा बाढ़ से प्रभावित किसानों को मुआवजा किसानों को सहकारी समितियां तथा प्राइवेट दुकानों में निर्धारित रेट में डीएपी तथा यूरिया खाद उपलब्ध कराई जाए। पशुओं से फ़सलों की बरबादी रोकी जाए।रियल टाइम खतौनी में जो गड़बड़ी है उसे जल्दी ठीक कराया जाए।

# वरिष्ठ नागरिक हमारे अनुभव और संस्कार की अमूल्य धरोहर: डीएम



**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

नव वर्ष के अवसर पर जनपद में मानवीय संवेदनाओं से परिपूर्ण एक सराहनीय पहल देखने को मिली। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने राठ रोड स्थित वृद्धाश्रम पहुंचकर वहां निवासरत बुजुर्गों से मुलाकात की तथा उन्हें अंग वस्त्र व मिठाई वितरित कर नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर बुजुर्गों का हालचाल जाना, उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। अधिकारियों द्वारा बुजुर्गों से आत्मीय संवाद स्थापित किए जाने से वृद्धाश्रम का वातावरण भावुक व आत्मीय हो उठा। बुजुर्गों ने अधिकारियों के इस स्नेहिल व्यवहार पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें दीर्घायु व सफल कार्यकाल के लिए आशीर्वाद दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि समाज के वरिष्ठ नागरिक हमारे अनुभव और संस्कार की अमूल्य धरोहर हैं, उनका सम्मान और देखभाल हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

पुलिस अधीक्षक ने भी कहा कि नव वर्ष की शुरुआत सेवा, संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ करना हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी देवेंद्र भिटौरिया, समाज कल्याण अधिकारी प्रवीण सिंह आदि संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## हाड़ कपाऊ सर्दी में सूर्य देव के नहीं हुए दर्शन घरों में दुबके लोग

**कोंच,जालौन।** गुरुवार नई साल 2026 का पहला दिन को सुबह से ही घने कोहरे और शीतलहर हांड़कापऊ सर्दी ने पूरे क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया हालात ऐसे रहे कि सूर्य भगवान के दर्शन के लिये लोग तरस गये लेकिन सूर्य भगवान ने दर्शन नहीं डिये जिससे ठंड और अधिक बढ़ गई सर्द हवाओं और कोहरे के कारण आम जनजीवन पूरी तरह प्रभावित रहा घने कोहरे और कंपकंपाती ठंड से पशु-पक्षी बूढ़े बच्चे भी बेहाल नजर आए वहीं सड़कों खेतों और खुले स्थानों पर जानवर ठंड से बचने के लिए इधर-उधर दुबके दिखाई दिए वहीं बूढे और बच्चे घरों में अलाव और गर्म कपडो मे सिमटे रहे।

# टीबी मुक्त भारत अभियान: 25 क्षय रोगियों को मिला पोषण आहार



**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत नववर्ष के अवसर पर जिला अस्पताल उरई में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने अभियान के अंतर्गत गोद लिए गए 25 क्षय रोगियों को पोषण आहार किट (पोषण पोटली) वितरित की।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी टीबी मरीजों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि टीबी कोई लाइलाज बीमारी नहीं है। यह एक साधारण बीमारी है, जिसका उपचार नियमित दवा, पौष्टिक आहार एवं पूर्ण अवधि तक इलाज लेने से पूरी तरह संभव है। उन्होंने रोगियों से अपील की कि वे बिना किसी भय या संकोच के इलाज पूरा करें और स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर हों। जिलाधिकारी ने जनपद में क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में टीबी उपचार की सफलता दर 94 प्रतिशत है। साथ ही निक्षय मित्रों द्वारा क्षय रोगियों को गोद लेकर पोषण पोटली वितरण की प्रगति 90 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि जनवरी माह के अंत तक जनपद में 100 प्रतिशत क्षय रोगियों को पोषण पोटली वितरित करने का लक्ष्य पूर्ण कर लिया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेंद्र भिटौरिया, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारीगण, जिला क्षय रोग अधिकारी, जिला पुरुष चिकित्सालय उरई के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सहित क्षय रोग विभाग के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बाबू जी की पुण्यतिथि पर दो दिवसीय कार्यक्रम टिमरों में 3 जनवरी से

**उरई,जालौन।** बुन्देलखण्ड महापरिषद के संस्थापक, साहित्यकार, लेखक एवं कलम के सच्चे सिपाही स्वर्गीय सुदर्शन सिंह जादौन 'बाबू जी' की आठवीं पुण्यतिथि के अवसर पर दो दिवसीय भव्य जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन बाबू जी के जन्मस्थल ग्राम टिमरों, विकास खण्ड डकोर स्थित सुदर्शन पुस्तकालय एवं वाचनालय परिसर में सम्पन्न होगा। स्वर्गीय सुदर्शन सिंह जादौन 'बाबू जी' ने अपने संपूर्ण जीवन को बुन्देलखण्ड के सामाजिक उत्थान, शोषित-वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा, साहित्य, शिक्षा के प्रसार एवं क्षेत्रीय एकता के लिए समर्पित किया।

# विष्णुप्रिया ने एमडी में चयनित होकर बढ़ाया क्षेत्र का मान

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



प्रतिभा की उड़ान कभी रुकती नहीं। क्षेत्र की बेटी विष्णुप्रिया ने कड़ी मेहनत से केजीएमयू (किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी), लखनऊ में एमडी एनेस्थेसिया कोर्स में चयनित होकर सबको गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। प्रख्यात समाजसेवी इंदिरा दुबे ने विष्णुप्रिया को विशेष रूप से सम्मानित करते हुए कहा कि यह सफलता न केवल उनके माता-पिता का, बल्कि पूरे समाज का मान बढ़ाती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि एक बेटी की प्रगति अन्य बालिकाओं के लिए प्रेरणा बनेगी और बालिका शिक्षा को नई ऊर्जा देगी। विष्णुप्रिया के पूर्व शिक्षक शशिकांत शुक्ला ने गुरु-शिष्य परंपरा का हवाला देते हुए कहा कि छात्र की सफलता पर गुरुओं को सबसे अधिक प्रसन्नता होती है। उन्होंने विष्णुप्रिया को सभी शिक्षकों का गौरव बताया। विष्णुप्रिया ने अपनी उपलब्धि का श्रेय माता-पिता अरुणेश चतुर्वेदी एवं अर्चना चतुर्वेदी तथा समस्त गुरुजनों को दिया। बताया कि आल इंडिया कोटे की पहली काउंसलिंग में जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज, कानपुर सीट मिली थी, लेकिन उन्होंने केजीएमयू चुना। इंदिरा दुबे, शशिकांत शुक्ला व सरिता अग्निहोत्री की उपस्थिति में माता-पिता ने बेटी को मिठाई खिलाकर आशीर्वाद दिया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बलीपुर वि0ख0 कमालगंज, फर्रु0

पत्रांकः मीमो/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत/ 2025-26 दिनांक 01/01/2026

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बलीपुर विकास खण्ड कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना में निर्माण सामग्री संदर्भित कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 02/01/2026 से 08/01/2026 तक की अपरान्ह 3-00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 08/01/2026 को सायं 4:00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत में प्रधान, सचिव, अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 02/01/2026 से 08/01/2026 तक अपरान्ह 2-00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत से रु0 500.00 अदा करने पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | सुदामा के घर से पुलिया तक सीसी व नाली निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 3.15 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | सदानंद के घर से होली तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 3.50 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः-** निविदा दाता का जीएसटी व आयकर पंजीकरण होना आवश्यक है। धरोहर राशि एफडीआर व एनएससी व चेक द्वारा ली जायेगी।

प्रधान-ऋषि कुमार ग्राम पंचायत बलीपुर वि0ख0 कमालगंज सचिव- बरखा राजपूत

# नव वर्ष पर मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब, भक्तों ने टेंका माथा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नए साल 2026 की शुरुआत लोगों ने मंदिरों में मत्था टेंककर की। सुबह से ही शहर के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जिससे उत्सव का माहौल बन गया। शहर के पांडेश्वर नाथ मंदिर में सुबह 9 बजे तक महिलाओं और पुरुषों की अलग-अलग लंबी कतारें लग चुकी थीं। बड़ी संख्या में भक्त दर्शन के लिए पहुंचे थे। मंदिर के कपाट सुबह 5 बजे ही खुल गए थे और समय बढ़ने के साथ श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ती गई। मंदिर परिसर ओम नमः शिवाय के जयघोष से गूंज उठा। फतेहगढ़-फर्रुखाबाद मुख्य मार्ग पर स्थापित प्राचीन सिद्ध पीठ बढ़पुर देवी मंदिर में सुबह से भक्त मां शीतला माता के दर्शन करते दिखाई दिए सभी भक्तों ने माता रानी के भवन में माथा टेक आशीर्वाद लेकर नए दिन की शुरुआत की। सुबह की आरती के बाद शाम तक मंदिर में भक्तों की कतार लगी रहीं। पूरे मंदिर में साफ -सफाई की व्यवस्था के साथ-साथ फूलों से पूरे मंदिर को सजाया गया था। साथ ही रंग-बिरंगे गुब्बारे भी लगाए गए। ऐसे ही फर्रुखाबाद स्थित गुड़गांव देवी मंदिर, भोलेपुर स्थित हनुमान मंदिर में भी भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। सनातन धर्म में यह मानता है कि वर्ष का पहला दिन भगवान के मंदिर में माथा टेंककर शुरू हो जिससे कि पूरे वर्ष मां शीतला माता का आशीर्वाद अपने भक्तों पर बना रहे और उनको छोटी से बड़ी समस्या आकर भी टल जाए।



शीतला माता मंदिर में पूजा अर्चना करते भक्तगण



पांडेश्वरनाथ मंदिर में लगी भक्तों की लाइन

## जगह-जगह भंडारे का हुआ आयोजन

शहर में नववर्ष को लेकर जगह-जगह हलवा और चाय का वितरण किया गया। शहर के चौक पर हलुआ और चाय का वितरण कर रहे उत्कर्ष दीक्षित ने बताया उन्होंने सभी को नववर्ष की बधाई दी। उन्होंने कहा वह कई वर्ष से लगातार यह आयोजन करते चले आ रहे हैं। माघ माह में पूरे माह पांचाल घाट पर आश्रम में भंडारे का आयोजन करते हैं इस बार भी यह चलेगा। सनी कनौजिया ने बताया चौक पर उनका मेडिकल है पांच लोगों का उनका ग्रुप है उसी के माध्यम से प्रतिवर्ष हलुआ और चाय वितरण का कार्यक्रम नववर्ष पर करते हैं। मठिया देवी मंदिर के पास चाय का वितरण कर रहे सौरभ ने बताया वह कई वर्षों से चाय का वितरण सुबह के समय करते चले जा रहे हैं। आयुष तिवारी ने बताया उनका एक ग्रुप है उसी के माध्यम से नववर्ष के अवसर पर यह कार्यक्रम कर रहे हैं।



मठिया देवी मंदिर पर चल रहा भंडारा

# प्रधान ने किया कंबल वितरण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के ग्राम बीसलपुर बांगर में पूर्व प्रधान उमेश चंद दीक्षित द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक सुशील शाक्य, थाना अध्यक्ष अवध नारायण पांडे, मंडल अध्यक्ष भाजपा कमल भारद्वाज, युवा मोर्चा नेता सहकारी समिति अध्यक्ष अमन अवस्थी, अनिल दीक्षित ने जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए।

भीषण सर्दी के चलते सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण कंबल लेने पहुंचे। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे खिल उठे। बताते चलें कि इस समय भीषण सर्दी पड़ रही है। बहुत से ऐसे गरीब हैं, जो इस भीषण सर्दी में ठिठुर-ठिठुरकर अपना समय काट रहे हैं। ऐसे में कंबल वितरण कार्यक्रम की जानकारी पाकर ग्रामीण कंबल लेने पहुंचे। कंबल पाकर ग्रामीण खासे प्रसन्न दिखायी दिये। विधायक ने लोगों को आश्वासन दिया कि आगे भी कंबल वितरण का सिलसिला जारी रहेगा। कार्यक्रम में मुख्य रुप से क्षेत्रीय विधायक सुशील शाक्य, उमेश चंद्र दीक्षित, क्षेत्रीय मंडल अध्यक्ष कमल भारद्वाज, युवा मोर्चा नेता सहकारी समिति अध्यक्ष अमन अवस्थी, अनिल दीक्षित, थाना प्रभारी निरीक्षक अवध नारायण पांडे तथा क्षेत्र के जरूरतमंद लोग मौके पर मौजूद रहे।



कंबल वितरित करते विधायक व अन्य

# किराये के मकान में मिला अधेड़ महिला का शव, पुलिस ने की जांच पड़ताल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

किराये के मकान में अधेड़ महिला का शव मिलन से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के ग्राम कुइयांबूट निवासी मालती (58) पत्नी स्व0 राकेश शाक्य प्रमोद मिश्रा के मकान में किराए पर रह रही थी। जिसका शव संदिग्ध परिस्थितियों में बंद कमरे से बरामद किया गया। मृतका की बेटी रवीना ने बताया कि मकान मालिक ने फोन कर सूचना दी कि मालती का कमरा अंदर से बंद है। जब वह मौके पर पहुंचीं और दरवाजा खुलवाया, तो उनकी मां चारपाई पर मृत अवस्था में पड़ी थीं और उनके मुंह से खून निकल रहा था। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। रवीना ने बताया कि उनके पिता राकेश शाक्य की मृत्यु करीब 15-16 वर्ष पहले हो चुकी है। बीते करीब 10 वर्षों से उनके ताऊ विजयपाल मालती के साथ रह रहे थे और उनका खर्च भी वही उठाते थे। उसने बताया कि मां के पेट में फोड़ा था। अनुमान लगाया जा रहा है कि फोड़ फूटने से मृतका को खून की उल्टी हुई औरउसकी मौत हो गयी। फिलहाल घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी अजब सिंह, एसआई वीरेंद्र सिंह, एसआई रामकेश, महिला कॉन्स्टेबिल विमलेश कुमार व राखी तथा कॉन्स्टेबिल सुरेश कुमार और अनुज तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। एसआई रामकेश ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय ने बताया कि मृतका लंबे समय से बीमार चल रही थीं। उन्होंने कहा कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। मृतका का एक बेटा मोहित है, जो दिल्ली में पत्नी के साथ रहकर प्राइवेट नौकरी करता है।



जांच पड़ताल करते थाना प्रभारी

# लुधियाना में मार्ग दुर्घटना में फर्रुखाबाद के युवक की मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

घने कोहरे के चलते बाइक और ट्रक की भिड़ंत हो गयी। जिसमें बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार लुधियाना के चंडीगढ़ रोड पर घनी धुंध के कारण ट्रक और बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में 26 साल के युवक की मौत हो गई। गुरुवार को परिजन यूपी से लुधियाना पहुंचे। जिसके के बाद उसका पोस्टमॉर्टम करवाया गया है। मृतक की पहचान 26 वर्षीय आनंद के नाम से हुई। जो फर्रुखाबाद के मोहद्दीनपुर गांव का रहने वाला है। आनंद एक फैक्ट्री में काम करता था और अपने बुजुर्ग माता-पिता का सहारा था। वह अविवाहित था। परिवार में दो बहनें व भाई है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



मृतक का फाइल फोटो

# अन्नदाताओं को मिलेगी आवारा गौवंशों से निजात

▸ सचिवों ने गौवंशों को पकड़कर गौशाला भिजवाया

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड क्षेत्र में छुट्टा घूम रहे आवारा गोवंशों को पकड़ने के लिए विकास खंड अधिकारी तथा ग्राम पंचायत सचिव ने कमर कस ली है। जिससे किसानों ने राहत की सां ली है।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र में आवारा घूम रहे गोवंशों को अन्नदाताओं की मांग पर विकास खंड अधिकारी तथा ग्राम पंचायत सचिव ने पकड़वाना शुरु कर दिया है और उन्हें गौशाला भिजवाया जा रहा है। जिस पर क्षेत्रीय ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। बताते चलें कि नवाबगंज क्षेत्र में काफी दिनों से आवारा गौवंशों द्वारा किसानों की फसल उजाड़ने की शिकायतें विकास खंड अधिकारी से की जा रही थीं। जिसके चलते विकास खंड अधिकारी ने किसानों की समस्या को संज्ञान में लेकर उसका समाधान करने के निर्देश सचिवों को दिये। खंड विकास अधिकारी का निर्देश मिलते ही सचिव कुलदीप राजपूत व प्रमोद शुक्ला अपने-अपने क्षेत्र में पहुंचे और आवारा गौवंशों को पकड़ना शुरु कर दिया। गुरुवार को ग्राम पंचायत अचरिचा बाकरपुर तथा सिलसंडा आदि ग्राम पंचायत में पहुंचकर सचिवों ने आवारा गोवंशों को पकड़ने का कार्य किया और पकड़कर गौशाला में भिजवाने का कार्य किया। इस मौके पर विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान, ग्राम पंचायत सचिव कुलदीप राजपूत, प्रमोद शुक्ला, ग्राम प्रधान तथा पंचायत सहायक, सफाई कर्मचारी सहित पूरी टीम के लोग मौजूद रहे।



पकड़े जा रहे आवारा गौवंश

# किशोरी की हत्या में साक्ष्य के अभाव में आरोपी बरी

▸ झूठी गवाही देने के मामले में गवाहों के विरुद्ध कार्यवाही के आदेश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अभिनीतम उपाध्याय ने हत्या के मामले में जगदीश अलवर पुत्र रामभरोसे निवासी मोहद्दीपुर राजेपुर को दोष मुक्त कर दिया। बीते 21 वर्षों पूर्व थाना राजेपुर के ग्राम कड़क्का निवासी यूसुफ खान पुत्र बहार अली ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया था कि उसकी चार वर्षीय पुत्री मेहरुन्निसा 17 अक्टूबर 2004 को दोपहर लगभग तीन बजे अपने बाबा बहार अली के साथ बाजार करने गई थी। इसी दौरान वह बाजार से कहीं गुम हो गयी थी। घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी गयी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया था। विवेचक ने विवेचना कर जगदीश, अलवर के विरुद्ध न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद न्यायाधीश ने जगदीश, अलवर को दोष मुक्त कर दिया और उनके पीबी रद्द कर दिये और जमानत बांड मुक्त कर दिए गए।

अभियोजन के गवाह फरीद, नसुरुद्दीन, समीर के विरुद्ध धारा-344 की कार्यवाही की गई है।

# नववर्ष पर गाजे-बाजे के साथ निकली खाटू श्याम बाबा की शोभायात्रा

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

नववर्ष के पावन अवसर पर नगर कंपिल में खाटू श्याम बाबा की भव्य शोभायात्रा गाजे-बाजे के साथ बड़े ही श्रद्धा और उत्साहपूर्वक निकाली गई। शोभायात्रा का नगरवासियों ने विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया।

गुरुवार को नववर्ष के उपलक्ष्य में खाटू श्याम बाबा के भक्तों द्वारा श्री रामलीला ग्राउंड से विशाल शोभायात्रा का शुभारंभ किया। शोभायात्रा नगर की प्रमुख गलियों पट्टी मदारी, मैन चौराहा, गंगा रोड, रामेश्वर नाथ होते हुए पुनः श्री रामलीला ग्राउंड पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में भक्त शामिल हुए। जो पगड़ी धारण किए तथा हाथों में पीले झंडे लिए भक्ति में लीन नजर आए। सुसज्जित विमान पर खाटू श्याम बाबा की प्रतिमा को भव्य आभूषणों से अलंकृत कर विराजमान किया गया। जिसे देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। नगर के विभिन्न स्थानों पर भक्तों द्वारा श्रद्धा भाव से पूजा-अर्चना की गई। शोभायात्रा के मार्ग में कई जगह पुष्प वर्षा की गई तथा आरती उतारकर प्रसाद का वितरण भी किया गया। जिससे पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया।

इस अवसर पर सत्यगिरि महाराज, रजनेश राजपूत, अनुज राजपूत, शशिकांत सैनी, अभिनय, अम्बुज कश्यप, आदेश वर्मा, स्वदेश चंद्र राजपूत सहित अनेक श्रद्धालु एवं गणमान्य भक्त उपस्थित रहे।



शोभायात्रा निकालते भक्तगण

## जुआ खेलते एक आरोपी को दबोचा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जंगल में जुआ खेलते हुए एक जुआरी को पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस ने उसके पास से 25,40 रूपए बरामद किये हैं। अपराध एवं अपराधियों व जुआरियों के विरुद्ध चलाये जारहे अभियान के क्रम में कोतवाली कायमगंज मण्डी चौकी इंचार्ज बलवीर सिंह, कांस्टेबिल पुष्पेन्द्र, कांस्टेबिल नवनीत कुमार, कांस्टेबिल राजेश शर्मा की टीम क्षेत्र में गस्त कर रही थी। उसी दौरान सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति जंगल के अन्दर पेड़ के नीचे मोबाइल की रोशनी में ताश के पत्तों से पैसे दांव पर लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर विश्वास करते हुए पुलिस ने मौके पर पहुँच कर घेराबन्दी के दौरान एक व्यक्ति को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान वीकेश पुत्र राम नरेश निवासी प्रेमनगर थाना कायमगंज के रूप में हुई और उसके पास से 25,40/- रुपये, 52 ताश के पत्तों की गड्डी बरामद हुई। पुलिस ने जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# पुलिस ने तमंचा सहित युवक को किया गिरफ्तार



पुलिस हिरासत में अभियुक्त

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में काममगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी, कस्बा चौकी इंचार्ज सोमवीर सिंह, कांस्टेबिल विजय गुर्जर, कांस्टेबिल धर्मेन्द्र तिवारी, कांस्टेबिल सचिन कुमार की टीम ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त नन्हू उर्फ नन्हें उर्फ फुन्दन उम्र 35 वर्षीय पुत्र अतर सिंह निवासी ममापुर थाना कायमगंज को एक अद्द नाजायज तमन्चा 315 बोर व दो अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त का मेडीकल परीक्षण करवाकर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# पिज्जा मशीन में हुए शार्टसर्किट से लगी आग, मची भगदड़

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नगर के रेलवे रोड स्थित वीआईपी पिज्जा दुकान में शार्टसर्किट से भीषण आग लग गयी। जिससे अफरा-तफरी मच गयी। घटना की सूचना दमकल को दी गयी। मौके पर पहुंची दमकल आग बुझाने में लगी है। समाचार लिखे जाने तक आग पूरी तरह से बुझी नहीं थी।

जानकारी के अनुसार शहर के मोहल्ला खतराना निवासी प्रवीन जैन व भोपतपट्टी सातनपुर निवासी अदवित वर्मा की संयुक्त रूप से वीआईपी पिज्जा की दुकान रेलवे रोड होरीलाल मार्केट के सामने है। पिज्जा की दुकान तलघर में हैं और उसके ऊपर आईसीआईसीआई बैंक हैं। शाम लगभग 5:45 बजे जब ग्राहक पिज्जा दुकान में बैठे थे। उसी दौरान मिली जानकारी के मुताबिक पिज्जा मशीन में शार्ट सर्किट से आग लग गयी। दुकानदार नें आग बुझाने वाले सिलेंडर से आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग नहीं बुझी। उसके बाद दमकल को सूचना दी गयी। जिसके बाद अधिकारी पहुंचे। दुकान से काफी देर बाद गैस सिलेंडर सकुशल निकाले गये। सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय भी पुलिस बल के साथ मौके पर आ गयीं। खबर लिखें जाने तक दमकल की कार्यावाही चल रही हैं। पुलिस की मौजूदगी में बैंक भीं खोलकर चेक की गयी।



घटनास्थल पर मौजूद लोग व पुलिस

# धूमधाम से मनाया गया समाजसेवी सत्यप्रकाश अग्रवाल का 74वां जन्मदिन

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

कम्पिल के श्वेताम्बर जैन परिसर में गुरुवार को प्रमुख समाजसेवी और उद्योगपति सत्यप्रकाश अग्रवाल का 74 वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह का आयोजन समाजसेवी पुखराज डागा ने किया। इस अवसर पर समाज के गणमान्य नागरिकों, उद्योगपतियों और शुभचिंतकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सभी ने सत्यप्रकाश अग्रवाल के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और सुखमय जीवन की कामना की। सत्यप्रकाश अग्रवाल ने केक काटकर सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का माहौल उत्साह और सामाजिक सौहार्द से भरा रहा। कायमगंज के चेयरमैन शरद गंगवार ने जन्मदिन पर गाना गाकर सबका मन मोह लिया, जबकि भाजपा के अमरदीप दीक्षित ने कविता सुनाई। गणमान्य लोगों ने गुलदस्ते और माला पहनाकर उन्हें बधाई दी। समारोह में भाजपा सांसद मुकेश राजपूत, डॉ.मिथलेश अग्रवाल, मोनिका अग्रवाल, अरुणा डागा, सी.पी. मसाले के चेयरमैन सिद्धार्थ अग्रवाल, ज्ञान दूध डेयरी के चेयरमैन जय अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचंद्र वर्मा, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता, पूर्व भाजपा विधायक अमर सिंह खटीक, उपजिलाधिकारी अतुल पटेल और तहसीलदार विक्रम सिंह चाहर सहित सैकड़ों व्यक्ति उपस्थित रहे।



स्वागत के दौरान सत्यप्रकाश अग्रवाल, सांसद, मिथलेश अग्रवाल व अन्य

# गंगा किनारे लगी आस्था की नगरी, जगमगायेंगे 21 हजार दीप

**आठ अखाड़ों के साथ माघ मेला में साधु संत करेंगे कल्पवास**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

माघ माह के आगमन के साथ ही गंगा के पंचाल घाट पर आस्था की नगरी आकार लेने लगी है। एक माह तक चलने वाले धार्मिक आयोजन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां पूरी हो गई हैं। कल्पवास, साधु-संतों और श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए गंगा किनारे अस्थायी व्यवस्थाओं को व्यवस्थित रूप दिया जा रहा है। कल्पवास के लिए गंगा तट पर स्थान चिन्हित कर टीन शेड लगाए गए हैं। साधु-संत और महात्मा पहले ही पंचाल घाट क्षेत्र में पहुंच चुके हैं और माघ माह भर यहीं साधना व गंगा स्नान करेंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ठहराव, पेयजल और स्वच्छता से जुड़ी व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

**आठ अखाड़ों के लिए अलग पाण्डाल:** धार्मिक परंपराओं के अनुसार इस बार आठ अखाड़ों के लिए अलग-अलग पाण्डाल तैयार किए गए हैं। अखाड़ों की बाउंड्री तय कर उनके भीतर ठहरने की व्यवस्था की गई है, ताकि अनुशासन बना रहे और श्रद्धालुओं की आवाजाही सुचारू रहे। **स्वच्छता और पेयजल की पुख्ता व्यवस्था:** मेला सचिव एवं अपर जिलाधिकारी दिनेश कुमार के अनुसार मेला क्षेत्र में स्वच्छता को प्राथमिकता दी जा रही है। इस बार भी 1065 शौचालय बनाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही लगभग इतने ही नल पेयजल के लिए लगाए जा रहे हैं। सार्वजनिक शौचालयों की अलग व्यवस्था की गई है।


गंगा तट पर लगा मेला रामनगरिया

**सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे आकर्षण:** श्रद्धालुओं के लिए मेला क्षेत्र में सांस्कृतिक पांडाल तैयार किया गया है। यहां दिन में 11 से 3 बजे और रात में 8 से 11 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। मेला अवधि में भागवत कथा और रामकथा जैसे धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजन भी होंगे। गंगा तट पर धार्मिक आयोजन के साथ-साथ विकास प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टॉल लगाए जाएंगे। महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों की बिक्री की भी व्यवस्था की गई है। **सुरक्षा व्यवस्था पर खास जोर:** श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता दी गई है। पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ मेला क्षेत्र में लगातार निगरानी की जा रही है। प्रमुख प्रवेश और निकास मार्गों पर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है, ताकि भीड़ नियंत्रित रहे और किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। प्रशासनिक अनुमान के अनुसार प्रतिदिन करीब दो लाख श्रद्धालु गंगा स्नान और दर्शन के लिए पंचाल घाट पहुंच सकते हैं। इसे देखते हुए यातायात, स्वास्थ्य और आपात सेवाओं को लेकर संबंधित विभागों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। माघ माह के दौरान गंगा तट पर कल्पवास और श्रद्धालुओं की सुविधा हमारी प्राथमिकता है। अखाड़ों, स्वच्छता, पेयजल, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूत किया गया है, ताकि आयोजन शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो।

## नव वर्ष पर युवाओं ने जरुरतमंदों को वितरित किये कपड़े व सामग्री


लोगों को राहत सामग्री देते युवा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नए साल पर माया भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में जिला युवा अधिकारी शिखर रस्तोगी के नेतृत्व में एक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युवाओं ने मिलकर जरूरतमंद भट्टे पर काम करने वाले लोगों के बीच कपड़े, नमकीन बिस्कुट और मिठाई वितरित की। शिखर रस्तोगी ने कहा कि सेवा भाव से बढ़कर कुछ नहीं है और इस तरह के कार्यक्रमों से हमें समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का एहसास होता है। पांचाल नागरी संस्थापक राहुल वर्मा ने कहा कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी सदस्यों का सहयोग और समर्पण सराहनीय रहा। व्यवस्था रचना ने संभाली। सभी लोगों ने नए साल की शुरुआत में समाजसेवा के इस कार्य को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शिवम मिश्रा, नितिन गुप्ता, वैभव सक्सेना, आकाश आदि उपस्थित रहे।

## खत्री समाज ने नेत्रहीन दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया नव वर्ष


दिव्यांग बच्चों के साथ खत्री सभा के पदाधिकारी

**अहिल्याबाई नेत्रहीन विद्यालय में बच्चों को दिये गये उपहार**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

खत्री सभा द्वारा नव वर्ष पर दिव्यांग सम्मान समारोह का आयोजन अहिल्याबाई नेत्रहीन विद्यालय में हुआ। स्व0 तन्मय धवन पुत्र मोहित श्रुति धवन की पुण्य स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों को खत्री सभा के अध्यक्ष मुदित टंडन की देखरेख में सम्पन्न सम्मानित किय गया।

विद्यालय के बच्चों को नये ऊनी कपड़े व दैनिक वस्तुएं एवं दैनिक खाद्य सामग्री प्रदान की गई। समाजसेवी मुदित टंडन ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों से अनोखी पहल होती है। सभी ने विद्यालय पहुंचकर जरुरतमंद बेसहारा बच्चों को सामग्री वितरित कर नव वर्ष मनाया। मुदित टंडन ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से समाज में जागरुकता पैदा होती है और निर्धन व गरीब और दिव्यांगजनों की मदद करना हम सबका कर्तव्य है। जिसके तहत छोटा सा प्रयास किया गया। अध्यक्ष मुदिक टंडन, गौरव धवन, प्रसून टंडन, रवि कपूर, आशीष मेहरोत्रा, सोनल टंडन, तनवी धवन, रुपाली मेहरोत्रा, चारु कपूर, सोनी मेहरोत्रा, राधिका आदि सदस्यों ने कार्यक्रम में शामिल होकर दिव्यांग व नेत्रहीन बच्चों को उपहार देकर उनका मनोबल बढ़ाया।

## एएसपी ने मेला श्रीराम नगरिया की परखी सुरक्षा व्यवस्था


निरीक्षण करते एएसपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एएसपी ने मेला श्रीराम नगरिया का निरीक्षण कर यातायात व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने को संबंधित को निर्देश दिये। अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना कादरीगेट क्षेत्रांतर्गत पांचाल घाट पर आयोजित मेला श्री रामनगरिया का स्थलीय निरीक्षण किया तथा यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। एएसपी ने स्नान घाटों को देखा व संबंधित को निर्देशित किया। नवनिर्मित सड़कों एवं फुटपाथ के कार्यों को भी देखा। एएसपी ने वहां मौजूद पुलिस कर्मियों को यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

## कायस्थ सोशल सभा ने हवन पूजन व भण्डारे कर मनाया नव वर्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


पूजा अर्चना करते समाज के लोग

नव वर्ष पर कायस्थ सोशल सभा भवन में अन्तर्राष्ट्रीय न्यायिक मानवाधिकार के प्रदेश अध्यक्ष व हिन्दू सनातन सेना के राष्ट्रीय महासचिव की देखरेख में हवन पूजन व भण्डारा व गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की व्यवस्था प्रदीप सक्सेना ने देखी। पक्का पुल स्थित कायस्थ सोशल सभा भवन में गुरुवार को नव वर्ष के उपलक्ष्य में हवन पूजन पंडित वेदप्रकाश शुक्ला ने कराया। बड़ी संख्या में समाज के अलावा अन्य लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। हवन में देश व प्रदेश तथा जनपद के लिए सुख-समृद्धि की कामना की। साथ ही आरती के साथ प्रसाद वितरित किया गया। देर शाम तक चले भण्डारे में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। गोष्ठी का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया गया। वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखे। इस मौके पर आयोजक प्रदीप सक्सेना, सूरज सिंह भारद्वाज, डा0 पीएन सक्सेना, विनोद सक्सेना, मुकेश सक्सेना, साधना त्रिवेदी, अर्चना वर्मा, मदीना बेगम, हेमलता मिश्रा, विकास गुप्ता, रोहित शर्मा, शिवराम कश्यप, कुलदीप सक्सेना, अनिल सक्सेना, रोमित सक्सेना, राकेश सक्सेना, संजय गर्ग, राजेश हजेला, शशांक सक्सेना, अनिल सक्सेना, शिवप्रकाश सक्सेना, सुरेन्द्र पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे।

## हिन्दू समाज के बच्चों को शस्त्र और शास्त्र का ज्ञान होना जरुरी:नारायन द्विवेदी

**विश्व हिन्दू महासंघ महिला शक्ति कमेटी का हुआ गठन**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


सम्बोधित करते नारायन दत्त द्विवेदी

विश्व हिन्दू महासंघ के तत्वाधान में मातृ शक्ति शाखा का गठन किया गया। संचालन आदित्य दीक्षित ने किया। मातृ शक्ति कानपुर मण्डल अध्यक्ष सुनीता अग्निहोत्री की सहमति पर मंजू सिंह तोमर को जिला अध्यक्ष, गायत्री मिश्रा को मण्डल महामंत्री बनाया गया। जिला मंत्री की जिम्मेदारी रत्नेश मिश्रा को दी गई।

फतेहगढ़ नगर अध्यक्ष अंजना देवी घोषित की गई। कमालगंज की नगर अध्यक्ष श्वेता श्रीवास्तव को बनाया गया। बैठक का आयोजन बढ़पुर स्थित एक गेस्ट हाउस में सम्पन्न हुआ। संरक्षक नारायन दत्त द्विवेदी ने नगर गौरक्षा प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी योगेश को दी। नगर महासचिव राजा को बनाया गया। लवि यादव को उपाध्यक्ष, गोलू सक्सेना व मोनू वर्मा को सचिव बनाया गया। कवियत्री प्रीति तिवारी ने कहा कि हमें जातियों में नहीं बटना है। हम किसी भी जाति के हों, पहले हम हिन्दू है। अब समय संगठित होने का आ गया है। नारायन दत्त द्विवेदी ने कहा कि हमारे बच्चों को शस्त्र और शास्त्र दोनों का ज्ञान होना चाहिए और हिन्दुत्व की रक्षा के लिए हम हमेशा तैयार है। जिलाध्यक्ष अनुपम अवस्थी ने कहा कि संगठन को ग्रामीण व वार्ड स्तर पर मजबूत किया जायेगा। कानपुर मण्डल अध्यक्ष सुनीता अग्निहोत्री का फूल मालाओं से स्वागत मंजू सिंह तोमर के नेतृत्व में किया गया। रेखा सिंह ने गीत प्रस्तुत किया। इस मौके पर साहिल मिश्रा, अर्चना दुबे, डा0 निधि मिश्रा, श्रद्धा दुबे, सुमन वर्मा, अमन दुबे, पिंकी, मंजू सिंह, बबली, ज्योति वर्मा, सीमा यादव, सुमन कश्यप, कमलेश राठौर, विशाल आदि लोग मौजूद रहे।

## भारत स्काउट गाइड का दीक्षांत समारोह सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


कार्यक्रम में मौजूद स्काउट गाइड

भारत स्काउट गाइड बीएसजी कार्यक्रम का धूमधाम से समापन हुआ। प्रशिक्षार्थियों को बेसिक स्काउट मास्टर की उपाधि के संदर्भ में प्रशिक्षार्थियों को गाइड कैप्टन व स्काउट मास्टर की देश की प्रतिज्ञा, गाइड की प्रतिज्ञा, एलओसी स्काउट मनोज कुमार रावत द्वारा व एलओसी गाइड शशिप्रभा ने गाइड कैप्टन को कर्तव्य का निर्वाह्न कराया। प्रशिक्षण में बताये गये निर्वाह्न के नियम प्रारंभ में एएसओडीसी कानपुर मयंक शर्मा द्वारा अतिथियों का आभार व सम्मान करते हुए स्काउट गाइड विदाई पर अनुशासन का पाठ पढ़ाया गया। साथ ही मुख्यायुक्त दिनेश वर्मा द्वारा स्काउट गाइड को नियम तथा चारों तरफ अपनी ख्याती को फैला दें। अपने विद्यालय में स्काउटिं बच्चों में छात्र-छात्राओं को ले जाये। छह महीने के अंदर एडवांस कोर्स भी कराने का आश्वासन दिया। जिस पर प्रशिक्षार्थियों ने हाथ उठाकर सहमति व्यक्त की। जिला सचिव महेश राजपूत ने प्रशिक्षार्थियों को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर सहायक आयुक्त शिवओम द्विवेदी ने कानपुर मण्डल के एएसओसी मयंक शर्मा की तारीफ की। उनके द्वारा किये गये कार्यों को सराहा गया। इस अवसर पर एलओसी स्काउट मनोज कुमार रावत, एलओसी गाइड शशिप्रभा, मनीष कुमार को सम्मानित किया गया। पुष्पेन्द्र सिंह, संतोष कुमार त्रिपाठी को भी सम्मानित किया गया। पुष्पेन्द्र मिश्रा, भारती मिश्रा, प्रमोद गंगवार, गजेन्द्र सिंह, रोहित दीक्षित, योगेश कुमार, निहारिका पटेल आदि लोग मौजूद रहे।

## ऑयल एक्सट्रैक्शन यूनिट की बुकिंग 9 जनवरी तक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राज्य सरकार द्वारा कृषकों के हित में वर्ष 2025-26 में नेशनल मिशन ऑन एडिबिल ऑयल (ऑयलसीड्स) योजनान्तर्गत जनपद बरेली में ऑयल एक्सट्रैक्शन यूनिट के बुकिंग उपरान्त संशोधित लक्ष्य 01, मिनी ऑयल एक्सट्रैशन यूनिट (10 टन क्षमता) के बुकिंग उपरान्त लक्ष्य 02, तिरपाल बुकिंग संशोधित लक्ष्य 27 के सापेक्ष ऑनलाईन विभागीय पोर्टल पर बुकिंग प्रारम्भ कर दी गई है। बुकिंग 09 जनवरी की रात्रि 12 बजे तक की जा सकती है। उपकृषि निदेशक अरविन्द मोहन मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि कृषि विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत कृषक नेशनल मिशन ऑन एडिबिल ऑयल (ऑयलसीड्स) योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में तिरपाल की बुकिंग निःशुल्क टोकन मनी एव पहले आओ पहले पाओं के आधार पर तथा ऑयल एक्सट्रैक्शन यूनिट (10 टन क्षमता) की जनपद वार टोकन मनी रू0 5000 एवं ई-लॉटरी के माध्यम से विभागीय पोर्टल पर ऑनलाईन बुकिंग कर सकते है।

## जूना अखाड़े की आज निकलेगी नगर प्रवेश यात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जूना अखाड़े की नगर प्रवेश यात्रा 2 जनवरी को मेला क्षेत्र के 6 नंबर सीढ़ी से प्रारंभ होकर पांचाल घाट पुल होते हुए कादरी गेट, नाला मछरट्टा, पक्का पुल चौराहा, तिकोना, रेलवे स्टेशन होते हुए चौक नेहरू रोड, घुमना, लाल गेट, आवास विकास, मसेनी चौराहा होते हुए मेला क्षेत्र में प्रवेश करेगी। यात्रा में सैकड़ो की संख्या में साधु-संत एवं जूना अखाड़ा से जुड़े हुए लोग सम्मिलित होंगे। जानकारी देते हुए संत समिति के अध्यक्ष महेंद्र सत्य गिरी ने बताया कि यात्रा में जूना अखाड़े के प्रवक्ता महंत वीरेंद्र गिरी महाराज मौजूद रहेंगे। यात्रा पूरे शहर में भ्रमण के बाद रामनगरिया में लगे जूना अखाड़ा क्षेत्र में प्रवेश करेगी।

## 3 जनवरी को शानो शौकत से निकाला जायेगा मौला अली का जुलूस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


वार्ता में मौजूद लोग

शहर में तीन जनवरी को मौला अली का जुलूस शानो शौकत के साथ निकाला जाएगा। इसकी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। शहर के घेरे श्यामू खां स्थित आफताब हुसैन के निवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में सूफी संत पप्पन मियां वारसी ने बताया कि यह हजरत अली का 40वां जुलूस निकाला जायेगा। 3 जनवरी को शाम 5:30 बजे लालगेट स्थित वारसिया मस्जिद से शुरू होगा। जुलूस शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए रकाबगंज कला स्थित दरगाह हजरत अब्बास पर समाप्त होगा। दरगाह पर शायर अपने कलाम प्रस्तुत करेंगे। मौलिक इकबाल ने जुलूस को गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक बताया। मौलाना सैयद फरहत अली जैदी ने बताया कि मौलाना सैयद कल्बे जव्वाद इस आयोजन के मुख्य अतिथि होंगे। कांग्रेस नेता सैयद आफताब हुसैन ने बताया कि मौलाना कल्बे जव्वाद का स्वागत घुमाना चौराहा, चौक चौराहा और पक्का पुल चौराहा पर व्यापार मंडल के सदस्यों द्वारा किया जाएगा। जुलूस में पांच घोड़े शामिल होंगे। राष्ट्रीय तिरंगा जुलूस के आगे-आगे चलेगा। इस अवसर पर विलाल शफीकी, मुमताज हुसैन, जावेद हुसैन, मुनव्वर हुसैन, सैफहुसैन आदि लोग मौजूद रहे।

## पत्रिका पड़कुड़िया का ऑनलाइन किया गया विमोचन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



ऑनलाइन कार्यक्रम में मौजूद वक्ता

कनौजी बोली बेवसाइड ऑन लाइन पत्रिका पड़कुड़िया का विमोचन किया गया। नव वर्ष पर कान्यकुब्ज परिक्षेत्र की लोक भाषा एवं पश्चिमी हिन्दी की प्रमुख उप बोली कनौजी बोली की बेवसाइड को सम्पादित पत्रिका पड़कुड़िया का ऑन लाइन उद्घाटन मुख्य अतिथि ने दिल्ली से पवन कुमार निदेशक ग्राम विकास भारत सरकार द्वारा किया गया।

मां शारदे का अर्चन अपूर्वा अवस्थी ने वाणी वंदना से किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि इस शत प्रयास तथा कनौजी बोली के सामूहिक प्रयास की सराहना की। इस माध्यम से लोकल टू वोकल की संकल्पना सार्थक होगी। कनौजी बोली स्थायित्व तथा साहित्यिक विकास में सहायक होगी। इसमें तकनीक सहयोग को शिवांग ने रेखांकित करते हुए अपूर्वा अवस्थी ने जानकारी दी। डॉ. वीरेन्द्र चन्द्रमुखी की संकल्पना संपादक मण्डल के प्रखर दीक्षित, सुमन पाठक, नरेश द्विवेदी ने अपने अनुभव साझा किया। समीक्षा यादव ने संचालन किया। कार्यक्रम में संतोष कुमार, डॉ. रामसेवक, बृजेश सिंह, अमूल्य शुक्ला, चन्द्रप्रकाश मिश्रा, नरेश द्विवेदी आदि विद्वान मौजूद रहे। आभार प्रखर दीक्षित ने व्यक्त किया। अध्यक्षता वीरेन्द्र चन्द्रमुखी ने की। संचालन अपूर्वा अवस्थी ने किया।

## एक सप्ताह के भीतर फार्मर रजिस्ट्री का कार्य किया जाये पूर्णः डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


बैठक लेते डीएम

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में फार्मर रजिस्ट्री का लक्ष्य शत-प्रतिशत पूर्ण किए जाने हेतु न्याय पंचायत स्तर पर नामित नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। डीएम ने निर्देशित किया कि समस्त नोडल अधिकारी अपने-अपने न्याय पंचायत अंतर्गत सभी ग्रामों में तैनात कर्मियों के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के समस्त पात्र लाभार्थियों की शत-प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनवाना सुनिश्चित करें। इसके लिए प्रत्येक कार्मिक का लक्ष्य निर्धारित करते हुए उसके सापेक्ष प्रतिदिन की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाए।

डीएम ने यह भी निर्देश दिए गए कि ग्राम पंचायत को उपलब्ध कराई गई विभिन्न सूचियों के सापेक्ष ऐसे किसानों की सूची तैयार की जाए, जिनकी फार्मर रजिस्ट्री आईडी विभिन्न कारणों से नहीं बन पा रही है। उक्त सूची संबंधित ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम प्रधान से प्रमाणित कराकर खंड विकास अधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराई जाए। डीएम ने अभियान चलाकर एक सप्ताह के भीतर फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), जिला विकास अधिकारी, उप निदेशक कृषि सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## व्यापारियों ने समाजसेवी सत्यप्रकाश अग्रवाल का मनाया जन्मदिन


सत्यप्रकाश अग्रवाल व मिथलेश अग्रवाल को बधाई देते शुभचिंतक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के संरक्षक समाजसेवी एवं वरिष्ठ उद्योगपति सत्य प्रकाश अग्रवाल का जन्मदिन उनके निवास पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने धूमधाम से मनाया। उद्योगपति सत्यप्रकाश अग्रवाल व महिला आयोग की पूर्व सदस्य व भाजपा नेत्री मिथलेश अग्रवाल को तिलक, पगड़ी एवं शाल उड़ाकर व माला पहनाकर सम्मानित किया। व्यापारियों ने धूमधाम से केक काटा। सभी ने सत्यप्रकाश अग्रवाल के लंबी उम्र की एवं स्वस्थ रहने की ईश्वर से कामना की। सत्यप्रकाश अग्रवाल ने सभी का माला पहनकर स्वागत किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री सत्यनारायण वर्मा, कार्यकारी जिला अध्यक्ष उमेश गुप्ता, शिवबालक शर्मा, रोहित गुप्ता, प्रियंक अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, अभिषेक महेश्वरी, बालकिशन गुप्ता, अजय गुप्ता, अंकित मित्तल, संतोष चौहान, शंकर दयाल शर्मा उपस्थित रहे।

## महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि का मनाया 49वां जन्मदिवस

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**


सम्मान समारोह में मौजूद पत्रकार

**कलमकार हुए सम्मानित**

निरंजन पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी कैलाशानंद गिरि महाराज के 49वें जन्मदिवस पर अमृतपुर तहसील क्षेत्र में आयोजन किया गया। कार्यक्रम राजपुर स्थित गौ रक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश महामंत्री डॉ. डी.के. तिवारी (रामकिशन) के प्रतिष्ठान पर संपन्न हुआ। प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद बाजपेई ने संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ केक काटकर जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। जनसमूह ने महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि महाराज की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं यशस्वी जीवन की कामना की। समारोह में प्रदेश महामंत्री मृदुल चतुर्वेदी, अरुण त्रिपाठी, रविकांत अग्निहोत्री, प्रदेश कोषाध्यक्ष सुनील शुक्ला, राघव अवस्थी, आदित्य सहित संगठन के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसी क्रम में आयोजक डॉ. डी.के. तिवारी द्वारा पत्रकार सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के पत्रकारों को सम्मानित किया गया तथा उनके निष्पक्ष एवं समाजहित में किए जा रहे कार्यों की सराहना की गई।

पत्रकारों में प्रताप सिंह यादव, पवन यादव, ब्रजकांत दीक्षित, अभिषेक तिवारी, राममुरारी शुक्ला, अनुज सिंह परमार, निशांत अवस्थी, आकाश सिंह, विनय त्रिपाठी, रामू राजपूत, प्रशांत अवस्थी, कुलदीप दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस चौकी की बन रही बिल्डिंग को लेखपाल ने जेसीबी से गिरवाया

फरधान खीरी, समृद्धि न्यूज।



थाना क्षेत्र की कैमहरा ग्राम पंचायत में राजेपुर गांव के पास बन रही पुलिस चौकी को जेसीबी से गिरवाया। एक जनवरी 2025 को लेखपाल द्वारा जगह चिन्हित कर दिये जाने के बाद पुलिस ने निर्माण कार्य शुरू कराया था।

विकास खंड सदर की ग्राम पंचायत कैमहरा के मजरा राजेपुर गांव पास लखीमपुर मोहम्मदी मार्ग के किनारे पुलिस चौकी के लिए बिल्डिंग बन रही थी। जिसकी नीव पूजन तत्कालीन सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी और प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार ने किया था। एक साल में धीरे धीरे जन सहयोग से पुलिस चौकी का निर्माण कराया जा रहा था। तत्कालीन एसओ ने लेखपाल से जगह चिन्हित कराने के बाद चौकी का निर्माण शुरू कराया गया था। पिलर सहित पुलिस चौकी की आधी दीवारों का निर्माण हो चुका था। करीब पंद्रह दिनों से चौकी निर्माण कार्य बंद पड़ा था। ग्रामीणों ने बताया एक जनवरी की सुबह करीब साढ़े चार बजे क्षेत्रीय लेखपाल शैलेन्द्र सिंह ने जेसीबी ले जाकर पुलिस चौकी की चारो दीवारों को गिरवा दिया। मौके पर अब केवल पिलर खड़े रह गए है। क्षेत्रीय लेखपाल शैलेन्द्र सिंह ने बताया चौकी निर्माण के लिए ज़ब जगह दी गयी तो उस समय नक़्शे के हिसाब से जगह चिन्हित कर चौकी निर्माण के लिए चिन्हित की गयी थी। रमेश कुमार नामक व्यक्ति ने लखनऊ कोर्ट में (पीआईएल) रिट दायर की थी। मामला कोर्ट में जाने के बाद फिर पैमाइश की तब वह जगह खलिहान की निकल आयी। लेखपाल ने बताया दोनों नक़्शे में चौदह मीटर का अंतर पाया गया। इसलिए, चौकी का निर्माण रुकवाया गया था जिसे तुड़वा दिया गया है।

### 13 दिसंबर 2025 पैमाइश में नहीं थी खलिहान की जगह

पुलिस चौकी के निर्माण में लेखपाल की बार बार रिपोर्ट बदलने से लाखो का नुकसान हो गया है। वही पुलिस चौकी के लिए बनी बिल्डिंग टूटने को लेकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। लखनऊ कोर्ट में मामला पहुंचने के बाद 13 दिसंबर 2025 को क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा याचिका कर्ता रमेश कुमार समेत अन्य ग्रामीणों की मौजूदगी में पैमाइश की गयी। जिसमें लेखपाल ने पुलिस को लिखित देकर बताया गया की पैमाइश में गाटा संख्या 141/0.324 में नवनिर्मित पुलिस द्वारा किसी प्रकार का खलिहान नहीं पाया। शिकायत के अनुसार पुलिस चौकी का निर्माण खलिहान में नहीं पाया गया। रिपोर्ट देने के बाद एक जनवरी 2026 को लेखपाल द्वारा घोषित कर चौकी को गिरवा दिया क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। प्रभारी निरीक्षक दिलीप चौबे ने बताया लेखपाल ने पुलिस चौकी क्यों गिरवा दी है इसकी अभी पूरी जानकारी नहीं है। पुलिस चौकी का निर्माण उनके समय का नहीं है इसलिए अभी कुछ कह नहीं सकते है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में राष्ट्रीय बजरंग दल का प्रदर्शन, यूनुस का फूंका पुतला

▸ गोला गोकर्णनाथ में गूंजे बांग्लादेश विरोधी नारे, सड़कों पर उतरे बजरंग दल कार्यकर्ता



गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।

बांग्लादेश में हिंदू समाज पर हो रहे कथित अत्याचारों के विरोध में राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश के प्रधानमंत्री यूनुस का पुतला दहन कर अपना आक्रोश प्रकट किया और बांग्लादेश विरोधी नारे लगाए। पुतला दहन कार्यक्रम का नेतृत्व विधानसभा उपाध्यक्ष चंचल कश्यप ने किया।

प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर लगातार अत्याचार हो रहे हैं, जो मानवाधिकारों का खुला उल्लंघन है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इस गंभीर मुद्दे पर संज्ञान लेना चाहिए और पीड़ित हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। कार्यकर्ताओं ने भारत सरकार से भी इस मामले में कड़ा रुख अपनाने की मांग की।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष राकेश कनौजिया, जिला उपाध्यक्ष मनोज वर्मा, जिला महामंत्री प्रदीप जायसवाल, जिला कार्यवाहक अध्यक्ष अंशुक वर्मा, अंकित वर्मा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इसके अलावा संकेत कुमार, आयुष भारती, ग्राम प्रधान पति मुकेश गुप्ता, विवेक मिश्रा, पुजारी जी पुष्पेंद्र मिश्रा, रितिक अग्निहोत्री, नैमिष मौर्य, प्रदीप अवस्थी, गौरव प्रजापति, गोपाल अग्निहोत्री, रोहित मिश्रा, सूचित मिश्रा, रचित मिश्रा, दिवाकर मौर्य, कमलेश मिश्रा, राहुल मिश्रा, रमेश गौतम, महेश मौर्या, सूरज कटियार सहित भारी संख्या में कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

पुतला दहन के दौरान माहौल पूरी तरह आक्रोशपूर्ण रहा और कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर हिंदू समाज के समर्थन में नारेबाजी की। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

## खबरें एक नजर में

### कांग्रेस नेता का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया



बांदा, समृद्धि न्यूज। गुरूवार को जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय अलीगंज में उत्तर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं जिला प्रवक्ता कांग्रेस मुमताज अली जी का जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ कांग्रेसियों द्वारा केक काटकर मनाया गया। एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशियां मनाई गई इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कांग्रेस जिला प्रवक्ता मुमताज अली कांग्रेस के प्रति निष्ठावान समर्पित उत्साही व्यक्तित्व के धनी ही नहीं वर्ण एक अच्छे संगठन करता भी है हम सभी उनके दीर्घायु की कामना करते हैं जिससे कांग्रेस पार्टी को ताकत मिले इस अवसर पर कांग्रेस सभासद इरफान भाई पूर्व जिला अध्यक्ष लीगल सेल युवा कांग्रेस बद्री प्रसाद त्रिपाठी एडवोकेट त्रिभुवन नारायण द्विवेदी सोशल मीडिया प्रभारी संतोष कुमार द्विवेदी, प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस आकाश दीक्षित सहित काफी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

### नववर्ष पर सुरक्षा की पहली कड़ी का सम्मान, सीओ ने 53 ग्राम चौकीदारों को बांटे कंबल



ईसानगर, खीरी, समृद्धि न्यूज। नववर्ष के अवसर पर गुरुवार को थाना ईसानगर परिसर में ग्रामीण सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक सराहनीय पहल देखने को मिली। क्षेत्राधिकारी धौरहरा शमशेर बहादुर सिंह ने गांवों में कानून–व्यवस्था की पहली जिम्मेदारी निभा रहे ग्राम चौकीदारों को कंबल वितरित कर उनका सम्मान किया। कंबल पाकर चौकीदारों के चेहरों पर खुशी झलक उठी। प्राप्त जानकारी के अनुसार नववर्ष के सम्मान कार्यक्रम के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में तैनात 53 ग्राम चौकीदारों को कंबल प्रदान किए गए। इस मौके पर सीओ शमशेर बहादुर सिंह ने कहा कि ग्राम चौकीदार समाज और पुलिस के बीच मजबूत कड़ी हैं। गांव में होने वाली असामाजिक गतिविधियों पर नजर रखकर समय रहते सूचना देना उनकी अहम भूमिका है, जिससे अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। उन्होंने चौकीदारों को पुलिस परिवार का हिस्सा बताते हुए कहा कि उनकी समस्याओं का समाधान करना प्रशासन की नैतिक जिम्मेदारी है। साथ ही भरोसा दिलाया कि भविष्य में किसी भी जरूरत पर वे सदैव उनके साथ खड़े रहेंगे। थानाध्यक्ष निर्मल तिवारी ने चौकीदारों से अपने क्षेत्रों में सतर्क निगरानी रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को देने की अपील की। कार्यक्रम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजकुमार सरोज, उपनिरीक्षक धर्मेंद्र चंदेल सहित थाना ईसानगर का समस्त पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा।

### पूर्व राज्यसभा सांसद ने 27 निर्धन ग्रामीणों को बांटे कंबल



मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज। पूर्व राज्यसभा सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय परिषद सदस्य जुगल किशोर ने कस्ता विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत सरैया में ग्राम प्रधान मदन शुक्ला के सौजन्य से अत्यंत निर्धन 27 ग्रामीणों को कंबल वितरित किए। इस अवसर पर जुगल किशोर ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा भारतीय जनता पार्टी की नीतियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि पार्टी का उद्देश्य समाज के आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाना है। कंबल वितरण कार्यक्रम के माध्यम से निर्धन महिलाओं एवं बुजुर्ग नागरिकों को सर्दी से राहत प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान मदन शुक्ला सहित क्षेत्र एवं ग्राम पंचायत के कई सम्भ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

### नव वर्ष पर खमरिया पुलिस रही सतर्क, क्षेत्र में लगातार गश्त से बना रहा सुरक्षा का माहौल



ईसानगर, खीरी, समृद्धि न्यूज। नव वर्ष के अवसर पर खमरिया थाना पुलिस पूरी तरह सतर्क दिखाई दी। 31 दिसंबर की रात से ही थाना क्षेत्र में प्रभावी पुलिस गश्त शुरू कर दी गई थी, जिससे नव वर्ष का आगमन पूरी तरह सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। खमरिया कस्बे सहित थाना क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों पर पुलिस टीम द्वारा लगातार भ्रमण किया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश राय स्वयं क्षेत्र में मौजूद रहकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे और अधीनस्थों को सतर्कता बरतने के निर्देश देते रहे।

गश्त के दौरान पुलिस द्वारा अज्ञात वाहनों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच की गई। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या लापरवाही न हो, इसके लिए पुलिस बल को विशेष दिशा-निर्देश दिए गए थे। पुलिस की सतर्कता एवं मुस्तैदी का असर यह रहा कि पूरे क्षेत्र में नव वर्ष का उत्सव शांतिपूर्ण माहौल में बिना किसी अप्रिय घटना के संपन्न हुआ।

# लखीमपुर की कराटे-वुशु टीम नेपाल रवाना

▸ भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय मैत्री कराटे चैंपियनशिप में करेंगे जिले का प्रतिनिधित्व



लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

जिले के लिए यह अत्यंत गर्व और सम्मान का विषय है कि शाओलिन खेल मार्शल आर्ट्स अकादमी, लखीमपुर (उत्तर प्रदेश, भारत) की ओर से लखीमपुर की कराटे-वुशु टीम नेपाल में आयोजित होने वाली टोंग इल मो दो संघ, नेपाल की भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय मैत्री कराटे प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रवाना हो गई है। यह प्रतियोगिता भारत और नेपाल के बीच मित्रता, सौहार्द और शांति का संदेश देने के साथ-साथ मार्शल आर्ट्स को बढ़ावा देने का कार्य करेगी।

यह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 02 जनवरी 2026 से 06 जनवरी 2026 तक नेपाल के धनगढ़ी स्थित खेल परिसर में आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश एवं भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए लखीमपुर खीरी की 23 सदस्यीय टीम प्रतिभाग करेगी और अपने कौशल का शानदार प्रदर्शन करेगी। लखीमपुर की टीम में विभिन्न विद्यालयों और अकादमी के प्रतिभाशाली खिलाड़ी शामिल हैं। स्कॉलर वर्ल्ड स्कूल के प्रखर यश 61 किलोग्राम भार वर्ग में, सनातन धर्म बालिका इंटर कॉलेज लखीमपुर की माही वर्मा 60 किलोग्राम भार वर्ग में, बी.एल. कॉन्वेंट स्कूल लखीमपुर के सुखदीप सिंह 50 किलोग्राम भार वर्ग में, मोहम्मद आमिर 32 किलोग्राम, अभिराज 25 किलोग्राम, विपिन 34 किलोग्राम, नैतिक वर्मा 52 किलोग्राम भार वर्ग में प्रतिभाग करेंगे।

शाओलिन खेल मार्शल आर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों में शिवांश हिंगे 22 किलोग्राम, कनिष्क सिंह 28 किलोग्राम, भव्य वर्मा 33 किलोग्राम, सार्थक पटेल 43 किलोग्राम, अजय 40 किलोग्राम, इंद्रेश चौहान 48 किलोग्राम, दक्ष रस्तोगी 44 किलोग्राम, हरमीत 47 किलोग्राम, अनादि मल्होत्रा 78 किलोग्राम, विवेक जायसवाल 60 किलोग्राम तथा सौरव राज 90 किलोग्राम भार वर्ग में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

महिला वर्ग में कृतिका विश्व ब्राह्मण 33 किलोग्राम, त्रिविका श्रीवास्तव 33 किलोग्राम, माही वर्मा 60 किलोग्राम तथा उन्नति श्रीवास्तव 62 किलोग्राम भार वर्ग में प्रतियोगिता में भाग लेंगी और जिले का नाम रोशन करेंगी।

टीम के सफल संचालन के लिए सौरव राज को टीम प्रशिक्षक, विवेक जायसवाल को टीम प्रबंधक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं जितेंद्र कुमार, शारीरिक शिक्षा अनुदेशक, अंतरराष्ट्रीय सहायक कराटे प्रशिक्षक एवं ब्लैक बेल्ट तृतीय डान, भारत की ओर से प्रशिक्षक के रूप में नेपाल जाएंगे। पूरे जिले को अपनी इस प्रतिभाशाली टीम से शानदार प्रदर्शन और पदक जीतने की उम्मीद है। यह प्रतियोगिता न केवल खेल प्रतिभा का प्रदर्शन होगी, बल्कि भारत और नेपाल के बीच मित्रता को और मजबूत करने का माध्यम भी बनेगी।



### राष्ट्रीय शौर्य समृद्धि 251 कुण्डीय विराट गायत्री महायज्ञ का आगाज

निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज। राष्ट्रीय शौर्य समृद्धि 251 कुण्डीय विराट गायत्री महायज्ञ का आगाज भव्य मंगल कलश यात्रा के साथ हुआ। इसमें नारीशक्ति का अद्भुत उत्साह देखने को मिला। आसपास के गांवों के साथ ही दूरस्थ गांवों की महिलाओं, बच्चियों ने बड़ी ही सादगी के साथ के कलशयात्रा में शामिल हुई। गांवों से ट्रैक्टर ट्रालियों से आटो रिक्शा कार सहित अन्य संसाधनों से सुबह से ही कार्यक्रम स्थल पर भारी भीड़ जुटनी शुरू हो गई।साल के पहले दिन से शुरू हुए इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में नारीशक्ति ने बढ़–चढ़कर सहभागिता की। शांतिकुंज हरिद्वार से आई टोली ने वैदिक मंत्रोच्चार के बाद कलश शोभायात्रा की शुरुआत कराई। अपराह्न पौने एक बजे कलशयात्रा को अभिषेक कुमार विभाग प्रचारक, आदर्श खण्ड प्रचारक , जितेन्द्र खण्ड कार्यवाहक, वाशुदेव मौर्य जिला प्रभारी भाजपा , विनोद लोधी देवेंद्र कुमार सहित अन्य गणमान्य लोगों ने हरी झंडी दिखाकर कलशयात्रा को सरयू नदी मोटे बाबा के लिए रवाना हुई। ढोल नगाड़ों के साथ बड़ी बड़ी झांकियों के साथ गाजे–बाजे के साथ दो लाइनों में नारीशक्ति ने कलश धारण कर सरयू नदी स्थित मोटे बाबा से जलभर यज्ञस्थल पर कलश स्थापित किया।इस दौरान सड़कों पर महिलाओं की लंबी कतारे और भक्तिमय माहौल से पूरा इलाका सराबोर हो गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। कोतवाल महेशचंद सहित कोतवाली पुलिस चप्पे चप्पे पर डटी रही।

# नए वर्ष पर क्षेत्रीय विधायक ने कार्यकर्ताओं ने पुष्प भेंट कर दी शुभकामनाएं

नरैनी/बांदा, समृद्धि न्यूज।



नए वर्ष की धूम पूरे क्षेत्र में देखने को मिली।इसी क्रम में क्षेत्रीय विधायक ने नए वर्ष का पर सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को पुष्प भेंट कर दी।साथ ही सामूहिक भोज में शामिल होकर बुंदेली व्यंजनों का स्वाद लिया।

गुरुवार के दिन चारों तरफ क्षेत्र में नए वर्ष का गुबार दिखा। पिकनिक इसॉट कालिंजर दुर्ग में काफी भीड़भाड़ देखी गई।यहां पर लोग सुबह से नीलकंठ महादेव के दर्शन के लिए जाते दिखे मंदिर में पहुंच कर महादेव की पूजा अर्चना की।साथ ही पूरे वर्ष को मंगलमय बनाए जाने की कामना की। इस दौरान कालिंजर दुर्ग पर किले के ऊपर जाने वाले वाहनों का तांता लगा रहा। कई बार मुख्य रास्ते पर जाम भी लोगो को जूझना पड़ा।इसी क्रम में क्षेत्रीय विधायक ओम मणि वर्मा ने सादगी पूर्ण तरीके से न्यू ईयर्स का स्वागत किया।इस दौरान त्रिपाठी मरीज लान में हुए सामूहिक भोज कार्यक्रम में हिस्सा ले बुंदेली व्यंजनों का स्वाद लिया।इस दौरान मौजूद पार्टी कार्यकर्ताओ के साथ नए वर्ष का कार्यक्रम मनाया। सभी मौजूद कार्यकर्ताओं को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ गुढ़ा हनुमान मंदिर पहुंच माथा टेका।इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि राकेश दीक्षित, राजकिशोर वाजपेई,कुलदीप त्रिपाठी,पवन बाबू ,राघवेंद्र त्रिपाठी, पूर्व मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश पांडे,करुणाकर पांडे, शरद तिवारी ,लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी,संदीप त्रिपाठी, हरीराम कबीर बेदी,सुनील पांडे,नितेश सिंह भदौरिया,सहित तमाम पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### नववर्ष के शुभ अवसर पर जरूरतमंदों को किया वृहद कम्बल वितरण

बांदा, समृद्धि न्यूज। रक्तदान से लोगो की जान बचाने में सक्रिय सेवर्स आफ लाइफ संगठन इन दिनों जरूरतमंदों को ठंड से बचाने के लिए कंबल बाट रहा है। गुरुवार को मर्दन नाका स्थित नगर पालिका के बारात घर में सगठन के बैनर तले एक सैकड़ा जरूरतमंद लोगों को कम्बल बाटे गए। मुख्य अतिथि इरफान उल्ला खां (उप जिलाधिकारी) बांदा, माया शंकर (एडीएम न्यायिक) बांदा, विशिष्ट अतिथि डाक्टर प्रज्ञा प्रकाश (स्त्री एवम् प्रसूति रोग विशेषज्ञ) रंजीत कुमार (मेडिकल कालेज बांदा) वा संगठन के संरक्षक डा. मोहम्मद रफीक, डाक्टर शबाना रफीक, डा. हर्ष भार्गव,डा. सादी जमा सहित सभी ने कंबल बाटे। डिप्टी कलेक्टर उपजिलाधिकारी ने सेवर्स ऑफ लाइफ के अध्यक्ष सलमान खान के कार्यों की सरहाना किया कम्बल वितरण के दौरान अध्यक्ष सलमान खान, कोषाध्यक्ष हाजी जीशान उल हक, सलाहकार,,(मीडिया प्रभारी)श्री सुनील सक्सेना, डॉ अरशद,अंसार सिद्दीकी,अब्दुल रहीम,मंतशा, रिचा रैकवार,शादाब अहमद,फरहान अली, इमरान अली,इरशाद हुसैन,मौलाना उमैर,वार्ड मेंबर जुगनू, रज्जाक आदि लोग मौजूद रहे।

### अधिवक्ताओं ने धूमधाम से मनाया भाजपा जिलाध्यक्ष का जन्मदिवस



बांदा, समृद्धि न्यूज। भाजपा के जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत का जन्मदिन जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों व सदस्यों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया स जिला अधिवक्ता संघ भवन के सभागार में आयोजित जन्मोत्सव कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत द्वारा केक काटा गया तत्पश्चात सभी अधिवक्ताओं ने उनको माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर जन्मदिन की बधाई व शुभकामनायें दी स इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष द्वारिकेश मंडेला ने अपने सम्बोधन मैं कहा कि आज बड़े ही सौभाग्य की बात है कि आज भाजपा जिलाध्यक्ष के जन्मदिन के साथ साथ नया वर्ष का भी पहला दिन है पार्टी ने बहुत ही सरल, कर्त्तव्यनिष्ट व मेहनती कार्यकर्त्ता को जिलाध्यक्ष बनाया है उम्मीद है कि जनसेवा में खरे उतरेंगे स संघ के सचिव मनोज निगम लाला ने जिलाध्यक्ष के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत एक राजनैतिक व्यक्ति ही नहीं हैं वल्कि हर वर्ग से जुड़े एक लोकप्रिय समाजसेवी हैं स वे कई बार नगर पालिका के सभासद रहे स इसके अलावा पार्टी मैं भी कई दायित्यों मैं रहकर समाजसेवा की है स अंत मैं जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि अधिवक्ता समाज का महत्वपूर्ण अंग है।

आज मेरे जन्मदिन पर बधाई देने के लिए मैं उनका आभार व्यक्त करता हूँ स हर संघर्ष के समय उनके साथ खड़ा रहूँगा स कार्यक्रम में संघ के कोषाध्यक्ष राजीव गुप्ता, अमर सिंह यादव, चंद्रजीत यादव, नवीन मिश्रा, हरकरण पाल, अजय सिंह, संजय श्रीवास्तव, शिवकुमार, महेश प्रताप सिंह तोमर, नवीन अग्निहोत्री, विजय शंकर शुक्ला आदि अधिवक्ता शामिल रहे।

# मंडलायुक्त ने किया राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ

▸ मडलीय एवं जनपद स्तर के सभी अधिकारी रहे उपस्थित

बांदा, समृद्धि न्यूज।



सड़क दुर्घटनाओं पर कमी लगाये जाने के उद्देश्य 1 से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह आयोजित किये जाने के निर्देश के अनुपालन में परिवहन विभाग द्वारा आज महाराणा प्रताप चौक, बाँदा में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का भव्य उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि अजीत कुमार (आई.ए.एस.) मण्डलायुक्त, चित्रकूटधाम मण्डल, बाँदा द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह को श्जीरो फैटिलिटी माहश् के रूप में मनाये जाने हेतु उपस्थित आमजनमानस को हेलमेट /सीटबेल्ट लगाकर वाहन चलाने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, रांग साइड ड्राइविंग न करने, कोहरे में सावधानी पूर्वक वाहन चलाने एवं ओवरस्पीडिंग न करने का संदेश देकर सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया। मण्डलायुक्त महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि सड़क दुर्घटनाओं में ज्यादातर मृत्यु 18 वर्ष से 35 वर्ष की आयु के लोगों की होती है, जो कुल मृतकों की संख्या का 53 प्रतिशत है। सरकार की मंशा के अनुरूप 05 वर्ष के भीतर मृत्युदर में 50 प्रतिशत की कमी लायी जाये। मण्डलायुक्त महोदय द्वारा निर्देश दिये गये हैं कि जनवरी माह में आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों का अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार होर्डिंग, पम्पलेट, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड, प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया एवं सोशल मीडिया के माध्यम से किया जाये। स्कूल / कालेज / संस्थानों में छात्र–छात्राओं एवं ग्रामीण स्तर पर ग्राम सभाओं एवं जनप्रतिनिधियों के माध्यम से भी विशाल स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम का संचालन किया जाये। परिवहन विभाग के अधिकारियों को सरकार द्वारा संचालित राहवीर योजना, सोलेशियम स्कीम (हिट एण्ड रन) एवं कैशलेश उपचार योजना का प्रचार–प्रसार करते हुए लोगों को अधिकाधिक लाभ दिये जाये तथा नो हेलमेट नो फ्यूल एवं नो हेलमेट नो एन्ट्री अभियान को सम्बन्धित विभागों द्वारा प्रभावी ढंग से लागू किया जाये। विशिष्ट अतिथि राजेश एस (आई.पी.एस.) पुलिस उप महानिरीक्षक, चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बाँदा द्वारा उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी गयी। अंत में आमजनमानस को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किये जाने हेतु मण्डलायुक्त महोदय द्वारा स्लोगन युक्त प्रचार वाहनों व बाइक रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त बाइक रैली महाराणा प्रताप चौराहा से प्रारम्भ होकर कालु कुँआ, बाबूलाल चौराहा राइफल क्लब मैदान पर जाकर सम्पन्न हुई। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के उद्घाटन कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जे. रीभा (आई.ए.एस.) जिलाधिकारी एवं पलास बंसल (आई.पी.एस.) पुलिस अधीक्षक उपस्थित रहे साथ ही सौरभ कुमार, आर.टी.ओ, उदयवीर सिंह, आर.टी.ओ. (प्रवर्तन) चित्रकूटधाम सम्भाग बाँदा, श्यामलाल, ए.आर.टी.ओ., गुलाब चन्द्र, ए.आर.टी.ओ., वीरेन्द्र नाथ राजभर, पी.टी.ओ, आर. के. सिंह, अधिशासी अभियंता, लोनिवि, दिनेश कुमार, डी. आई.ओ.एस, संजय मिश्रा, टी.आई., पीयूष मिश्र, मण्डलीय मास्टर ट्रेनर सड़क सुरक्षा , सुनील सक्सेना सदस्य सड़क सुरक्षा समन्वयक समिति( संगठन महामंत्री रोटी बैंक सोसाइटी),एनसीसी कैडेट के छात्र, ट्रांसपोर्ट यूनियन के पदाधिकारीगण जयराम सिंह, जय सिंह, संतोष पटेल, मयंक गुप्ता आदि तथा भारी संख्या में आमजनमानस के लोग उपस्थित रहे।

# निःशुल्क कोचिंग सेंटर का शुभारंभ

▸ पूर्व विधायक दलजीत सिंह ने किया उद्घाटन

जसपुरा/बांदा, समृद्धि न्यूज।



जसपुरा क्षेत्र के गड़रिया गांव में गुरुवार को दिव्य पातालेश्वर धाम निःशुल्क कोचिंग सेंटर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक दलजीत सिंह ने फीता काटकर कोचिंग सेंटर का उद्घाटन किया। जसपुरा ब्लॉक में निःशुल्क कोचिंग सेंटर खुलने से क्षेत्र के ग्रामीणों में खुशी और उत्साह का माहौल रहा।

कोचिंग सेंटर के संचालक दीपक शर्मा तथा सह-संचालक राजेश परिहार हैं। इनके साथ राज द्विवेदी, रामकुमार निषाद, अंकित तिवारी, सतीश वर्मा, प्रफुल्ल तिवारी, रामजी सिंह, श्रवण तिवारी, मुलायम यादव सहित कई लोग सहयोगी के रूप में जुड़े हैं। कोचिंग में क्षेत्र के प्रबुद्ध लोग निःशुल्क पार्ट टाइम पढ़ाकर छात्र-छात्राओं को शिक्षा देंगे, ताकि आर्थिक अभाव के कारण पढ़ाई से वंचित बच्चों को आगे बढ़ने का अवसर मिल सके। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक दलजीत सिंह ने इस सामाजिक पहल की सराहना की और कहा कि शिक्षा ही समाज को सशक्त बनाने का सबसे मजबूत माध्यम है।

उन्होंने कोचिंग सेंटर को हर संभव सहयोग देने का भरोसा भी दिलाया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्रधान परशुराम प्रजापति (टेणा) ने किया। इस अवसर पर देवेंद्र द्विवेदी, तोप सिंह पूर्व प्रधान ,आशुतोष सिंह, राजकमल प्रजापति, नोखेलाल प्रधान, जगरूप यादव सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। कोचिंग संचालक दीपक शर्मा ने पूर्व विधायक दलजीत सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। नववर्ष के अवसर पर पूर्व विधायक के करकमलों द्वारा शिक्षकों को डायरी व पेन भेंट किए गए। वहीं दीक्षा तिवारी, पारुल शर्मा, किरण गुप्ता, सुमइया सहित बच्चियों तथा मुन्ना प्रसाद, वीरेंद्र तिवारी, राजेश यादव को भी उपहार दिए गए। संचालक दीपक शर्मा ने बताया कि कोचिंग सेंटर में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी। इसके साथ ही मोहल्ले व आसपास के कक्षा 1 से 5 तक के छोटे बच्चों को भी निःशुल्क पढ़ाया जाएगा। ग्रामीणों ने इस पहल को क्षेत्र के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक सराहनीय कदम बताया।